CMYK

तापमान अधिकतम :28°C न्यूनतम: 14°C

सेंसेक्स 75,449.05 निफ्टी 22,907.60

सोना 91,000 चांदी 1,05,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 20 मार्च 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 68 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 19 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## मथुराः श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद

# हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष पर लगाया पांच हजार का हर्जाना

**प्रयागराज।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा व शाही ईदगाह विवाद मामले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग और भारत संघ को पक्षकार बनाने के लिए हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल संशोधन अर्जी को हाईकोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। साथ ही हिंदू पक्ष पर पांच हजार रुपये हर्जाना लगाया है।

यह राशि प्रतिवादी उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल बोर्ड को देय होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की पीठ ने दिया। सूट नंबर एक के याची भगवान श्रीकृष्ण विराजमान



और कटरा केशव देव और सूट नंबर 16 के याची देवता भगवान श्री कृष्ण लला विराजमान की ओर से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को और भारत संघ को पक्षकार बनाने की मांग की थी। सूट नंबर एक के अधिवक्ता हरिशंकर जैन की संशोधन अर्जी पर मुस्लिम के साथ ही हिंदू पक्षकारों ने विरोध जताया था। अर्जी को रद्द करने की मांग की थी। पांच मार्च को सुनवाई के बाद कोर्ट ने ऑर्डर रिजर्व कर लिया था। अब कोर्ट ने ऑर्डर जारी कर संशोधन अर्जी को हर्जाने के साथ स्वीकार कर लिया है। इसी तरह की मांग सूट नंबर 16 के याचिकाकर्ता देवता भगवान श्री कृष्ण लला विराजमान ने भी मांगी थी। हाईकोर्ट में हुई सुनवाई में मुस्लिम पक्षकारों के साथ ही कई हिंदू पक्षकारों ने भी सूट नंबर एक के वकील हरिशंकर जैन की अर्जी पर ऐतराज जताया था।

# थरूर ने फिर की मोदी सरकार की तारीफ

- कहाः भारत आज ऐसी स्थिति में है, जो रूस और यूक्रेन के बीच शांति स्थापित कर सकता है
- पार्टी नेता के बयान पर कांग्रेस असहज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मोदी सरकार की तारीफ की है। थरूर ने कहा कि भारत आज ऐसी स्थिति में है, जो रूस और यूक्रेन के बीच शांति स्थापित कर सकता है। भारत के पास ऐसा प्रधानमंत्री है, जो वोलोदिमिर जेलेंस्की और व्लादिमीर पुतिन दोनों को गले लगा सकता है। हम दोनों जगहों (रूस और यूक्रेन) पर स्वीकार किए जाते हैं। उधर अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेता शशि थरूर के बयान से कांग्रेस असहज नजर आई।

थरूर के इस बयान को लेकर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि थरूर ने सच बोला है। उम्मीद है राहुल गांधी उनके खिलाफ कोई



एक्शन नहीं लेंगे। उधर पत्रकारों के सवाल पर कांग्रेस सांसद ने कहा कि मेरा कमेंट खुद ही सब कुछ कहता है। इसमें नया जोड़ने की जरूरत नहीं है। सांसद शशि थरूर ने इस बात की भी संभावना जताई कि अगर रूस और यूक्रेन के बीच बातचीत के जरिये शांति स्थापित होती है, तो भारत शांति सैनिकों को भेज सकता है। चूंकि रूस ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे नाटो देशों से संबंधित यूरोपीय शांति सैनिकों को स्वीकार नहीं करेंगे, इसलिए शांति सैनिकों के लिए यूरोप से बाहर के देशों पर निर्भर रहना होगा।

## 19वां रोज़ा

### मगफिरत के लिए अल्लाह के जिक्र पर जोर देता है रोज़ा



कुरआने-पाक में अल्लाह का इरशाद है- सो तुम मुझे याद किया करो, मैं तुम्हें याद किया करूंगा और मेरा अहसान मानते रहना और नाशुक्री नहीं करना। इस आयत की रोशनी में मगफिरत के अशरे को तो समझा ही जा सकता है, साथ में उन्नीसवें रोज़े की खासियत और फजीलत का भी बयान किया जा सकता है। मगफिरत का अशरा अल्लाह के ज़िक्र पर जोर देता है। इसलिए उन्नीसवां रोज़ा अल्लाह की मुसलसल याद है और रोज़ेदार के लिए दुआ की मुकम्मल फरियाद है। आयत में अल्लाह का वादा भी तो जाहिर हो रहा है। अल्लाह का ये वादा सो तुम मुझे याद किया करो, मैं तुम्हें याद किया करूंगा, सिर्फ इशारा नहीं है, बल्कि ज़ाहिर कौल है और करार है। अल्लाह चूंकि रहीम है इसलिए उसने रहम फरमाया है, नरमी बरती है और फिर कहा कि मेरा अहसान मानते रहना और नाशुक्री नहीं करना, तो ये हुक्म तो है यानी आर्डर तो है मगर इसमें भी अल्लाह ने फज़ल की गारंटी पहले दिए गए कौल में दे दी है।




# अंतरिक्ष में अमिट छाप छोड़ आई सुनीता

## सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने नौ महीने 14 दिन बाद धरती पर रखा कदम

**फ्लोरिडा, वार्ता**

**आठ दिनों** के लिए संयुक्त क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन पर गईं और तकनीकी कारणों से करीब नौ माह तक अंतरिक्ष में 'फंसी' रहीं भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के बुधवार तड़के धरती को आलिंगन करते ही उनकी सुरक्षित वापसी के लिए कई घंटों से 'दिल थामे' टकटकी लगाए विश्वभर में लोगों की आंखें खुशियों से छलछला गईं और इसके साथ ही, अंतरिक्ष विज्ञान में 19 मार्च स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया।

'अंतरिक्ष परी' सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने नौ महीने 14 दिन बाद बुधवार को धरती पर कदम रखा। उनका ड्रैगन फ्रीडम स्पेसक्राफ्ट भारतीय समयानुसार बुधवार तड़के 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट पर लैंड हुआ। इस मौके पर एक और सुंदर नजारा देखने को मिला। ड्रैगन के स्प्लैशडाउन होते ही कई डॉल्फिन मछलियों ने उसे घेर लिया। इस दौरान डॉल्फिन का झुंड अंतरिक्ष यान के चारों ओर तैरने लगा जैसे वे 'अंतरिक्ष परी' के लिए स्वागत गीत गा रही हों। दोनों अंतरिक्ष यात्री बोइंग और नासा के आठ दिन के ज्वॉइंट 'क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन' पर गए थे, लेकिन स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट के थ्रस्टर्स में तकनीकी समस्या के कारण इनकी आठ दिन की यात्रा नौ माह 14 में तब्दील हो गई। स्पेसएक्स कैप्सूल ने अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स, बुच विल्मोर तथा निक हेग और रूसी अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोर्बुनोव को फ्लोरिडा तट के पास अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से चार पैराशूट का उपयोग करके सुरक्षित रूप से वापसी की। नासा द्वारा निर्धारित समय पर जैसे ही ड्रैगन ने स्प्लैशडाउन किया अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और इस चमत्कृत करने वाले दृश्य का सीधा प्रसारण देख रहे लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। भारत के कई राज्यों में सुनीता विलियम्स की -शेष पृष्ठ दो पर

REEL SHARED ON MAR 19, 2025
BY @SHAHTIMESNEWS

- ड्रैगन फ्रीडम स्पेसक्राफ्ट बुधवार तड़के 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट पर लैंड हुआ



### मोदी, बिरला ने सुनीता विलियम्स की वापसी पर जताई खुशी, दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की जटिल परिस्थितियों के बीच धरती पर सकुशल वापसी से भारत में खुशी का महौल है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित देश के शीर्ष नेतृत्व ने सुनीता विलियम्स, साथ लौटे अंतरिक्ष यात्रियों और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा को शुभकामनाएं और बधाई दी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सुनीता और अंतरिक्ष स्टेशन के साथी यात्रियों की वापसी पर बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि क्रू-9, आपका स्वागत है! पृथ्वी को आपकी याद आई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एक संदेश में कहा कि नासा और क्रू-9 मिशन की सुरक्षित वापसी के पीछे की अविश्वसनीय टीम को हार्दिक बधाई!

# UPI से लेन-देन पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- केंद्र सरकार ने गूगल पे के मुकाबले यूपीआई पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए 1,500 करोड़ रुपये के अनुमानित इंसेंटिव स्कीम को मंजूरी दी
- व्यापारियों को दो हजार रुपये तक के लेन-देन के लिए प्रति लेन-देन मूल्य पर 0.15 प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी

**नई दिल्ली।** यूपीआई से पेमेंट लेने पर कारोबारियों को बड़ा फायदा होने वाला है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए। इसमें भीम यूपीआई से लेन-देन करने पर प्रोत्साहन राशि देने का ऐलान किया गया। सरकार ने यूपीआई पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए इंसेंटिव (प्रोत्साहन) योजना शुरू की है, जिससे डिजिटल भुगतान को बढ़ावा मिलेगा और कम मूल्य वाले यूपीआई लेनदेन को प्रोत्साहित किया जाएगा।

दरअसल,वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई लेनदेन जो किसी व्यक्ति से व्यापारी या मर्चेंट यानी पीटीएम को किए गए हैं, उनको बढ़ावा देने के लिए 1,500 करोड़ रुपये के अनुमानित इंसेंटिव स्कीम को मंजूरी दी है। यह योजना एक अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक चलेगी। सरकार इस योजना पर लगभग 1,500 करोड़ रुपये खर्च करेगी। सरकार का उद्देश्य वित्त वर्ष 2024-25 में 20,000 करोड़ का लेन-देन पूरा करना है। पेमेंट सिस्टम ठीक रखने वालों की मदद करना। छोटे शहरों और गांवों तक यूपीआई को फैलाना। सिस्टम को चालू रखना और खराबी कम करना। सरकार डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। पहले, रूपे डेबिट कार्ड और भीम-यूपीआई लेन-देन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट जीरो कर दिया गया था। अब, इस नई इंसेंटिव योजना से दुकानदारों को यूपीआई पेमेंट लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। सरकार के मुताबिक दुकानदारों के लिए आसान, सुरक्षित और तेज पेमेंट मोड आज के जमाने में यूपीआई है। इससे पेमेंट करने पर आपके साथ ही पैसे सीधे बैंक खाते में आएंगे। बिना किसी अतिरिक्त खर्च के यूपीआई सर्विस का लाभ मिलेगा। डिजिटल लेन-देन का रिकॉर्ड बनेगा, जिससे लोन मिलने में आसानी होगी। वहीं, ग्राहकों के लिए आसानी से पेमेंट करने की सुविधा, कोई एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लगेगा। केंद्रीय मंत्री -शेष पृष्ठ दो पर

## संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन को केंद्र की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने पशुधन क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन को मंजूरी देते हुए इसके लिए 3400 करोड़ रुपये का व्यय निर्धारित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस प्रस्ताव में पशुधन क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत केंद्रीय क्षेत्र घटक के रूप में संशोधित मिशन का क्रियान्व्यन 1000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय के साथ किया जा रहा है, जो 2021-22 से 2025-26 तक 15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान कुल 3400 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। मिशन के साथ दो नई गतिविधियां जोड़ी गई हैं । पहली गतिविधि में कुल 15000 बछियों के लिए सुविधाओं के निर्माण को लेकर बछिया पालन केंद्रों की स्थापना के लिए पूंजीगत लागत का 35 प्रतिशत एकमुश्त सहायता का प्रावधान है। दूसरी गतिविधि में किसानों को उच्च आनुवंशिक योग्यता (एचजीएम) आईवीएफ बछिया खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना शामिल है।

### आईएसआई के लिए जासूसी करने वाला विकास गिरफ्तार

**कानपुर।** उप्र पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी (आईएसआई) को गुप्त जानकारी साझा करने के आरोप में कानपुर स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि पिछली 13 मार्च को फिरोजाबाद में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कर्मी रवीन्द्र कुमार को पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा को खुफिया जानकारी साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इसी क्रम में एटीएस को सूचना मिली थी कि कानपुर स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कानपुर में जूनियर वर्क्स मैनेजर पद पर कार्यरत कुमार विकास भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये नेहा शर्मा के संपर्क में है और ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की गोपनीय जानकारी उसे भेज रहा है।

### यौन शोषण के आरोपी सीतापुर सांसद जेल से रिहा

**सीतापुर।** महिला नेता से यौन शोषण के आरोप में जेल में बंद सीतापुर के कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को 49 दिनों बाद रिहाई मिल गई। बुधवार सुबह 8 बजे सीतापुर जेल से सांसद हाथ जोड़ते हुए बाहर निकले। सीधे फॉर्च्यूनर में बैठे और आवास पहुंच गए। यहां पत्नी और घरवालों से मिले, तो उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। सांसद ने कहा कि मामले में एफआईआर से लेकर रिहाई तक पेंच ही पेंच हैं। दोषियों के चेहरे बेनकाब होंगे। सच्चाई जनता के सामने आएगी।

# 'आप' नेता सत्येंद्र जैन पर भ्रष्टाचार का एक और बड़ा केस दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- 571 करोड़ के सीसीटीवी प्रोजेक्ट में घोटाला किया, एंटी करप्शन ब्यूरो का आरोप, सात करोड़ रिश्वत ली

**नई दिल्ली।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने 'आप' नेता और पूर्व विधायक सत्येंद्र जैन के खिलाफ दिल्ली में 571 करोड़ रुपये के सीसीटीवी प्रोजेक्ट घोटाले में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया है।

ज्वॉइंट कमिश्नर और एसीबी चीफ मधुर वर्मा के मुताबिक, सत्येंद्र जैन ने दिल्ली में सीसीटीवी कैमरे लगाने में देरी के लिए बीईएल पर लगाए गए 16 करोड़ रुपये के जुर्माने को मनमाने ढंग से माफ कर दिया। इसके बदले जैन ने 7 करोड़ रुपये की रिश्वत ली थी। सीसीटीवी प्रोजेक्ट में इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड कंपनी ने कैमरे इंस्टाल करने में गड़बड़ी की थी। प्रोजेक्ट खत्म होने तक ज्यादातर कैमरे खराब पाए गए थे। सत्येंद्र जैन इस प्रोजेक्ट के नोडल ऑफिसर थे। जांच के दौरान बीईएल के एक अधिकारी ने गड़बड़ी की शिकायत की, जिससे आरोपों की पुष्टि हुई। आगे के सबूतों के लिए पीडब्ल्यूडी और बीईएल के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। अगस्त 2019 में दिल्ली के 70 विधानसभा क्षेत्रों में 1.4 लाख सीसीटीवी कैमरे लगाने में हुई देरी के कारण बीईएल पर ये जुर्माना पिछली आप सरकार ने लगाया था।

# बदायूं में मासूम की हत्या के दोषी को होगी फांसी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- अदालत ने महज चार महीने में सुनाई सजा
- एक लाख 75 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**बदायूं।** उप्र में बदायूं जिले की विशेष अदालत ने सात वर्ष की मासूम के साथ दुष्कर्म के प्रयास में विफल रहने पर उसकी हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को फांसी की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट दीपक कुमार यादव की अदालत ने मामले की सुनवाई महज चार महीने में पूरी कर दोषी को फांसी की सजा और एक लाख 75 हजार रुपये जुर्माना भरने का आदेश दिया है।

विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र सिंह एवं प्रदीप भारती ने बताया कि यह पूरा मामला बिल्सी कस्बे का है जहां 18 अक्टूबर 2024 को सात वर्ष की बच्ची अपने घर से सब्जी लेने गई थी और वापस नही लौटी। परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी, तो पुलिस ने एक खंडहर नुमा मकान से बच्ची का शव बरामद किया था। बिल्सी नगर में लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर आरोपी जाने आलम की पहचान कर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले में कोर्ट ने चार महीने में सुनवाई पूरी करते हुए आरोपी जाने आलम को फांसी की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 175000 का जुर्माना भी लगाया गया है।

# बिल गेट्स ने की भाजपा अध्यक्ष नड्डा से मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- गेट्स ने स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत द्वारा निर्धारित महत्वाकांक्षी लक्ष्यों की सराहना की

**नई दिल्ली।** बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के संस्थापक बिल गेट्स ने बुधवार को यहां भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात की।

श्री नड्डा ने संसद भवन स्थित अपने कार्यालय में हुई इस मुलाकात में गेट्स फाउंडेशन के साथ साझीदारी में भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में विशेष रूप से मातृ स्वास्थ्य, टीकाकरण और स्वच्छता के क्षेत्रों में हासिल उपलब्धियों की सराहना की। श्री गेट्स ने स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत द्वारा निर्धारित महत्वाकांक्षी लक्ष्यों की सराहना की और इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भारत के साथ साझीदारी करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने निदान और दवाओं की लागत को कम करने, दुनिया भर में सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं को



सक्षम करने में भारत द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। सूत्रों के अनुसार दोनों पक्ष साझीदारी को जारी रखने के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग के ज्ञापन को नवीनीकृत करने के लिए तत्पर हैं।



# राज्यसभा में गडकरी व खड़गे में चले शब्दबाण

## विकास के लिए फंड नहीं: कांग्रेस, मेरे काम में कोई अड़चन नहीं: गडकरी

**नई दिल्ली, वार्ता**



राज्यसभा में बुधवार को कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी में खूब शब्दबाण चले। खड़ने पूरक सवाल में केंद्रीय सड़क और परिवहन मामलों के मंत्री पर आरोप लगाया कि विकास के लिए उनके पास फंड नहीं है और उन्हें हर काम के लिए पीएम कार्यालय की अनुमति लेनी होती है। खड़गे के सवाल पर नितिन गडकरी ने साफ कहा कि उन्हें जो अधिकार दिए गए हैं, उसमें कोई अड़चन नहीं है। इस मुद्दे पर दोनों नेताओं के बीच हल्का वाद-विवाद भी हुआ।

खड़गे ने पूरक सवाल में कहा कि मैं मंत्रीजी को शायद इतने पत्र लिख चुका हूं। प्रधानमंत्री को भी बहुत से पत्र लिखे हैं। बार-बार यहां उठाना और कहना, अच्छा नहीं दिखता है। उन्होंने कहा कि हर तीन महीने या छह महीने पर एक पत्र लिखता रहता हूं। पीएम को भेजता रहता हूं, मैं सराहना करता हूं कि कुछ काम है तो आप बुलाकर भी काम करते हैं। कोई नया स्कीम आता था तो पूछते थे। गुलबर्ग से बेंगलुरु , शोलापुर से बेंगलुरु के सड़कों को लेकर कोई विकास नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर आग्रह भी किया। मीटिंग भी किया, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पहले आपके पास जब पावर था, तब रोड का काम तेजी से होता था, लेकिन अब काम में देरी होती है। अब हर काम के क्लीयरेंस के लिए पीएम ऑफिस जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि आपके पास पैसे नहीं है। उसके लिए भी पीएम ऑफिस के तरफ देखना पड़ता है, लेकिन पता नहीं ये बात कितना सही है या नहीं है कि आजकल राष्ट्रीय सड़कों के नंबरिंग का काम भी पीएमओ ही करता है। फंड असम के प्रोजेक्ट को दिए होंगे। फंड इसके पास नहीं है, काम है, उसको नहीं दे रहे हैं। कहते हैं कि आप जमीन दो, मैं काम करूंगा। कम से कम जितने भी काम हैं, कंप्लीट करें। इस पर नितिन गडकरी ने जवाब दिया कि कोई हाइवे को नंबर देने की फाइल पीएम को नहीं जाती। प्रधानमंत्री ने मुझे नियुक्त किया है। मुझे जो उन्होंने अधिकार दिया है, मेरे उस अधिकार के काम में कोई भी अड़चन नहीं है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में सड़कों के निर्माण में दिक्कतें जमीन अधिग्रहण को लेकर है।

# यूपी में 16 आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर

**लखनऊ।** यूपी में एक बार फिर आईपीएस के तबादले और नई जिम्मेदारी दी गई है। इनमें 16 अधिकारी शामिल हैं। लखनऊ, प्रयागराज सहित अन्य जिलों के16 आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। इनमें कुछ अधिकारियों को उसी जिले में प्रमोशन देकर दूसरी जिम्मेदारी दी गई है, जबकि अलीगढ़, गोरखपुर और आजमगढ़ से अफसरों को दूसरे जिलों में नई जिम्मेदारी के साथ तबादला किया गया है।

आईपीएस अंजलि विश्वकर्मा जो कानपुर नगर की सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) थीं, अब उन्हें अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (एडीसीपी) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं शैव्या गोयल नोएडा कमिश्नरेट की एडीसीपी बनी हैं। ये भी पहले यहां एसीपी थीं। इसके अलावा आईपीएस आदित्य आगरा कमिश्नरेट एडीसीपी बन गए हैं। आईपीएस कुंवर आकाश सिंह मुरादाबाद ग्रामीण के अपर पुलिस अधिक्षक बन गए हैं। अनंत चंद्रशेखर जोकि आजमगढ़ के सहायक पुलिस अधीक्षक थे, इन्हें चंदौली का अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। आईपीएस किरन यादव लखनऊ की एसीपी थीं, उन्हें अब लखनऊ का ही अतिरिक्त पुलिस आयुक्त बनाया गया है। इसके अलावा अलीगढ़ के अपर पुलिस अधीक्षक अमृत जैन बन गए हैं। पहले यहीं पर अमृत प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक थे। वहीं, अंशिका वर्मा दक्षिणी बरेली की अपर पुलिस अधिक्षक बनाई गई हैं। कानपुर पुलिस कमिश्नरेट के अमरेंद्र सिंह एडीसीपी बन गए हैं। इससे पहले ये मुरादाबाद में सहायक पुलिस अधीक्षक थे।

# राष्ट्र सर्वोपरि रखकर लक्ष्य हासिल करें

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने देश के लोगों से किया आह्वान

**नई दिल्ली, वार्ता**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोगों से आह्वान किया है कि वे मेजर बॉब खाथिंग के सिद्धांत के अनुरूप सदैव राष्ट्र को सर्वोपरि रखें, एकजुट रहें, ईमानदारी के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करें तथा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निडरता से आगे बढ़ें।

सिंह ने बुधवार को यहां असम राइफल्स और यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया (यूएसआई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित मेजर बॉब खालथग स्मृति कार्यक्रम के पांचवें संस्करण को संबोधित करते हुए यह बात कही। रक्षा मंत्री ने मेजर बॉब खाथिंग को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह ऐसे असाधारण व्यक्ति थे, जिन्होंने पूर्वोत्तर क्षेत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा में अमूल्य योगदान दिया। उन्होंने कहा कि भारत भाग्यशाली है कि यह ऐसे प्रमुख व्यक्तित्वों का घर है, जिनके लिए राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता सर्वोपरि है। उन्होंने मेजर खालथग को भारत का ऐसा महान सपूत बताया, जिन्होंने युद्ध के मैदान में अपनी बहादुरी और कूटनीति के क्षेत्र में कौशल के माध्यम से देश के इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्वों के आदर्शों और सिद्धांतों को अपनाना लोगों की जिम्मेदारी है। सिंह न केवल तवांग बल्कि पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के एकीकरण, विकास और पुनर्निर्माण में मेजर खाथिंग की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि मेजर बॉब खाथिंग ने राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पूर्वोत्तर के लिए उन्होंने जो काम किया, वह सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किए गए काम के समान है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि मेजर बॉब खाथिंग ने एक भी गोली चलाए बिना तवांग को भारत में कुशलता पूर्वक एकीकृत किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ऐसे क्रांतिकारियों के सिद्धांतों का पालन करती है। उन्होंने कहा कि हमने एक भी गोली चलाए बिना सबसे बड़ी बाधा 'अनुच्छेद 370' को हटाकर जम्मू-कश्मीर का भारत में पूर्ण विलय किया। सभी हितधारकों को ध्यान में रखते हुए पूरी सुरक्षा के साथ शांतिपूर्वक काम किया गया। रक्षा मंत्री ने मेजर खाथिंग की प्रशासनिक दक्षता, विशेष रूप से सशस्त्र सीमा बल और नागालैंड सशस्त्र पुलिस के गठन और ऐसे अन्य सुधारों में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

## संक्षिप्त समाचार

### सुनीता की वापसी पर खड़गे हुए खुश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स तथा उनके साथी यात्री की अंतरिक्ष से सुरक्षित वापसी पर खुशी जाहिर करते हुए बुधवार को कहा कि उनकी उपलब्धियों पर पूरी मानवता को गौरव है। खड़गे ने कहा कि पृथ्वी पर आपका स्वागत है, सुनीता विलियम्स। कांग्रेस की ओर से, मैं नासा के अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर के साथ आपकी सुरक्षित और सफल वापसी पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। आपके सुरक्षित समापन ने भारत के 1.4 अरब नागरिकों को राहत और उत्साह की भावना दी है, जिन्हें आपकी उपलब्धियों पर बहुत गर्व है। आपकी लचीलापन और उत्कृष्ट प्रतिबद्धता दुनिया भर के अंतरिक्ष उत्साही लोगों के लिए एक गहन प्रेरणा के रूप में काम करती है और मानवीय उपलब्धियों का प्रमाण है।

### राहुल से मिले एलआईसी एजेंट

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) एजेंटों के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों को लेकर आज यहां लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात करने के साथ ही रामलीला मैदान में जबरदस्त प्रदर्शन कर सरकार से जीवन बीमा संबंधित हाल में किए गए बदलावों को वापस लेने की मांग की। एलआईसी एजेंटों का प्रतिनिधित्व करने वाले चार अखिल भारतीय यूनियनों के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने संसद भवन में गांधी से मुलाकात की और कहा कि सरकार ने एजेंटों के प्रति न्याय नहीं कर रही है और उन पर शिकंजा कस रही है, जिसके कारण उन्हें दिक्कत हो रही है। उन्होंने गांधी से सरकार पर दबाव बनाने का आग्रह किया और कहा कि जो नए नियम थोपे गए हैं उन्हें वापस लिया जाना चाहिए।

### श्रीनगर में संदिग्ध आईईडी बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में बुधवार सुबह संदिग्ध देसी विस्फोटक उपकरण बरामद किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज पूर्वाह्न नौ बजे के करीब 'सन सेट प्वांइट' के नजदीक बांदीपोरा-श्रीनगर राजमार्ग खोलने के दौरान सुरक्षा बलों ने यह संदिग्ध विस्फोटक बरामद किया। तत्काल बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया तथा राजमार्ग पर यातायात की आवाजाही को बंद कर दिया गया।

## हमें नम्बर नहीं देखना, क्वालिटी पर फोकस होना चाहिए: योगी

# जनहित कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**लखनऊ, वार्ता**



- सीएम कमांड सेंटर का निरीक्षण किया व विभिन्न विभागों और परियोजनाओं की परफोरमेंस की जानकारी ली

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने लाल बहादुर शास्त्री भवन स्थित सीएम कमांड सेंटर का निरीक्षण किया और प्रदेश भर में विभिन्न विभागों और परियोजनाओं के परफॉर्मेंस की भी जानकारी ली। उन्होंने विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सिर्फ तीन कैटेगरीज ए, बी और सी के तहत विभागों और योजनाओं की मॉनीटलरग की जानी चाहिए। इसके तहत जिला स्तर पर प्रतिदिन, अल्टरनेट दिनों में, साप्ताहिक और पाक्षिक समीक्षा की जानी चाहिए। इसके लिए जिला स्तर पर अधिकारी की तैनाती की जाए, जो देखे कि रिपोर्ट में जो डेटा दिया जा रहा है वो कितना सही है। इसके बाद महीने में एक बार मंत्री स्तर पर समीक्षा की जाए और सभी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रस्तुत की जाएं। मुख्यमंत्री ने वरासत, लैंड यूज जैसी सुविधाओं के निर्धारण में समय सीमा का पालन करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में फ्लैगशिप स्कीम्स की प्रगति को ट्रैक व मॉनिटर करने के लिए एक रैंकिंग प्रणाली विकसित की गई है। इसमें क्वालिटी और स्पीड पर ध्यान देना आवश्यक है। जिन विभागों और परियोजनाओं की क्वालिटी और स्पीड कमजोर है, उसे बढ़ाने की आवश्यकता है। इसमें भी हमारा प्रयास होना चाहिए कि ये सभी कैटेगरी परफॉर्मेंस बेस्ड हों तथा सबकी जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। बेहतर परफॉर्मेंस करने वाले विभागों के विषय में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें नंबर नहीं देखना है, बल्कि हमारा फोकस क्वालिटी पर होना चाहिए। क्वालिटी और ट्रांसपेरेंसी दोनों आवश्यक है। उन्होंने एमएसएमई विभाग को निर्देश दिया कि ओडीओपी को आगे बढ़ाना होगा।

### प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त डाक्टरों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस (एनपीए) लेने के बावजूद प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त डाक्टरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एनपीए लेने वाले डॉक्टरों द्वारा निजी प्रैक्टिस किए जाने की सूचना पर नाराजगी जाहिर करते हुए विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों को प्राइवेट प्रैक्टिस की मनाही है। इसके लिए सरकार डॉक्टरों को हर महीने हजारों रुपए नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस (एनपीए) दे रही है। इसके बावजूद कुछ डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे हैं। प्रदेश के 17 डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त पाए गए हैं जिनमें बलरामपुर जिले में दस, हाथरस में छह और कुशीनगर के एक चिकित्साधिकारी शामिल है। इन डॉक्टरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

### भाजपा राज में महिलाएं असुरक्षित:सपा



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं के साथ अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और महिला सुरक्षा का मुद्दा सिर्फ भाजपाई नारों में सिमट कर रह गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाएं, बहन, बेटियां असुरक्षित हैं। हर दिन जिलों-जिलों में महिलाओं के साथ जघन्य घटनाएं हो रही हैं। कानून व्यवस्था बहुत खराब हो चुकी है। अपराधियों में पुलिस का डर नहीं रह गया है। महिला सुरक्षा और अपराध पर भाजपा सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। कानून व्यवस्था और अपराधों पर जीरो टॉलरेंस का राग अलापने वाली सरकार में महिला कर्मचारी और अधिकारी ही उत्पीड़न का शिकार हैं। यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में महिला सुरक्षा को लेकर कई काम हुए थे। वीमेन हेल्पलाइन 1090 सेवा शुरू की गई थी, जिसे महिलाएं अपने साथ होने वाली घटनाओं शिकायत करके सुरक्षा मांग सकती थी, लेकिन भाजपा सरकार में सब बर्बाद कर दिया। इसी तरह से इस सरकार में डायल 100 सेवा को भी खराब कर दिया। उन्होंने कहा सपा सरकार के शासनकाल में उत्तर प्रदेश में शुरु हुए 'महिला सुरक्षा' के लिए समर्पित '1090' मॉडल को अब राजस्थान सरकार अपना रही है। आशा है इससे राजस्थान में नारी की सुरक्षा की एक प्रभावकारी और सार्थक व्यवस्था तैयार होगी।

# ऑनलाइन अश्लील कंटेंट पर इकरा हसन ने पूछे सवाल

**नई दिल्ली, वार्ता**



- इन पर रोक के लिए सरकार ने क्या किया?
- आईटीएक्ट में सजा का प्रावधान: अश्विनी

शामली जिले की कैराना सीट से समाजवादी पार्टी सांसद इकरा हसन चौधरी ने संसद में महिलाओं और नाबालिगों से जुड़े मामले में कई सवाल करते हुए पूछा कि ऑनलाइन अश्लील कंटेंट पर रोक के लिए सरकार ने क्या किया? महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा और नाबालिगों के शोषण से जुड़े ऑनलाइन अश्लील कंटेंट को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए? क्या सरकार देश में लिंग आधारित हिंसा पर ऑनलाइन अश्लील कंटेंट के प्रभाव पर रिसर्च कर रही है? बच्चों को सोशल मीडिया ऐप सहित ऑनलाइन अश्लील कंटेंट तक पहुंचने से रोकने के लिए क्या उपाय किए गए हैं? क्या सरकार अश्लील कंटेंट दिखाने वाली वेबसाइट और ऐप के लिए सख्त सामग्री मॉडरेशन और जवाबदेही शुरू करने की योजना बना रही है?

उनके सवालों पर जवाब देते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्र सरकार की नीतियों का मकसद लोगों को सुरक्षित, विश्वसनीय और जवाबदेह इंटरनेट सेवा देना है। आईटी एक्ट-2000 में इलेक्ट्रॉनिक रूप में अश्लील कंटेंट को प्रकाशित या प्रसारित करने के लिए सजा का प्रावधान है। बच्चों से जुड़े अश्लील कंटेंट दिखाने वालों के खिलाफ भी कठोर सजा का प्रावधान है। इसके अलावा सिनेमैटोग्राफ एक्ट-1952 और सिनेमैटोग्राफ नियम-1983 के तहत अच्छा और स्वस्थ मनोरंजन सुनिश्चित करने के लिए सीबीएफसी सभी तरह की फिल्मों के सार्वजनिक प्रदर्शन को कंट्रोल करता है। इसके अलावा क्यूरेटेड कंटेंट के ऑनलाइन प्रकाशकों के लिए आईटी नियम-2021 ऑनलाइन क्यूरेटेड कंटेंट के प्रकाशकों के लिए आचार संहिता निर्धारित करता है, जिन्हें आमतौर पर ओटीटी प्लेटफॉर्म के रूप में जाना जाता है।

## अर्थ व्यापार

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी

**मुंबई, वार्ता**



विश्व बाजार में गिरावट रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर इंडस्ट्रियल्स, यूटिलिटीज, कैपिटल गुड्स, पावर, रियल्टी और सर्विसेज समेत 17 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार को शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 147.79 अंक उछलकर 75,449.05 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 73.30 अंक की बढ़ोतरी लेकर 22,907.60 अंक पर पहुंच गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के मुकाबले बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली की रफ्तार अधिक तेज रही। इससे मिडकैप 2.28 प्रतिशत की छलांग लगाकर 41,107.00 अंक और स्मॉलकैप 2.17 प्रतिशत की मजबूती के साथ 46,009.89 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4166 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3018 में लिवाली जबकि 1033 में बिकवाली हुई, वहीं 115 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियों में तेजी जबकि 19 में गिरावट रही।

बीएसई के 17 समूहों का रुझान सकारात्मक रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 172 अंक अंक की तेजी लेकर 75,473.17 अंक पर खुला, लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 75,201.48 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं लिवाली के बल पर दोपहर तक यह 75,568.38 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 75,301.26 अंक के मुकाबले 0.20 प्रतिशत की बढ़त लेकर 75,449.05 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी भी 41 अंक बढ़कर 22,874.95 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,807.95 अंक के निचले जबकि 22,940.70 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 22,834.30 अंक की तुलना में 0.32 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 22,907.60 अंक हो गया। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में टाटा स्टील 2.52, जोमैटो 2.34, पावरग्रिड 2.27, अल्ट्रासिम्को 2.01, इंडसइंड बैंक 1.56, एलटी 1.46, अदानी पोर्ट्स 1.23, एनटीपीसी 1.13, एसबीआई 1.09, रिलायंस 0.72, बजाज फाइनेंस 0.66, एक्सिस बैंक 0.63, एचडीएफसी बैंक 0.62, भारती एयरटेल 0.52, टाटा मोटर्स 0.31, एशियन पेंट 0.28 और आईसीआईसीआई बैंक 0.24 प्रतिशत शामिल रही।

### सिंगापुर में यूपीआई के लिए साझेदारी

**मुंबई।** नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की अंतर्राष्ट्रीय ईकाई एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने सिंगापुर में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) स्वीकृति का विस्तार करने के लिए सिंगापुर स्थित फुल-स्टैक पेमेंट्स इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी हिटपे के साथ साझेदारी की है। एनपीसीआई ने बुधवार को यहां जारी बयान में कहा कि यह साझेदारी भारतीय यात्रियों को पर्यटक आकर्षण, रेस्तरां, खुदरा दुकानों और अन्य जगहों पर क्यूआर कोड-आधारित भुगतान करने की सुविधा प्रदान करेगी। 2024 में 12 लाख से अधिक भारतीयों ने लसगापुर की यात्रा की। इस साझेदारी के साथ, एनआईपीएल का लक्ष्य सिंगापुर की यात्रा करने वाले भारतीयों को एक परिचित भुगतान अनुभव प्रदान करना है। यूपीआई स्वीकृति को सिंगापुर में 12,000 से अधिक व्यापारियों के लिए क्रमिक रूप से शुरू किया जाएगा।

# खाद्य तेलों में टिकाव, दालों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि दालों में मिलाजुला रुख वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 28 रिंगिट बढ़कर 4633 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.04 सेंट की तेजी के साथ 42.58 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। चना 150 रुपए, दाल चना 150 रुपए, उड़द दाल 200 रुपए और अरहर दाल 200 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई, वहीं मसूर दाल 100 रुपए और मूंग दाल 150 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8300-8400 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 16116 रुपए, मूंगफली तेल 18168 रुपए, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए, सोया रिफाइंड 15531 रुपए, पाम ऑयल 13553 रुपए और वनस्पति तेल 16336 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**अंतरिक्ष में...** सुरक्षित वापसी के लिए विशेष प्रार्थनाएं की गईं और पटाखें फोड़कर खुशियों का इजहार किया गया। इसी के साथ क्रू-9 एस्ट्रोनॉट्स की पृथ्वी पर वापसी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बन गया। नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने एक लाइव अपडेट में कहा कि स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन कैप्सूल फ्रीडम की 17 घंटे की यात्रा ग्रह की परिक्रमा करने के बाद, फ्लोरिडा तट के पास पैराशूट सहायता प्राप्त स्प्लैशडाउन के बाद पूरी की। नासा के अनुसार सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर आईएसएस पर नौ महीने से अधिक समय बिताने के बाद पृथ्वी पर लौटे, जबकि एक अन्य अमेरिकी एस्ट्रोनॉट निक हेग और एक रूसी कॉस्मोनॉट अलेक्जेंडर गोर्बुनोव को सुनीता विलियम्स और विल्मोर के प्रतिस्थापन के रूप में 16 मार्च को आईएसएस के साथ डॉक किए गए स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन क्राफ्ट पर भेजा गया था। चारों अंतरिक्ष यात्रियों को नासा के वैज्ञानिकों ने ड्रैगन क्राफ्ट से उतरते ही जोरदार खुशी के साथ स्वागत किया और उन्हें सभी मेडिकल सुविधाओं के साथ तैयार किए गए नावों में ले जाया गया। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 से आईएसएस पर थे, जब बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान, जिस पर वे अपनी पहली चालक दल की यात्रा का परीक्षण कर रहे थे, में प्रणोदन समस्याएं आईं और इसे पृथ्वी पर वापस लाने के लिए अनुपयुक्त घोषित किया गया था। स्प्लैशडाउन से ठीक पहले, नासा ने एक्स पर पोस्ट किया, नासा एस्ट्रोनॉट निक हेग, सुनीता विलियम्स, बुच विल्मोर और कॉस्मोनॉट अलेक्जेंडर गोर्बुनोव स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान में पृथ्वी पर लौट रहे हैं। क्रू9 स्प्लैशडाउन 5:57 बजे ईटी (2157 यूटीसी) के लिए लक्षित है। सुश्री विलियम्स और बुच विलमोर जून 2024 में बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान पर अपनी पहली चालक दल की यात्रा का परीक्षण करने के लिए गए थे और एक सप्ताह से अधिक समय तक अंतरिक्ष अभियान पर रहे। लेकिन बोइंग स्टारलाइनर में प्रणोदन समस्याएं आईं और इसे अंतरिक्ष प्रशासन द्वारा दो अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी पर वापस लाने के लिए अनुपयुक्त घोषित किया गया था। तब से, सुश्री विलियम्स आईएसएस पर रहीं, प्रतिस्थापन शटल की प्रतीक्षा कर रही थीं जो पृथ्वी पर वापस आ गई थी। नासा ने पोस्ट किया क्रू9 का डीऑर्बिट जलना शुरू हो गया है। आठ मिनट के थ्रस्टर फायर के बाद, इसने स्पेसएक्स के ड्रैगन अंतरिक्ष यान को फ्लोरिडा तट के पास अपने अंतिम स्प्लैशडाउन साइट पर एक सटीक ट्रेजेटरी पर रखा। उतरने से पहले, सुश्री विलियम्स और श्री विलमोर को बहुत जरूरी आराम करने की हरी झंडी दे दी गई, नासा मिशन कंट्रोल ने उन्हें अपने कंसोल पर परेशान न करें फ्लैग चालू करने की अनुमति दी। वे कई रिकॉर्ड और मील के पत्थर के साथ घर चले गए।

**यूपीई से...** अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत छोटे व्यापारियों को बड़ा लाभ मिलेगा। व्यापारियों को दो हजार रुपये तक के लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन मूल्य पर 0.15 प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। हर तिमाही पर बैंक स्वीकृत दावा राशि का 80 फीसदी बिना किसी शर्त के वितरित करेंगे। जबकि 20 फीसदी राशि का भुगतान कुछ शर्तों के बाद किया जाएगा। सरकार का कहना है कि छोटे व्यापारियों को यूपीआई के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए यह फैसला लिया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने महाराष्ट्र में जेएनपीए पोर्ट (पगोटे) से चौक (29.219 किमी) तक छह लेन के ग्रीनफील्ड हाईस्पीड राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण को मंजूरी दी है। इस परियोजना पर 4500.62 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह परियोजना जेएनपीए बंदरगाह (एनएच 348) (पगोटे गांव) से शुरू होगी और मुंबई-पुणे राजमार्ग (एनएच-48) पर समाप्त होकर मुंबई पुणे एक्सप्रेसवे और मुंबई गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-66) को जोड़ेगी। उन्होंने कहा कि नया छह लेन ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट कॉरिडोर बेहतर बंदरगाह कनेक्टिविटी बढ़ाएगा। इससे सुरक्षित और कुशल माल ढुलाई में मदद मिलेगी। यह परियोजना मुंबई और पुणे के आसपास के विकासशील क्षेत्रों में विकास, प्रगति और समृद्धि के नए रास्ते खोलेगी।

# स्थगन प्रस्ताव की गरिमा समझें सदस्य: बिरला

- लोस अध्यक्ष ने संसद सदस्यों से किया आग्रह

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज गंभीर विषयों पर ही स्थगन प्रस्ताव का नोटिस देने का सदस्यों से आग्रह करते हुए कहा कि आम मुद्दों और राज्यों से संबंधित विषयों पर नोटिस देकर इसकी गंभीरता को कम नहीं करें।

बिरला ने प्रश्नकाल के बाद कई विपक्षी सदस्यों के कार्यस्थगन प्रस्ताव संबंधी नोटिस को अस्वीकार करते हुए यह व्यवस्था दी। उन्होंने कहा कि कहा कि वे सदन में नोटिस आने से पहले उसे सार्वजनिक रूप से मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित-प्रसारित नहीं करें। उन्होंने सदन की गरिमा का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने अपने पूर्ववर्ती अध्यक्षों द्वारा दी गई व्यवस्था का हवाला देते हुए कहा कि कार्यस्थगन प्रस्ताव बहुत ही असाधारण प्रावधान है जो सरकार का ध्यान तत्काल एवं लोक महत्व के मामलों की ओर आकर्षित करने के लिए लाया जाता है। इससे जुड़ा विषय तत्काल और सार्वजनिक महत्व का होना चाहिए। अध्यक्ष ने कहा कि स्थगन प्रस्ताव तब तक स्वीकार नहीं होता, जब तक सरकार संविधान और कानून द्वारा निर्धारित कर्तव्यों का पालन करने में विफल नहीं हो। उन्होंने कहा कि कि कई सदस्य रोजाना नोटिस देते हैं और कई बार तो राज्य के विषयों पर नोटिस देते हैं। यह प्रयास स्थगन प्रस्ताव की गंभीरता और उसके महत्व को कम करेगा। यह भी देखा गया है कि एक ही राजनीति दल के सदस्य अलग अलग विषय पर सूचना देते हैं। अध्यक्ष की इस व्यवस्था को लेकर जब विपक्षी सदस्यों ने आपत्ति जताई तब उन्होंने कहा कभी भी अध्यक्ष के निर्देश को सदन में चुनौती नहीं दी जानी चाहिए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale










वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



19 वां रोज़ा इफ्तार

20 मार्च गुरूवार

सुन्नी...................... 06:31

शिया...................... 06:38

20 वां रोज़ा सहरी

21 मार्च शुक्रवार

सुन्नी...................... 04:57

शिया...................... 04:53


माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



हाजी ज़ियाउर्रहमान

वरिष्ठ नेता लोकदल


# मारपीट मे घायल युवक ने अस्पताल में दम तोड़ा

## परिवार में कोहराम, गांव में शोक, दूसरे पक्ष के भी कई लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना मे सोमवार की शाम जानसठ मार्ग पर हुई मारपीट मे गंभीर रूप से घायल हुए युवक फरीद उर्फ चांद ने उपचार के दौरान मुजफ्फरनगर अस्पताल मे दम तोड़ दिया। युवक की मौत से परिवार मे कोहराम मच गया है। मामले मे पुलिस ने दो युवकों को हिरासत मे लिया है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना मे बीते 17 मार्च की शाम जानसठ मार्ग पर स्थित मस्जिद के सामने अंसारी व अब्बासी समाज के दो पक्षों मे मारपीट हो गयी थी जिसमें 18 वर्षीय फरीद उर्फ चाँद अंसारी व उसका साथी अहमद निवासी भुवापुर



मृतक का फाइल फोटो।

मार्ग व दूसरे पक्ष के तीन व्यक्ति घायल हो गये थे। जिनमे फरीद उर्फ चांद अंसारी व बाबर अब्बासी को गंभीर हालत के चलते मुजफ्फरनगर रैफर किया गया था। वहीं चांद अंसारी के सिर मे अधिक चोट होने के कारण उसकी तबियत बिगड गयी थी जहां बुधवार की सुबह चाँद को चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर से परिवार मे कोहराम मच गया है। तथा चांद की हत्या से अंसारी समाज मे भारी रोष व्याप्त हो गया है। मृतक के पिता शमशेर मजदूरी करता है। शमशेर के परिवार मे पत्नी कौसर जहां पुत्र मौ. कैफ व बादल तथा पुत्री लायबा हैं। वहीं मृतक के पिता ने आबिद, समीर उर्फ आफताब, बाबर व शब्बू पुत्रगण माजिद अब्बासी तथा शाहबाज पुत्र हनीफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया पुलिस ने दो युवकों को हिरासत मे लिया है।

बुधवार को पोस्ट मार्टम के बाद चांद अंसारी का शव घर पहुंचा जहां परिवार मे मातम छा गया। शाम के समय मृतक को सुपुर्दे खाक किया गया।तनाव की आशंका को लेकर गांव मे थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश रोरिया भारी पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे।

### जनाजे में उमड़ी भीड़, गणमान्य लोग हुए शामिल

**मोरना।** मृतक युवक की मौत से गांव मे शोक की लहर छा गयी है। अंतिम यात्रा मे भारी संख्या मे ग्रामीण व गणमान्य मौजूद रहे जिनमे प्रधान रियासत अंसारी, शहजाद अंसारी,आसपाप्रत्याशी जाहिद अली,युवा भाजपा नेता प्रदीप निर्वाल, जिला पंचायत सदस्य संजय रवि, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुणपाल,शरीफ अंसारी आदि मौजूद रहे।

### एक माह मे दो हत्याओं से बनी दहशत

**मोरना।** मोरना मे बढ़ती मारपीट की घटनाओं से आम आदमी खौफजदा है। एक माह मे दो युवकों की हत्या से दहशत व्याप्त हो गयी है। बीते 12 फरवरी को जानसठ मार्ग पर स्थित ढाबे मे हुई मारपीट मे घायल अहसान अंसारी की 17 फरवरी को अस्पताल मे मौत हो गयी थी। मोहल्लावासी अभी इस घटना को भूले भी नहीं थे की चांद अंसारी की हत्या से सनसनी फैल गयी है।

# पति ने चार युवकों पर लगाया महिला की हत्या का आरोप

**दस दिन बाद महिला का शव चितौड़ा झाल से हुआ था बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** अथाई गांव से दो मार्च को गायब हुई महिला सरिता का शव चितौड़ा झाल से बरामद हुआ था। पति ने गांव के ही चार व्यक्तियों पर पत्नी हत्या करने मे शामिल होने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। मामले मे पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगे हैं।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव अथाई निवासी अमरीश ने दी तहरीर मे बताया की गांव के ही राहुल व विकास उसकी पत्नी सरिता को मोटरसाइकिल पर बैठा ले गये थे जिसमें गांव के ही काला व हिमांशु शामिल थे। राहुल व विकास उर्फ रिम्पू ने सविता की हत्या कर शव को गंग नहर मे फेंक दिया था जो सोमवार की सुबह थाना सिखेड़ा क्षेत्र के चितोडा झाल से बरामद हुआ था। मामले मे पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। तथा एक व्यक्ति को हिरासत मे लेकर पूछताछ की है।

सविता बीते दो मार्च को गायब हुई थी जिसके संबंध मे पीड़ित पति तहरीर देकर पत्नी की बरामदगी की गुहार लगाई थी। किन्तु उसकी गुमशुदगी भी दर्ज नहीं हुई थी।बीते रविवार सविता का शव दिन भर भोपा गंग नहर मे बहता रहा था किन्तु पुलिस शव को बाहर नहीं निकलवा पाई थी। जिस कारण पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगे हैं।



मुजफ्फरनगर: शहर के निरीक्षण में लोगों से जानकारी लेते मंत्री।

# मेघाखेड़ी में दो भाइयों में संघर्ष, कई घायल

**महिला से मारपीट का किया था विरोध, अस्पताल में भर्ती**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी क्षेत्र के समीपवर्ती गांव मेघाखेडी में किसी विवाद के चलते दो भाईयों के बीच हुई कहासुनी संघर्ष में बदल गई जिसमें जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार चले। इस घटना में एक भाई व उसके परिवार के कई लोग घायल हो गए, जबकि दूसरे पक्ष के एक युवक को भी चोटे आई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों का इलाज कराया। अभी एक महिला सहित कई लोग अस्पताल में भर्ती है। रात तक इस संबंध में कोई तहरीर नहीं दी गई।

मेघाखेडी निवासी यामीन व अली हसन सगे भाई है। बताया जाता है कि यामीन ने अपने साले कूकडा निवासी की बेटी मुस्कान की शादी अपने भाई अली हसन के बेटे हुसना से करा दी थी। गत दिवस हुसना अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था और यामीन ने अपने साले की बेटी मुस्कान का पक्ष लिया। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया और देखते ही देखते यहां संघर्ष हुआ। इस घमासान में यामीन उसकी पत्नी 60 वर्षीय नफीसा, बेटा आशु, आस मौहम्मद व नीशू घायल हो गया। जबकि दूसरे पक्ष हुसना को भी चोटे आई।

# आप सांसद पर भड़के पहलवान



**मुजफ्फरनगर।** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह द्वारा संभल सीओ अनुज पहलवान पर की गई टिप्पणी के विरोध में पहलवानों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर प्रदर्शन करते हुए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। बुधवार को संयुक्त खेल समिति के बैनर पर पदाधिकारियों नें प्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन एसएसपी को सोपा जिसमें उन्होंने संजय सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजनें की मांग की है। सयुंक्त खेल समिति के उपाध्यक्ष युधिष्ठिर पहलवान ने कहा कि एक खिलाड़ी बनाने के लिए कई-कई पीढ़ियों का बलिदान होता है। संजय सिंह द्वारा दिए गए बयान से खिलाड़ियों में रोष है। और हम चाहते हैं कि उनके खिलाफ कार्यवाही हो या वह सार्वजनिक रूप से आकर सभी खिलाडियों से माफी मांगे।

# 15 वित्त आयोग की बैठक में विकास के प्रस्ताव पर चर्चा

**दस निकायों की बैठक में रखे गए 7069 लाख के प्रस्ताव**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप की अध्यक्षता में 15 वें वित्त आयोग की राशि से होने वाले विकास कार्यों के प्रस्ताव पर चर्चा की गई।

बुधवार को विकास भवन सभा कक्ष में जनपद के 10 निकाय की बैठक में 287 प्रस्ताव प्राप्त हुए जो 7069 लाख के प्रस्ताव रखे गए, जिन पर विचार किया गया। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारी नगर नगर पंचायत को निर्देश दिए की ई निविदा के माधयम से कार्यों को समय से तथा गुणवत्ता युक्त मानक के अनुरूप कार्य कराए जाए। उन्होंने निर्देश दिए कार्य प्रारंभ होने से पहले कार्य शुरू होने होने के समय तथा कार्य समाप्त होने के बाद के फोटो तथा कार्य संस्था नाम सहित रिकॉर्ड में रखा जाए, जो भी कार्य किए जाएं वह मानक के अनुसार ही होना चाहिए इसमें किसी प्रकार की शिथिलता ने बरती जाए। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियो को अपने अपने चेयरमैनों के साथ बैठक अवश्य करने के भी निर्देश दिए। डीएम ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए की संपत्ति रजिस्टर बनाया जाए तथा उसको अवलोकनार्थ हेतु भी प्रस्तुत किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं चेयरमैन सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# शहर के विकास को सड़कों पर उतरे मंत्री कपिल देव

## गैस्ट हाउस पर डीएम व अन्य अधिकारियों के साथ प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री और नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल बुधवार को शहरी विकास की योजनाओं को विभागीय समन्वय के साथ धरातल पर लाने के लिए फुल फार्म में नजर आये। उन्होंने नगरपालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप को साथ लेकर शहर में होने वाले अंतरविभागीय कार्यों और पालिका के स्तर से प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा को निर्देशित किया कि वो अंतरविभागीय कार्यों के लिए विभागीय समन्वय बनवाते हुए अपनी निगरानी में कार्य करायें, ताकि सरकारी धन का दुरूपयोग रूके और शहर के लिए मिले बजट का सदुपयोग करते हुए शहर को एक समुचित विकास देने का काम किया जाये।

लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस पर उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के साथ अंतर विभागीय मीटिंग की। इसमें नगरपालिका परिषद्, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, जल निगम, विकास प्राधिकरण सहित शहरी विकास कार्य से सम्बंधित विभागों के प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की और विभागों के बीच विकास कार्य के लिए एक समन्वय स्थापित करने के निर्देश जिलाधिकारी को दिया। बैठक के बाद वो शहरी क्षेत्र में विकास कार्यों को कराये जाने के लिए जनता के बीच भी पहुंचे और कई क्षेत्रों में निरीक्षण करते हुए लोगों को प्रस्तावित विकासक कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान मीडिया कर्मियों से बातचीत में उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हमने समन्वय बनाने का एक प्रयास किया है, ताकि हम एक समुचित योजना के साथ शहर की जनता को ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य समय अवधि में दे पायें। इसमें जल निकासी, सीवर, जलापूर्ति, सड़कों का निर्माण, पथ प्रकाश, चौराहों का सौन्दर्यकरण, साफ सफाई की समस्याओं का समाधान तलाशने के लिए एक योजनाबद्ध तरीके से प्रयास शुरू किया गया है। राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल के साथ नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष कविता मीणा, अपर जिलाधिकारी नरेंद्र बहादुर, सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण एके राणा, एसपी ट्रैफिक अतुल कुमार चौबे, पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह, विद्युत विभाग, जल निगम व अन्य प्रमुख विभागों के मुख्य अधिकारी मौजूद रहे।

# दो दुकानों में भीषण आग लगने से हजारों का नुकसान



**एक घंटे तक नहीं पहुंची दमकल विभाग की गाड़ी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली में दीपचंद मंडी में दो जूते की दुकानों में भीषण आग लग गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। लेकिन बडा सवाल यह है कि एक घंटे तक फायर ब्रिगेड मौके पर नहीं पहुंची। खुद नगरवासी दमकलकर्मी बन गए और घँटों बाद आग पर काबू पाया। वही नगर पालिका का पानी का टैंकर की मदद से भी आग पर काबू पाया गया।

खतौली की दीपचंद मंडी निवासी राधे लोहिया और सुनील लोहिया की जूतों की दो दुकान कस्बे की ही अम्बर मार्किट में है। दोनों ही दुकानों में अचानक हुय शॉर्टसर्किट आग लग गई। दोनों व्यापारी पिछले 20 सालों से यहां अपना कारोबार कर रहे थे, लेकिन एक शॉर्ट सर्किट ने उनकी रोजी-रोटी को तबाह कर दिया। आग लगने की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी गई, लेकिन चौंकाने वाली बात यह रही कि एक घंटे तक दमकल की गाडियां मौके पर नहीं पहुंचीं। इस बीच, स्थानीय पुलिस जरूर घटनास्थल पर आ गई, लेकिन आग बुझाने का कोई इंतजाम नहीं था। आलम यह रहा कि व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने खुद नल से पानी भर-भरकर आग बुझाने की कोशिश की। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष प्रवीण ठकराल और अन्य व्यापारी भी मौके पर पहुंचे और खुद पानी की बाल्टी से आग बुझाने में जुट गए। यही नही भयंकर आग को बुझाने के लिए पालिका प्रशासन से मदद की गुहार लगाई गई जिसके बाद पालिका अधिकारी सफाई नायक नेपाल सिंह और सफाई नायक बिट्टू द्वारा पानी का टैंकर लाया गया जिसकी मदद से घँटों बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना ने प्रशासन और दमकल विभाग की लापरवाही को उजागर कर दिया है। सवाल ये उठता है कि अगर आग और बढ़ जाती, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेता? फायर ब्रिगेड की देरी पर स्थानीय व्यापारियों में भारी रोष है। वही पीड़ित व्यपारियों का कहना था कि इस आगजनी उन्हें लगभग डेढ़ लाख का नुकसान हुआ है, उनका कहना था कि आग लगने से दुकान में रखें लाखों के जूते जलकर राख हो गए।

# एसएसपी ने की दरोगा पर कार्रवाई

## क्या हिंडन चौकी प्रभारी के लाइन हाजिर होने से रुक जाएगा भ्रष्टाचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** चरथावल देश प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनने पर जहाँ आम नागरिकों को अनेको समस्याओ से निजात मिली है और आम आदमी ने अनेको चीजों मे बड़ी राहत महसूस की है वही प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनने के तीन साल से भी ज्यादा हो चुके है वही इन आठ साल के कार्यकाल मे भी आम जनता को पुलिस के भ्रष्टाचार का बड़ा शिकार होना पड़ता है।

आम आदमी पुलिस के उत्पीड़न का शिकार होने के बाद भी आवाज उठाने की हिम्मत नही करता है जैसे नगला राई निवासी साजिद को अपने क्षेत्र की ही हिंडन चौकी के दरोगा का शिकार होना पड़ा और पचास हजार रुपए देने के बाद भी एक लाख रुपए की और मांग चल रही थी वरना झूठे मुकदमे मे फसाने की धमकी दीं जा रही थी पुलिस से आम आदमी डरकर जहाँ इधर-उधर से पैसे जुटाकर दे देता है यह तो साजिद की आवाज भी किसान संगठनों ने उठाकर उसे न्याय दिला दिया।

वही क्या किसी से जबरदस्ती पैसे लेना और उसके बाद उसे लाइन हाजिर करने से क्या दरोगाओ के भ्रष्टाचार पर रोक लग जाएगी यह सवाल क्षेत्र मे बच्चे बच्चे की जुबान पर गूंज रहा है बल्कि क्षेत्रवासियो का कहना है की चरथावल थाने मे इसके अलावा भी अन्य दरोगा पुरे के पुरे भ्रष्टाचार मे डूबे हुए है और सवाल यह उठ रहा है की योगिराज मे भी किसकी शह पर यह दरोगा भ्रष्टाचार कर रहे है।

अगर और भी सच्चाई का पता करे तो पेरो तले की जमीन सरक जाएगी की किस तरह योगिराज मे भी चरथावल पुलिस द्वारा आम आदमी का शोषण किया जा रहा है, हालांकि हिंडन चौकी प्रभारी संदीप के लाइन हाजिर होने से भ्रष्टाचार पर कुच्छ अंकुश लगने की उम्मीद क्षेत्रवासियो को जगी है।

वही क्षेत्रवासियो ने दरोगा के लाइन हाजिर होने से खुशी जाहिर कर भविष्य मे भी मजबूती के साथ भृष्ट दरोगाओ के खिलाफ किसान संगठनों से लड़ाई लड़ने की बात कही है।




मुजफ्फरनगर: डाक बंगले पर महिला संबंधित शिकातयों की सुनवाई करतीं महिला आयोग सदस्य।

# बिजली चैकिंग से क्षेत्र मे मचा हड़कंप

**चरथावल।** नगर मे पिछले तीन दिनों से हो रहे बिजली चेकिंग अभियान से हड़कंप मचा हुआ हे विजिलेन्स द्वारा नगर के मुहल्लो मे की जा रही चैकिंग से हड़कंप मचा हुआ हे और प्रत्येक ट्रासफार्मर वार चैकिंग की जा रही हे जिस ट्रासफार्मर पर भी अधिक चोरी की जा रही हे उसी क्षेत्र मे ज्यादा से ज्यादा चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। करीब तीन दर्जन बिजली चोरी की एफआईआर दर्ज की जा चुकी हे और अगले कई दिन भी बिजली चोरो के खिलाफ अभियान चलाकर बिजली चोरी पकड़ी जाएगी इस अभियान से बिजली चोरी करने वाले व्यक्तियों मे हड़कंप मचा हुआ है।

# महिला आयोग सदस्य ने कसे अफसरों के पेंच

**महिला अस्पताल का निरीक्षण कर परखी व्यवस्था**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राज्य महिला आयोग सदस्य सपना कश्यप ने महिलाओं संबंधी प्रकरणों पर की गई सनी की समीक्षा करते हुए अफसर को महिला संबंधित शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। साथी ही उन्होंने जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया वार्ड में भर्ती महिलाओं से उन्हे मिल रही स्वास्थ संबंधी सुविधाओ के विषय मे जानकारी ली।

लोक निर्माण विभाग के सभाकक्ष में महिलाओं संबंधी प्रकरणो में जनसुनवाई के दौरान कुल 07 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें उन्होंने अधिकारियों को उक्त प्रकरणों को समयान्तर्गत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। समीक्षा बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डॉ आभा आत्रेय, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दिव्या, श्रम प्रवर्तन अधिकारी शालू राणा, पुलिस उपाधीक्षक नई मण्डी रुपाली रॉय चौधरी, पुलिस उपाधीक्षक अपराध सन्त प्रसाद उपाध्याय, बाल कल्याण समिति सदस्य डॉ राजीव कुमार, महिला थाना प्रभारी संगीता चौधरी, महिला थानाध्यक्ष बुढाना सुमन शर्मा, निरीक्षक रेणु सक्सेना, उपनि. रीक्षक ज्योति, वन स्टॉप सेंटर से पूजा नरूला शाहिद संबंधित अधिकारी रहे।

महिला चिकित्सालय, मुजफ्फरनगर का निरीक्षण किया गया, जिसमें भर्ती महिलाओं से उन्हे मिल रही स्वास्थ संबंधी सुविधाओ के विषय मे जानकारी ली गयी तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत भर्ती महिलाओं को माला पहनाकर एवं उपहार भेंट कर बधाई दी गयी। निरीक्षण के समय जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डॉ. आभा आत्रेय , अस्पताल प्रबंधक प्रियंका, आहार विशेषज्ञ तनु तथा महिला थाना प्रभारी संगीता चौधरी, बाल कल्याण समिति सदस्य डॉ. राजीव कुमार नीना त्यागी एवं जिला महिला चिकित्साल्य का स्टॉफ उपस्थित रहा। उक्त आयोजन में जिला प्रोबेशन कार्यालय से सचिन कुमार, संजय कुमार रहे।

# किसान दिवस में एडीएम को बताई समस्याएं

**मौके पर संबंधित विभाग को दिए गए निस्तारण के निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला पंचायत सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। यहां आए किसानों ने अपनी-अपनी समस्याओं से अपर जिला अधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह को अवगत कराया। किसान दिवस में उपस्थित अधिकारियों के द्वारा किसानों को किसान हित में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने किसानों को अनुदान पर कृषि निवेश एवं अनुकरणों की, संचालित योजनाओं के लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया संबंधी, जनपद में आयोजित की जा रही कृषि प्रदर्शनियों मेलों के आयोजन की, एग्रीस्टैक योजना एवं फार्म रजिस्ट्री के विषय में, तथा अन्य विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से भी अवगत कराया गया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया किसानों की समस्याओं का संबंधित अधिकारीगण समय से निस्तारण करें। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, जिला कृषि अधिकारी राहुल सिंह तेवतिया, पुलिस प्रशासन के अधिकारी रहे।


सभी देशवासियों को माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद

डा0 रिज़वान अली
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन)

डा0 मौ. शुऐब
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन)

डा0 ज़ैनब इनाम
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेष)

दीवान हॉस्पिटल
सूजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर-251001
☎ 0131-2634069, 9837335711



# धर्म की हानि होने पर भगवान अवतार लेते हैं: अरविंद महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बुधवार आज महाराजा अग्रसेन भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन कथा व्यास अरविंद जी कहां की जब-जब भी धरती पर पाप बढ़ता, धर्म की हानि होती है और जन्म-जन्मांतर से तपस्या में लगी साधुओं को तारने का नंबर आता है तो परमात्मा अवतार लेकर अवतरित होते हैं, कलयुग आज घर तक पहुंच गया है, ग्रहस्त पूर्ण रुप से प्रभावित हो चुके हैं,समय रहते घर बचाना जरूरी हो गया है,आज कथा में मुख्य रूप से वामन चरित्र, सूर्यवंश का वर्णन, श्री राम जन्म और नंद उत्सव श्री कृष्ण का जन्म उमंग और उत्साह के साथ बनाया गया। ष्नन्द के आनंद भयो, जय कन्हिया लाल कीष के घोष के साथ पूरे कथा स्थल ख्रष्ण जन्म भफि भाव मय हो गया , कृष्ण जन्म की बधाइयां गायी गई,कथा में आज हनुमान धाम शुकतीर्थ से पधारे स्वामी केशवानंद सरस्वती जी महाराज ने उपस्थित होकर भफों को आशीर्वाद प्रदान किया।

कथा के मुख्य यजमान श्रीमती साधना तायल,अजय तायल,श्रुतिका तायल ने व्यास पीठ का पूजन किया।आज कथा में आरती के समय मुख्य रूप से महामृत्युंजय सेवा मिशन अध्यक्ष संजीव शंकर, नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप,वरिष्ठ समा. जसेवी भीमसेन कंसल,पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, भाजपा नेता बिजेंद्र पाल(पूर्व सभासद),सत्य प्रकाश मित्तल,अजय तायल, शिव चरण गर्ग, विनोद सिंघल, मित्र सैन अग्रवाल ,वेद प्रकाश संगल, तेजराज गुप्ता, राकेश अग्रवाल, पुरुषोत्तम सिंहल,योगेश सिंघल (भगत), कुलद. ीप मित्तल, हरि शर्मा, पंडित जनार्दन शर्मा , पंडित ब्रह्मप्रकाश शर्मा, मुकेश गोयल,रोशन लाल गर्ग, रचित सिंघल, राजीव गर्ग (गणेशडेयरी), रविन्द्र (एंड),संजय गुप्ता,अशोक तायल वही कथा महिला मंडल में मुख्य रूप से साधना तायल, अंजू अग्रवाल, लतिका गोयल, अलका सिंगल,मयूरी स्वरूप, साधना गोयल, अनीता मित्तल, रेखा मित्तल, सुधा कुचल, नीता बंसल इत्यादि मौजूद रहे।



# आज बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**मुजफ्फरनगर।** 33 केवी उपकेन्द्र जिला अस्पताल मुजफ्फरनगर को पोषित करने वाली 33 केवी लाईन के जर्जर पॉलों को बदलने के लिए दोपहर 2 बजे से सांय 5 बजे तक शटडाउन रहेगा।

अधिशासी अभियंता विद्युत नगरीय वितरण खण्ड टॉउन हॉल के अधिशासी अभियंता ने बताया कि शटडाउन के चलते अस्पताल उपकेन्द्र से निर्गत समस्त 11 केवी फीडर की विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण मौहल्ला लद्धावाला, कम्बल वाली गली, किचलु वाला बागा, मोती महल, घास मंडी, मल्हूपुरा, रैदासपुरी, कच्ची सडक, गाजावाली के साथ शनिधाम पोषक की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# मानसिक स्वास्थ्य पर सोशल मीडिया का प्रभाव" विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज मे शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसका विषय " मानसिक स्वास्थ्य पर सोशल मीडिया का प्रभाव" था। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य वक्ता धीरेन्द्र कुमार, वीवी कॉलेज, शामली तथा विशिष्ट अतिथियों में बालेन्द्र सिंह, गोचर महाविद्यालय रामपुर मनिहारन, सहारनपुर, डा प्रेरणा मित्तल, प्राचार्या श्रीराम कॉलेज, डा विनीत कुमार शर्मा, डीन एकेडमिक्स श्रीराम कॉलेज ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रजव्वलित करके किया गया।

इस अवसर पर धीरेन्द्र कुमार, वीवी कॉलेज, शामली ने विषय पर बोलते हुये कहा कि सोशल मीडिया का नकरात्मक प्रभाव किसी के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। यह अवसाद और चिंता का कारण बन सकता है और आत्म-सम्मान को कम कर सकता है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का नकरात्मक प्रभाव के साथ-साथ कई सकारात्मक प्रभाव भी है। यह छात्रों को एक-दूसरे से जुड़ने, अकादमिक रूप से सहयोग करने और शैक्षिक संसाधनों तक पहुँचने में मदद करता है। इसके अतिरिक्त, इसने कौशल विकास के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया है और छात्रों के लिए नए कैरियर के अवसर खोले हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि बालेन्द्र सिंह, गोचर महाविद्यालय रामपुर मनिहारन सहारनपुर ने सोशल मीडिया के दुरूपयोग के बारे में बताते हुये कहा कि सोशल मीडिया और प्रौद्योगिकी दुरुपयोग द्धजिसे डिजिटल दुरुपयोग भी कहा जाता हैऋ को राष्ट्रीय घरेलू हिंसा हॉटलाइन द्वारा परिभाषित किया गया है, जिसमें साथी को धमकाने, परेशान करने, पीछा करने या डराने के लिए टेक्स्टिंग और सोशल नेटवर्किंग जैसी तकनीकों का उपयोग किया जाता है।

इस अवसर पर डा प्रेरणा मित्तल, प्राचार्या श्रीराम कॉलेज ने सोशल मीडिया के इतिहास के बारे में बताते हुये कहा कि सोशल मीडिया की शुरुआत साल 1997 में हुई थी. इस साल सिक्स डिग्रीज़ नाम की साइट लॉन्च हुई थी. यह पहली ऐसी साइट थी जिसने यूज़र को प्रोफ़ाइल बनाने और दूसरे यूज़र से दोस्ती करने की सुविधा दी थी.। साल 2001 में यह साइट बंद हो गई थी। सोशल मीडिया के प्रभाव को पहचानने के लिए हर साल 30 जून को वर्ल्ड सोशल मीडिया डे मनाया जाता है।इस अवसर पर प्रमोद कुमार विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग ने कहा कि छात्र-छात्राओं को खेलों मे प्रतिभाग करने से बहुत लाभ मिलता है। उनके शारीरिक और मानसिक क्षमता में वृद्धि होती है । इस अवसर पर प्रमोद कुमार विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा मुख्य वक्ता धीरेन्द्र कुमार, वीवी कॉलेज, शामली को बुकें भेंट किया गया। कार्यक्रम के अंत मे भूपेन्द्र कुमार, प्रवक्ता शारी. रिक शिक्षा विभाग ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर उन्होने मुख्य वक्ता धीरेन्द्र कुमार, वीवी कॉलेज, शामली का आभार प्रकट किया और सभी साथी प्रवक्ताओं का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रवक्ता विश्वदीप कौशिक, सहायक प्रवक्ता शारी. रिक शिक्षा विभाग ने किया। इस अवसर पर देवेन्द्र चौधरी, प्रमोद कुमार, भूपेन्द्र कुमार, डा अब्दुल अजीज खान, संदीप कुमार, तरूण, प्रशांत तथा ब्विदीप कौशिक आदि उपस्थित रहे।



# प्रवक्ता नीरज जैन के निधन से शिक्षा जगत में बड़ी क्षति : राजवीर

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे के कुंद कुंद जैन इंटर कॉलेज के वरिष्ठ प्रवफ नीरज कुमार जैन का बीमारी के चलते आकस्मिक निधन से शिक्षा जगत और जैन समाज में शोक की लहर दौड़ गई। लगभग 35 वर्षों तक शिक्षा के क्षेत्र में अपना अमूल्य योगदान देने वाले नीरज कुमार जैन का 57 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से न केवल स्कूल प्रबंधन, शिक्षक और छात्र दुखी हैं, बल्कि सर्व समाज में भी गहरा शोक व्याप्त है। उनके सहयोगी शिक्षकों और छात्रों ने उनकी विद्वता, समर्पण और सरल स्वभाव को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कुंद कुंद जैन इंटर कॉलेज में शोकसभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। बुधवार को आयोजित शोकसभा में में पहुँचे क्षेत्रीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर सिंह वर्मा उर्फ टीटू ने भी उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिक्षक नीरज जैन के आकस्मिक निधन से शिक्षण जगत को भारी क्षति हुई है उन्होंने हमेशा से छात्र छात्राओं और समाज के प्रति अपने को समर्पित रखा। उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा, शिक्षा के क्षेत्र में उनकी कमी को पूरा कर पाना मुश्किल होगा। बुधवार को शोक सभा में जैन समाज के साथ-साथ अन्य समाज के लोग भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



# मुठभेड़ में एक घायल, तीन गौकश गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड 1 आरोपी बदमाश घायल सहित 3 शातिर गौकश को गिरफ्तार किया गया तथा 1 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। घायल के कब्जे से अवैध शस्त्र, गो. कशी के उपकरण, 2 गोवंश तथा 1 पिकअप बरामद। शातिर गौकश की गिरफ्तारी को पुलिस उपमहानिरीक्षकधवरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह द्वारा चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी नई मण्डी रूपाली राव के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी नई मण्डी दिनेश चन्द्र के कुशल नेतृत्व में 19 मार्च को थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा ग्राम कूकडी ग्राउण्ड के पास दौराने पुलिस मुठभेड 1 बदमाश घायल सहित 03 शातिर गौकश अभियुक्तगण गिरफ्तार किये गये। घायल-गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से अवैध शस्त्र, गोकशी के उपकरण, 02 गोवंश तथा 01 पिकअप बरामद की गयी। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। 'घटना का संक्षिप्त विवरण-' दिनांक 19.03.2025 को थाना नई मण्डी पुलिस टीम मखियाली चौक पोस्ट पर चौकिंग कर रही थी इस दौरान 01 संदिग्ध पिकअप आती हुई दिखायी दी जिसे चौकिंग हेतु रूकने का इशारा किया गया परन्तु पिकअप सवार तेजी से पिकअप को भगाने लगे। पुलिस टीम द्वारा पिकअप सवारों के बदमाश होने का शक होने पर पीछा किया गया। बदमाश पिकअप को ग्राम कूकडी ग्राउण्ड के पास छोडकर तथा पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए खेतों में भागने लगे। बदमाशों द्वारा की गयी फायरिंग में पुलिस टीम बाल-बाल बची।


## सार्वजनिक सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं0 10800/4-10-2013 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे पुत्र का नाम **ओजस्व गर्ग** अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**रमन गर्ग**, निवासी-मकान नं. 104 मौ0 सरावज्ञान, कैराना जिला शामली, मोब. 9557354002.


# खेत की नाली ठीक कराए जाने की लगाई गुहार

**बुढाना।** दलित नरेश कुमार पुत्र लाल सिंह निवासी ग्राम हबीबपुर सीकरी थाना फुगाना ने बुढ़ाना एसडीएम को एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके खेत का पडोसी गांव का ही हरबीर पुत्र हरि प्रजापति ने उसके खेत में जाने वाली नाली को बीती 11 फरवरी को ट्रेक्टर से खुर्द बुर्द कर दिया था। जब उसने उससे नाली को खुर्द बुर्द करने के बारे में पूछा तो उपरोफ व्यफि ने उसके साथ गाली गलौच करते हुए जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया तथा जान से मारने की धमकी दी और कहा कि तुमको जो करना है कर लो। तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते। इसके बाद उसने लड़ाई से बचने को अपनी नाली को खुद ही ठीक कर लिया लेकिन दो दिन बाद जब वो अपनी पत्नी के साथ अपने खेत पर गया तो देखा कि विपक्षी ट्रेक्टर से उसकी नाली दोबारा से खुर्द बुर्द कर रहा है।


## सम्बंध विच्छेद

मेरा पुत्र शौकीन जोकि शादीशुदा है जिसका गलत लोगों के साथ उठना बैठना है और गैर कानूनी कार्यो में लिप्त रहता है, यदि मै अपने पुत्र को गलत कार्यो से रोकता हूँ तो वह मेरे साथ दुर्व्यवहार करके हमलावर होता है और जान से मारने की धमकी देता है जिस कारण मैने अपने पुत्र शौकीन से सभी संबंध समाप्त कर लिये है उसका अब मुझसे कोई मतलब वास्ता नही रहा है और न ही मै उसके किसी कार्य व लेन देन के प्रति जिम्मेदार हूँ और मै उसे अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूँ।

**यासीन पुत्र बशीर निवासी ग्राम चौरावाला, थाना ककरौली जिला-मुजफ्फरनगर**


# व्यापार विस्तार एक्सपो में छाया जिले का जलवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन मुज़फ्फरनगर चौप्टर के प्रतिनिधिमंडल ने प्रगति मैदान नई दिल्ली में आयोजित औद्योगिक विकास एवं व्यापार विस्तार एक्सपो में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन में विभिन्न उद्योगपतियों, निवेशकों और सरकारी अधिकारियों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

आईआईए चैप्टर चेयरमैन पवन कुमार गोयल के नेतृत्व में एक उद्योगिक टूर भारत बुल्ड एक्सपो 2025 प्रगति मैदान नई दिल्ली में गया। टूर में चलने से पूर्व सभी का तिलक और पटका पहनाकर स्वागत किया गया। इस टूर में पूर्व चेयरमैन विपुल भटनागर, जॉइंट सेक्रेटरी अमन गुप्ता, राहुल मित्तल, पीआरओ राजशाह ने सभी टूर से पूर्व पटका पहनाकर तलक लगाकर सभी का अभिनन्दन किया!

इस दौरान, यात्रा को यादगार बनाने के लिए अंताक्षरी, गीत-संगीत और हास्य-व्यंग्य का बस में आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने बचपन की यादें ताजा कीं और सफर को यादगार बनाया। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने एक्सपो में उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार उद्योगों के विकास को प्राथमिकता दे रही है। एमएसमइ और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए सरकार विभिन्न योजनाओं पर कार्य कर रही है, जिससे व्यापारियों और उद्योगपतियों को अधिक अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

मुज़फ्फरनगर चौप्टर के प्रति. निधियों ने हाल नंबर 6 में स्थानीय उद्योगों के स्टॉल का अवलोकन किया और वहां मौजूद उद्यमियों को सम्मानित किया। इस एक्सपो में स्टार्टअप्स, डैडम्, डिजिटल परिवर्तन, निर्यात व्यापार, ऑटोमेशन और ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरे में प्रमुख रूप से आई आई ए चेयरमैन पवन कुमार गोयल, पूर्व चेयरमैन विपुल भटनागर, मनोज अरोरा, नवीन अग्रवाल, शरद जैन, जॉइंट सेक्रेटरी अमन गुप्ता, राहुल मित्तल, पीआरओ राज शाह, अरविंद मित्तल, अनमोल अग्रवाल, समर्थ जैन, राजेश गोयल, कपिल मित्तल, प्रेरक जैन, प्रीतुल जैन, सीए पवन गोयल, सीए अतुल अग्रवाल, मनोज गर्ग, राकेश जैन, मुदित जैन, मनोज गुप्ता, आरके सैनी, मनीष जैन, नमन जैन, मोहित गर्ग, अमित सिंघल, हिमांशु गर्ग, तुषार गुप्ता एडवोकेट, अक्षत जिंदल, सूरज तनेजा, अनमोल तनेजा, सौरभ मित्तल, गिरीश अरोरा, जेके मित्तल, अर्पित गोयल, अनमोल गर्ग, अपूर्व गर्ग, विवेक कुमार आदि द्वारा भ्रमण किया गया।



# जिला एकीकरण समिति की बैठक में सदस्यों से मांगे सुझाव

**मुजफ्फरनगर।** जिला एकीकरण समिति की बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिला विकास अधिकारी मत्सय नाथ द्विवेदी ने सदन को अवगत कराया कि भारत सरकार के द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत पात्र लोगों के लिए सर्वे कार्य जनपद में चल रहा है जो 31 मार्च 2025 तक चलेगा। सर्वे में जो लोगों आवास विहीन है या कच्ची छत व दीवारें है उन परिवारों को चिन्हित किया जा रहा है यदि कोई पात्र परिवार छूट रहा है, तो वह परिवार अपना सर्वे स्वयं एप के माध्यम से 31 मार्च तक कर सकते हैं जिससे उन परिवारों को आवास हेतु पंजीकृत हो जाएगा। उन्होंने समिति के सदस्यों से कहा कि अपने आसपास के ऐसी कोई पात्र व्यक्ति हो उनका सर्वे अवश्य कराए जिससे उनको आवास का लाभ मिल सके।

राष्ट्रीय एकीकरण के समिति सदस्यों ने कहा कि सोशल मीडिया में कुछ ऐसे व्यक्ति गलत मैसेज करते हैं जिससे माहौल बिगड सकता है, ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई की जाए, ऐसे मैसेज पर ध्यान ना दिया जाए और ना ही किसी दूसरे को वह मैसेज फॉरवर्ड किया जाए, सभी लोग एक दूसरे से भाईचारे के साथ अपने-अपने त्योहारों के पर्वो को मनाएं।

महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, आदि की योजनाओ की जानकारी दी गई। राष्ट्रीय एकीकरण समिति के सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव भी दिये, जिस पर जिला विकास अधिकारी ने सुझाओ पर अमल करने का अश्वासन दिया।

बैठक में बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉक्टर राजीव कुमार द्वारा विभागीय योजनाओं के पंपलेट भी वितरित किए गए। बैठक में जिला विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी तथा राष्ट्रीय एकीकरण समिति के सदस्य रहे।


## सम्बंध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा लडका देवेन्द्र कुमार तथा मेरी पुत्रवधू ममता मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने में नही है इसलिए मैने अपने पुत्र तथा पुत्रवधू से सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किये गये किसी भी लेन-देन या कृत्य की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**भवदीय**

**सुरेन्द्र कुमार पुत्र मंगल सैन निवासी आदर्श कालोनी, निकट टॉवर वाली गली, जिला-मुजफ्फरनगर**

## सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र स.12426 31.12.10 मे नियमो की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम प्रणय अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**सुनील 207/29/2**
Sauth Krishnapuri
Muzaffarnagar


# जल निकासी का समाधान न होने पर ग्रामीणों ने दी आत्मदाह की चेतावनी

**जहगींरपुर मजरा सोंटा के ग्रामीणों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन**

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** बुधवार को गांव जहगींरपुर मजरा सोन्टा के ग्रामीणो देवी सिंह, विजय, प्रदीप,सचिन, सागर, लखीराम, शनि, फुल्ला, रमेश कुमार, धर्मपाल, सुदेश, रविंद्र, सुंदर, नीटू, विष्णु, मदन पाल आदि ने खतौली तहसील पहुंचकर हंगामा प्रदर्शन करते हुए एसडीएम मोनालिसा जो. हरी को ज्ञापन देकर बताया उनके गांव में गन्दा पानी भराव होने के कारण गन्दगी फैल रही है जिससे ग्रामीणों में हैजा तपेदिक और बुखार जैसी गंभीर बीमारिया फैल रही है। ग्रामीणों ने बताया की इस गन्दगी का कारण मुख्य रूप से गांव में पूर्व में जो नाला बना हुआ था उसे रेलवे विभाग द्वारा तोडकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया और नाले की एवज में राकेश पुत्र इन्द्रपाल के खेत की जमीन का अधिग्रहण कर लिया जिससे गांव के ग्रामीणो को कोई परेशानी न हो। मगर इसके बाद भी गांव के गन्दे पानी की निकासी के लिए नाले का निर्माण नही कराया गया है। नाले का निर्माण न होने के कारण ग्रामीणो को काफी परेशानी उत्पन्न हो रही है। ग्रामीणों ने एसडीएम को बताया की उक्त प्रकरण पर पूर्व में भी तहसील अधिकारियों को अवगत कराया गया था जिस पर अधिकारियों ने उनकी समस्या को अनसुना किया, अधिकारियों की उदासीनता के चलते आज तक गांव के गन्दे पानी की निकासी का कोई प्रबन्ध नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने एसडीएम मोना. लिसा जोहरी से गुहार लगाई की जल्द ही गांव में गन्दे पानी की निक. ासी की समस्या का समाधान किया जाए। ग्रामीणों ने चेता. वनी दी अगर जल्द गंदे पानी की समस्या का समाधान नही हुआ तो गुरुवार को गांव के दर्जनों ग्रामीण रेलवे ट्रैक मन्सूरपुर पर आत्म दाह कर लेगें। एसडीएम ने ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद उन्हें मामले की जांच कराकर जल्द समस्या का समाधान करने का अश्वासन दिया है।



# पड़ोसी पर लगाया मिट्टी खनन करने का आरोप

**बुढ़ाना।** गांव भसाना निवासी किसान ओमपाल सिंह पुत्र पिरथी सिंह ने बुढ़ाना एसडीएम कार्यालय पर पहुंचकर एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके खेत गांव के रकबे में ही हैं। उसका खेत का पड़ोसी योगेश कुमार अपने खेत की लगभग पांच फुट मिटी उठाकर उसके खेत को ऊंचा कर दिया है। अब जब वह अपने खेत में पानी चलाता है तो सारा पानी इधर उधर चला जाता है और उससे उसकी खेती सूख रही है। उसने पड़ोसी योगेश को ऐसा करने से रोका तो उसने उसको धमकी देते हुए कहा कि जो करना है कर ले वो इसी तरह से मिटी उठाएगा। पीड़ित किसान ओमपाल सिंह ने एसडीएम से गुहार लगाई है कि वे उप किसान योगेश कुमार के खिलाफ कार्यवाही करें। योगेश अपने खेत की मिटी आसपास के किसी भटा मालिक को बेंच रहा है। जिसके चलते उसके खेत की चकरोड के साथ साथ उसका खेत भी पूरी तरह से खराब हो गया है।

# चैकिंग के दौरान तीन बदमाश गिरफ्तार

**जानसठ।** अपराध व अपराधीयो की धरपकड़ हेतु पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया चेकिंग अभियान के अंतर्गत पुलिस ने मुकदमे में वांछित चल रहे तीन अभियुफ को गिरफ्तार किया हैं तो वही एक अभियुफ चोर को पुलिस ने पीतल चखाया हैं।

पुलिस ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी दी कि गढी तिराहे पर स्थित एक कोल्हू के पास से मोटरसाइकिल चोरी की थी जिसमें इन लोगों के खिलाफ जानसठ थाने पर मुकदमा दर्ज किया गया था तभी से पुलिस चोरों की तलाश में लगी हुई थी तथा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरो को भी खंगालने मे लगी हुई थी। मंगलवार की देर रात पुलिस को मुखबिर के द्वारा सूचना मिली की कुछ संदिग्ध लोग गढी तिराहे पर स्थित कोल्हू के पास घूम रहे हैं पुलिस ने तुरंत टीम मे उप निरीक्षक मोहित तेवतिया उप निरीक्षक धर्मवीर कर्दम हेड कांस्टेबल जीत सिंह अमित कुमार नीटू अनुज कुमार अली विनेश आदि को मुखबीर द्वारा बताए गए स्थान पर चेकिंग के लिए भेजा।जहां से पुलिस ने तीन अभियुफों को गिरफ्तार किया तथा एक अभियुफ वहां से फरार हो गया।

पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपनी पहचान सत्यम पुत्र प्रमोद निवासी बच्चन सिंह कॉलोनी गली नंबर 6 नई मंडी मनीष पुत्र महिपाल निवासी अर्जुन नगर कॉलोनी नई मंडी मुजफ्फरनगर व आतिश उर्फ सोनू पुत्र महावीर निवासी कुन्हेड़ा थाना हस्तिनापुर जिला मेरठ के रूप में कराई। पुलिस ने अभियुफों से पूछताछ की तो अभियुफो के द्वारा दिद्न 11.3.25 को दोपहर के समय ग्राम गढ़ी से मोटर साईकिल सं0 12ठम्6806 चोरी करना बताया गया। तीनों अभियुफ मोटरसाइकिल चोरी के मुकदमे में तभी से वंचित चले आ रहे थे।जिसमे एक चोर भागने मे सफल हो गया था।

## मुठभेड़ में एक चोर को किया घायल

**जानसठ।** बुधवार की दोपहर चौथा अभियुक्त जो फरार हो गया था पता करने के लिए मोटरसाइकिल से जानसठ की ओर आ रहा था भलवा चौकी के पास पुलिस चेकिंग कर रही थी पुलिस चेकिंग के अभियान के दौरान बाइक पर आ रहे युवक को रोकने का पुलिस ने इशारा किया तो वह पुलिस को देखकर गांव बसायत जंगल की ओर भागने लगा तथा भागते हुए पुलिस पर फायर झोक दिया पुलिस ने भी आत्मरक्षा में गोली चलाई गई पुलिस के द्वारा चलाई गई गोली बदमाश के पैर में लगी पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की गई तो पुलिस पूछताछ में उसने अपनी पहचान सूरजपुत्र ललित गेट नंबर 2 शांति नगर कॉलोनी नई मंडी मुजफ्फरनगर के रूप में कराई पुलिस ने उसके पास से एक बाइक स्प्लेंडर प्लस एक अवैध तमंचा एक कारतूस व एक खोखा कारतूस पुलिस ने बरामद करने का दावा किया है। पुलिस गिरफ्तार किए गए चोरों के इतिहास को खगाल रही है।


## प्रेस नोट

आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के पत्र संख्या 30635 / टास्क फोर्स-92 (TC-10)/ एण्ड टू एण्ड सोल्यूशन कियान्वयन / 2019-20 दिनांक 18.03.2025 के कम में जनपद मुज़फ़्फ़रनगर के वर्ष 2024-25 के देशी शराब विदेशी मदिरा एवं बीयर की फुटकर विकी की दुकानों एवं मॉडलशॉप्स के अनुज्ञापियों को सूचित किया जाता है कि अपने-अपने अनुज्ञापनों पर आवंटित PoS मशीनों को दिनांक 31.03.2025 का दुकानों की समयावधि की समाप्ति पर सुरक्षित रूप से क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षको अथवा सेवा प्रदाता कम्पनी (ओएसिस) द्वारा अधिकृत किये प्रतिनिधि के माध्यम से कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी अधिकारी मुज़फ्फरनगर में प्राप्त कराया जाना सुनिश्चित करे।

उक्त के अतिरिक्त वर्ष 2025-26 हेतु जनपद मुजफ्फरनगर के देशी शराब, कम्पोजिट दुकान एवं मॉडलशॉप्स के नवचयनित अनुज्ञापियों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, मुजफ्फरनगर से PoS मशीनें अपने पक्ष में आवंटित कराकर सेवा प्रदाता कम्पनी (ओएसिस) द्वारा अधिकृत किये गये प्रतिनिधि के सहयोग से इनका IESCMS पोर्टल से इंटीग्रेशन कराते हुए दिनाक 01.04.2025 से मदिरा की प्राप्ति एवं बिक्री किया जाना सुनिश्चित करे।

**( राकेश बहादुर सिंह )**
**जिला आबकारी अधिकारी,**
**मुजफ्फरनगर।**

# युवती ने पंखे से लटककर दी जान, इंटरमीडिएट की दी थी परीक्षा

## शुगर मिल में कार्यरत है मृतका का पिता

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** त्रिवेणी शुगर मिल परिसर में उस समय हड़कंप मच गया, जब घर में मौजूद एक 16 वर्षीय युवती ने दुपटे का फंदा पंखे से लटका कर अपनी जान दे दी। घटना का पता तब चला जब शुगर मिल में ही कार्यरत युवती का पिता डयूटी खत्म कर वापस घर लौटा। बेटी को फंदे पर झूलता देख पिता की चीख निकल गई। शोर शराब सुनकर आस पड़ोस के लोग भी घरों से निकल आए। तत्काल घटनाक्रम की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतर कर पंचनामा भर आगे की कार्रवाई शुरू की।

जानकारी के अनुसार कस्बे के शेखपुरा स्थित त्रिवेणी शुगर मिल में संजय सिंह मशीन ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। उनका परिवार मुरादाबाद में स्थाई रूप से रहता है। यदा कदा उनकी पत्नी व बेटियां उनसे मिलने आती रहती हैं। संजय सिंह की तीन बेटियां हैं, जिनमें से एक बेटी की शादी वह कर चुके हैं। सबसे छोटी बेटी आकांक्षा श्रीवास्तव ने हाल ही में संपन्न हुई यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी। बताया जा रहा है कि वह 2 दिन पूर्व भी अपने पिता से मिलने उनके पास आई थी। बुधवार को दिन में वह अपने पिता को खाना देने उनके कार्यालय में भी गई थी। शाम को जब संजय सिंह अपनी डडूटी खत्म कर शुगर मिल परिसर में स्थित आवासीय परिसर में अपने घर पहुंचे तो दरवाजा खोलते ही उनकी चीख निकल गई। उनकी आंखों के सामने उनकी बेटी पंखे से फंदा लटका कर मृत हालत में झूल रही थी। संजय की चीख सुनकर आस पड़ोस के लोग भी एकत्रित हो गए और यहां का नजारा देखकर हक्का-बक्का रह गए। तत्काल सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे भूड़ चौकी प्रभारी आरिफ अली ने शव को फंदे से उतरवाया और पंचनामा भर अग्रिम कार्रवाई में जुट गए। मरने से पूर्व आकांक्षा ने एक सुसाइड नोट भी लिखकर छोड़ रखा था। जिसमें उसने लिखा था कि वह अपने परिवार से बहुत प्यार करती है और अब वह अपने बाबा के पास जा रही है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच कराई जाएगी।

# फर्जी मुकदमे से परेशान युवक टावर पर चढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** थाना क्षेत्र के गांव बेगराजपुर निवासी रवि पुत्र उधम सिंह गांव में लगे मोबाइल के टावर पर चढ़ गया। ग्रामीणों ने टावर पर चढ़ने का कारण पूछा तो रवि ने बताया कि उसका एक पड़ोसी के साथ कोई विवाद चला आ रहा है। उक्त पड़ोसी ने उस पर झूठा मुकदमा दर्ज करवा दिया है। वह मुकदमें से तंग आ चुका है। उसने पुलिस को भी कई बार कहा कि मुकदमा फर्जी हैं, मगर पुलिस भी निष्पक्ष कार्रवाई नहीं कर रही। मैं मुकदमें से परेशान हो चुका हूं। जब तक उस पर लगे मुकदमे में समझौता नहीं कराया जाता, तब तक वह टावर से नीचे नहीं उतरेगा। टावर पर रवि के चढ़ने की सूचना जब पुलिस को मिली तो थाना पुलिस मौके पर पहुंची। काफी समय तक पुलिस तथा ग्रामीणों ने उसे समझाया तब कहीं जाकर ग्रामीण रवि टावर से नीचे उतरा। यह मामला दिनभर गांव में चर्चा का विषय बना रहा।

# किशोरी ने लव करने से इंकार किया तो युवक ने खाया जहर

## दूसरे ने बाप के धमकाने पर पी ली जहरीली दवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक युवक ने अपने ही गांव की एक नवयुवती को मौका पाकर प्रपोज कर दिया तो नवयुवती ने युवक को जमकर लताड़ पिला दी। जिससे क्षुब्ध होकर युवक ने घर में रखे जहर का सेवन कर लिया।

उधर दूसरे युवक ने भी बाप के धमकाने पर घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। दोनों युवकों को उपचार के लिए हस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों ही घटनाओं की सूचना पुलिस को दे दी गयी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव के निवासी सौरभ ने बुधवार की सुबह अपने ही गांव की किसी लड़की को रास्ते में गुलाब का फूल देकर प्रपोज किया तो लड़की ने गुस्से में आकर सौरभ को डांट दिया। बस इसी बात से क्षुब्ध होकर सौरभ ने जहर का सेवन कर लिया। दूसरी घटना में बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव के निवासी अंशुल को उसके पिता ने बुधवार की सुबह किसी बात पर डांट डपट दिया। बस इसी बात से क्षुब्ध होकर अंशुल ने घर में रखी कीटनाशक दवाई पी ली। हालत बिगड़ने पर दोनों को एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया गया। बुढ़ाना पुलिस को भी दोनों घटनाओं की सूचना दे दी गयी है। समाचार लिखे जाने तक हस्पताल में दोनों युवकों का उपचार चल रहा था।



मुजफ्फरनगर: किसान दिवस में मौजूद सिटी मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारी। ( समाचार तीन पर )

# समाधान दिवस में दी गई शिकायत का नहीं हुआ निस्तारण

## भाकियू नेताओं ने एसडीएम के समक्ष जताया रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** दो दिन पूर्व ही संपूर्ण समाधान दिवस मे दी गयी एक शिकायत का निस्तारण न होने पर बुधवार को भाकियू नेताओं का प्रतिनिधिमंडल भाकियू के जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान के नेतृत्व में एसडीएम राजकुमार भारती से मिला और कड़ी नाराजगी जताते हुए उक्त शिकायत का आजकल में ही निस्तारण करने की बात कही। शिकायत का निस्तारण ना होने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी गयी है। यहां भाकियू के जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान ने बुढ़ाना एसडीएम को मौखिक रूप से बताया कि गांव अलीपुर अटेरना में तालाब का पानी घरों और रास्ते में भरने की शिकायत दो दिन पूर्व संपूर्ण समाधान दिवस मे गांव अलीपुर अटेरना के काफी लोगों द्वारा भाकियू जिला संगठन मंत्री विकास



त्यागी प्रधान व भाकियू नगर अध्यक्ष मोहम्मद इसरार के नेतृत्व में बुढ़ाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव से की गयी थी लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी उक्त समस्या का समाधान नहीं किया गया। जो कि बड़े ही शर्म की बात है। गांव के उमेश, संजीव और रवि राजपूत सहित अन्य कई ग्रामीणों के मकान में तालाब का गंदा पानी भरा हुआ है। गांव के लोगों को बहुत ही दिक्कत आ रही है। भाकियू जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी प्रधान ने बताया कि गांव के खसरा नंबर 713 पर कुछ ग्रामीणो ने अवैध कब्जा कर कूड़ा डाला हुआ है। जिसमें गांव के मेन रास्ते व घरो में तालाब का गंदा पानी भर गया है। एसडीएम श्री भारती ने भाकियू नेताओं को उक्त समस्या का समाधान आजकल में ही करने का आ्वासन दिया है।

# संक्षिप्त समाचार

## कई नाकारा पदाधिकारियों को दी गई चेतावनी

**बुढ़ाना।** आजाद समाज पार्टी कांशीराम के जिला प्रभारी विकास अंबेडकर एडवोकेट ने बुधवार के दिन कई निष्क्रीय पदाधिकारियों को नोटिस थमाया है। सभी को पार्टी में कार्य ना करने पर बाहर का रास्ता दिखाने की चेतावनी दी गयी है। विकास अंबेडकर ने पार्टी के नगर अध्यक्ष नीरज वाल्मिकी, विधानसभा अध्यक्ष दीपक कश्यप और नगर प्रभारी अनु जाट को भेजें गये नोटिस में कहा कि आपको नगर प्रभारी बने लगभग 2 महीने हो गए। आपके द्वारा कोई भी रिपोर्ट उन्हें नहीं दी गई। कई बार आपसे आपकी कमेटी व बूथ कमेटी उनके द्वारा मांगी गई। फिर भी आपके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। यह संदेश आपके लिए आखिरी संदेश है। अगर आपके द्वारा 3 दिन के अंदर कोई जवाब या संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया गया या आपकी कमेटी या कोई रिकॉर्ड आपके द्वारा नहीं दिया गया तो इसका मतलब आप कार्य नहीं कर पा रहे हैं। आप नगर प्रभारी पद के लिए सक्षम नहीं हैं। इसीलिए आप स्वयं को पदमुक्त कर लें और अन्य व्यक्ति को मौका दें अन्यथा हमें इसमें परिवर्तन करना पड़ सकता है। दूसरी और इन नोटिसों का ये असर हुआ कि अनु जाट ने अपने पद से इस्तीफा देते हुए कहा है कि में अपने पद से अपनी इच्छा से इस्तीफा दे रहा हूं।

## मुख्य दरवाजा खटखटाने व कुंडी बंद करने का आरोप

**बुढ़ाना।** एक महिला ने मौहल्ले के कुछ युवकों पर उसके घर का मुख्य दरवाजा खटखटाकर और कुंडी लगाकर बिना वजह परेशान का आरोप लगाते हुए बुढ़ाना पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कस्बे के मोहल्ला करबला रोड निवासी एक महिला मोनिका पत्नी सचिन कुमार ने बुढ़ाना कोतवाली में पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि उसका मकान मुस्लिम आबादी के बीच मे स्थित है। वहां पर हिंदुओं के मात्र तीन ही मकान है। आरोप है कि लगभग तीन हफ्ते से दिन निकलने से लेकर देर रात के समय तक मुघस्लिम समाज के कुछ आवारा टाइप नवयुवक उनके घर का मुख्य दरवाजा खटखटाते हैं और उनको बहुत परेशान करते हैं। देर रात के समय उन्होंने मुघस्लिम युवकों को दरवाजा पीटने तथा कुंडी लगाते हुए देखा है। जिसकी घशिकायत उन्होंने मघस्जिद के मौलाना तथा मोहल्लेवालों से की थी लेकिन उन्होंने अब तक भी उनके संबंध मे कोई भी जवाब नही दिया है। महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी युवकों के घखिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। उधर बुढाना पुलिस ने बताया कि तहरीर मिली है। उक्त घटना की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजें देखने शुरु कर दी हैं ताकि इन नवयुवकों की करतूतों का पता लग सके।

## बच्चों के आपसी विवाद में तीन घायल

**मीरांपुर।** ग्राम सम्भलहेडा में बच्चो के आपसी विवाद में एक बच्चे व महिला सहित तीन लोग घायल हो गये। पुलिस ने पीडिता की तहरीर पर एक दर्जन हमलावरो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम सम्भलहेडा निवासी मलिका पत्नी टोनी व शाहीन पत्नी रजब अली का एक सप्ताह पूर्व बच्चो को लेकर विवाद हो गया था। ग्रामवासियों ने आपसी सहमति के बाद विवाद को समाप्त करा दिया था। लेकिन घटना के एक घंटे बाद मलिका ने अपने मायके ग्राम मुझेडा से फोन कर वहां से लगभग एक दर्जन लोगो को सम्भलहेडा बुला लिया तथा शाहीन के परिवार के लोगो पर लाठी डंडो व धारदार हथियारो से हमला कर दिया गया था जिसमें रजब अली, इनका पुत्र व शाहीन की ननद को काफी चोटें आयी थी। पीडिता ने थाने पहुंच कर मलिका पत्नी टोनी, जैद पुत्र टोनी, सोनू व पप्पू सहित एक दर्जन लोगो के विरूद्ध मारपीट कर जानलेवा हमला करने का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## टांडा में शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव आयोजित

**बुढ़ाना।** एबीएसए किरण यादव के मार्गदर्शन के अनुसार आज प्राथमिक विद्यालय टांडा माजरा दो में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें एआरपी अमीर अहमद, ग्राम प्रधान सुशीला देवी, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विकास कुमार, प्रधानाध्यापक विवेक कुमार, प्रविंद्र कुमार सहायक अध्यापक, सरु सहायक अध्यापिका, अंगूरी देवी शिक्षा मित्र और उषा देवी आंगनवाड़ी उपस्थित रही। अमीर अहमद ने सभी अभिभावकों को सरकारी विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं के विषय में बताया और बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए भी प्रेरित किया। सभी कक्षाओं के बच्चों ने दौड़ प्रतियोगिता मे प्रतिभाग किया। जिसमें कक्षा एक में तन्वी और दीपांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 2 में कीर्ति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 3 में देवांशी और अश्विन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 4 में भव्या और शिवम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 5 में प्रणिता पंवार और हैप्पी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया और कक्षा में सबसे ज्यादा उपस्थित रहने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया।

# एमडीएस कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बुधवार को मन्सूरपुर में स्थित विद्यालय एमडीएस विद्या मन्दिर इन्टर कॉलिज में बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारम्भ प्रबन्धक सन्दीप कुमार, प्रधानाचार्य अनिल कुमार एवं संचालक अनिल शास्त्री ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया। इस प्रदर्शनी में कक्षा चार से कक्षा नौ तक के विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडल प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रतिभा को साबित किया। निर्णायक मण्डल में विक्रान्त कुमार, मनोज कुमार, रेनू चौधरी, प्रीति सैनी रहे। बच्चों के मॉडल ने वहाँ मौजूद निर्णायक मण्डल को आश्चर्यचकित कर दिया। इस अवसर पर सुनीता



विलियम्स में अंतरिक्ष से सकुशल लौटने पर भी सभी ने एक दूसरे का बधाई दी एवं ईश्वर का धन्यवाद दिया।

विद्यालय के प्रबन्धक संदीप कुमार ने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों को विज्ञान की दुनिया से अवगत कराना और उनके अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देना है। साथ ही, यह विद्यार्थियों को नए विचारों और खोजों के प्रति उत्साहित करेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने कहा कि यह प्रदर्शनी छात्रों को विज्ञान के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराने और उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

# श्री शीतला माता बबरे वाली के मेले में निकाली ध्वज यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** महाभारत कालीन श्री शीतला माता (बबरे वाली) मंदिर में वार्षिक मेले के दूसरे दिन भव्य ध्वज यात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा पडाव चौक से प्रारंभ होकर सैनी भटा, दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग होते हुए मंदिर परिसर तक पहुंची। हजारों श्रद्धालुओं ने इस पावन यात्रा में भाग लिया, जिनमें महिलाएँ, बुजुर्ग और बच्चे भी बड़ी संख्या में शामिल रहे।

भक्तों का उत्साह और श्रद्धा यात्रा के दौरान देखते ही बन रहा था। जयकारों और भजनों की मधुर ध्वनि से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु माता की महिमा का



गुणगान करते हुए आगे बढ़ रहे थे। ढोल-नगाड़ों और शंखध्वनि के साथ यात्रा का स्वागत किया गया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर भक्तों पर लोगो ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। मंदिर परिसर में पहुंचने के बाद विधि-विधान से माता के ध्वज की स्थापना की गई। श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा भाव से माता की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। माता के प्रति आस्था और समर्पण का यह अनुपम दृश्य पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर रहा था। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

शीतला माता बबरे वाली मंदिर की मान्यता मंदिर के प्रबंधक अनिरूद्ध शारदा ने बताया कि यह मंदिर न केवल मीरापुर बल्कि समूचे उत्तर भारत के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। मान्यता है कि इस मंदिर में प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु प्रसाद चढ़ाने और माता का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आते हैं। विशेष रूप से नवजात बच्चों के मुंडन संस्कार के लिए यह मंदिर प्रसिद्ध है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहाँ आकर अपने बच्चों का मुंडन कराते हैं और माता की विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। इसके अलावा, नवविवाहित जोड़े भी अपने वैवाहिक जीवन को सुखमय बनाने के लिए माता का आशीर्वाद लेने मंदिर आते हैं। मान्यता है कि जो भी सच्चे मन से माता के दरबार में आता है, उसकी सभी मनोक. मनाएँ पूर्ण होती हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार, इस मंदिर की स्थापना महाभारत काल में अर्जुन के प्रपौत्र बबरूवाहन ने की थी। घोर तपस्या के बाद उन्हें शीतला माता के साक्षात दर्शन प्राप्त हुए थे। तभी से इस मंदिर को बबरे वाली माता के नाम से जाना जाता है। श्रद्धा और विश्वास का यह पावन मेला भक्तों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण एक अद्भुत अनुभव बनकर संपन्न हुआ।

# युवा रालोद जिलाध्यक्ष पर महिला ने लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष गज्जू पठान पर एक महिला ने गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

बुढाना कस्बे की एक महिला ने बुधवार को बुढ़ाना पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसका पति विकलांग है। उसका चंधेडी रोड पर मकान है। जिसके आधे हिस्से का फिरोज व इसराईल नामक व्यक्ति ने धोखाधडी से बैनामा करा लिया था तथा बाकी हिस्से में तब से आज तक उसका परिवार रह रहा है। बीती 16 मार्च की रात्रि दस बजे उक्त दोनों व्यक्ति व उनका साथी गज्जू तीनों व्यक्तियों उक्त आधे हिस्से के मकान में बैठकर शराब पी रहे थे



तथा शराब के नशे में उक्त तीनों उस पर और उसकी लडकी पर अश्लील कमेंट कर रहे थे व शराब की बोतल व चिकन उसके मकान में फेंक रहे थे। जब उसने विरोध किया तो उक्त व्यक्तियों में से किसी ने कॉल करके उसके पति को अपने मकान पर बुलाने को कहा तो वह, उसके पति व पुत्र उक्त व्यक्तियो के मकान पर गये तो तीनो ने उसके साथ छेडखानी कर उसके कपडे फाड दिये तथा उसके, पति व पुत्र संग मारपीट की तथा घर से निकाल दिया। तीनों व्यक्ति दबंग हैं तथा उनमें गज्जू व फिरोज का सन 2016 में आबाद निवासी बुढाना पर अवैध तमंचे से फायर कर जान से मारने का प्रयास का आरोप है। जिसमें दोनो ने आबाद की भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया था। पीडिता ने बुढ़ाना पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। बुढ़ाना पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

## क्या बोले युवा रालोद जिलाध्यक्ष गज्जू.......

बुढ़ाना। इस संबंध में जब युवा रालोद के जिला अध्यक्ष गज्जू पठान से बात हुई तो उन्होंने बताया कि पहली बात तो वे आरोप लगाने वाली उक्त महिला को नहीं जानते। दूसरे वे शराब का सेवन नहीं करते। आरोप लगाने वाली महिला उन पर मनगढ़ंत आरोप लगाकर उनकी छवि को धूमिल कर रही है। पुलिस निष्पक्ष जांच करे तो दूध का दूध पानी का पानी हो। वे इस तरह के बेबुनियाद आरोप लगाने वाली महिला के खिलाफ कोर्ट में मानहा. नि का दावा करेंगे। वे जांच में पुलिस का सहयोग करने को तैयार हैं।

**( युवा रालोद जिलाध्यक्ष गज्जू पठान )।**

# होली चाईल्ड में बच्चों ने देखी सुनीता की वापसी की वीडियो

**मुजफ्फरनगर।** होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जडौदा के सभागार में भारतीय मूल की अमे. रिकी नागरिक सुनीता विलियम्स और बुज विल्मोर की 9 महीनें बाद पृथ्वी पर वापसी की विद्यार्थियों को वीडियों दिखाकर उनकी उत्सुकता एवं और मस्तिष्क में आये विचारों को वीडियों के माध्यम से अंतरिक्ष से पृथ्वी तक की वापिसी एवं कठिनाई को जाना तथा सुनीता विलियम्स और बुज विल्मोर को पृथ्वी पर उतरते समय विद्यार्थियों ने खुशी का माहौल प्रकट किया। प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया ने विद्यार्थियों को बताया कि भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके सहकर्मी बुच विल्मोर ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आई0एस0एस0) से पृथ्वी पर भारतीय समयानुसार प्रात: 03:27 बजे स्पलैशडाउन किया।

उनके साथ निक हेग और अलेक्जेंडर गोरबुनोव भी से पृथ्वी पर लौटे हैं। नासा के स्पेसएक्स क्रू-9



मिशन के चार सदस्य फ्लोरिडा के समुद्र तट पर उतरे।

सुनीता विलियम्स और बुज विल्मोर 9 महीनें से अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर थे, इन्होंने 6 जून 2024 को बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान पर सवार होकर अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए अपना मिशन शुरू किया था। भारत में सुनीता विलियम्स और बुज विल्मोर की पृथ्वी पर कुशल वापसी के लिए भारतवासी ईश्वर से प्रार्थना एवं भजन कर रहे थे।विद्यार्थियों में आँचल सैनी, ईशु और लक्की कुमार ने अपनी भावनाओं को बताते हुए कहा कि कल से हम सभी अंतरिक्ष यात्रियों के सकुशल लौटने की प्रार्थना कर रहे थे और हम उस क्षण को देखकर बडे ही उत्साहित हो रहे थे जब अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी पर लौटे।

# शोभा यात्रा के साथ भगवत कथा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ज्ञात हो कि आवास विकास कालोनी मुजफ्फर नगर में भव्य शोभायात्रा के साथ श्री मद भागवत कथा का हुआ शुभारम्भ

कथा से पूर्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश रखकर बैंड बाजे की धुन पर नृत्य करते हुए अनेकानेक गलियों से भ्रमण करते हुए बड़ी संख्या में लोग कथा स्थल पर पहुंचे इस अवसर पर कथा व्यास गंगोत्री तिवारी मृदुल जी महाराज ने श्री मद भागवत महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जब हमारे पूर्व जन्मों के पुण्य उदित होते है तब हमे भगवत कथा करने का सौभाग्य प्राप्त होता है जिसके कुल खान दान में अगर एक बार श्री मद भागवत का आयोजन हो जाता है।

तो उसके सात जन्मों के पूर्वजों का उद्धार हो जाता है व्यास जी ने गोकर्ण धुंधकारी के प्रसंग को श्रवण कराते हुए कहा कि धुंधकारी उच्च कुल में जन्म लेकर जब नीच कर्म किया तो उसे प्रेत योनि प्राप्त हुई तो



गो कर्ण महाराज जी ने उसे भागवत कथा श्रवण कराकर प्रेतत्व योनि से मुक्ति दिलाई इस अवसर पर अपने पचासवीं वैवाहिक वर्ष गांठ के उपलक्ष्य में ओमपाल सिंह धामा शकुंतला धामा ने सपत्नीक मुख्य यजमान की भूमिका निभाते हुए भागवत जी व व्यास जी का पूजन कराया व राजीव सिंह धामा दीपक सिंह धामा डॉ संजय गुप्ता विशाल सिंह वैभव जैन ज्योति सिंह डेजी सिंह मानसी गुप्ता स्वाति जैन प्रीति सिंह बबीता जैन सुनील जैन मधु उपाध्याय समेत बड़ी संख्या में श्रधालु उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गोवंश से भरे ट्रक को देख आया शिवसैनिकों में उबाल

## पुलिस ने ट्रक चालक सहित अन्यों को लिया हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मेरठ करनाल हाईवे स्थित गाड़ी वाला चौराहे के निकट गोवंश से भरे ट्रक को शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने रोक कर हंगामा कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक सहित अन्य लोगों को हिरासत में ले लिया। जबकि व्यापारियों ने गोवंश पशु पैठ से खरी. दने की पर्ची भी दिखाई।



बुधवार दोपहर गाड़ी वाला चौराहा के निकट शिवसेना कार्यकर्ताओं ने गोवंश से भरे मिनी ट्रक को रुकवाकर हंगामा शुरू कर दिया। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक व अन्य लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया, वहीं गोवंशों को ट्रक से उतार कर नजदीकी गौशाला में भिजवाया। शिवसेना के मंडल महासचिव बलिस्टर छाचियान ने बताया कि हमारे कार्यकर्ताओं को इसकी सूचना मिली थी की मिनी ट्रक में क्रूरता से ठुस ठुस कर गौ वंशो को भर रखा है। जिला महामंत्री योगेंद्र कुमार व जिला संगठन मंत्री राजकुमार तहसील प्रभारी नीरज कुमार के नेतृत्व में इस ट्रक को रुकवाया तथा पुलिस को सूचना दी, वहीं गौ वंशो के ले जा रहे ट्रक चालक जगतार सिंह ने बताया कि हम पारसी घाट पशु मंडी से पशु खरीद कर पंजाब के जिला संगरूर में लेकर जा रहे थे। सभी दुधारू गाय हैं और सभी गायों की हमारे पास मंडी की पक्की हुलिया पर्ची भी मौजूद है।

# दिल्ली व जयपुर की तर्ज पर सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका द्वारा शहर के प्रमुख बाजारों में दिल्ली और जयपुर की तर्ज पर लाईटिंग और सौंदर्यकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। इस पहल का उद्देश्य शामली के बाजारों को और अधिक आकर्षक और व्यवस्थित बनाना है, जिससे न केवल शहर की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि व्यापारियों को भी इसका लाभ होगा।



मंगलवार देर रात्रि शहर के बडा बाजार चौक पर सौंदर्यकरण के तहत विभिन्न चौकों और प्रमुख सड़कों पर आकर्षक लाईटिंग और सजावट करने के उददेश्य से नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने विकास कार्यो का शुभारंभ किया। बड़ा बाजार चौक में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका के चेयरमैन अरविन्द संगल ने लाईटिंग के इस प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह योजना शामली को एक नई पहचान देगी और व्यापारियों के लिए भी एक सकारात्मक बदलाव साबित होगी। चेयरमैन ने आगे कहा कि इस योजना से शहर की न केवल सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि पर्यटकों और शॉपिंग के लिए आने वालों को भी एक बेहतर अनुभव मिलेगा। इस परियोजना के सफल होने के बाद नगर पालिका अगले चरण में अन्य प्रमुख क्षेत्रों और गलियों में भी लाईटिंग और सौंदर्यकरण की योजना को लागू करने पर विचार करेगी। इस अवसर पर ईओ विनोद कुमार सोलंकी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आदेश सैनी, अवर अभियंता हर्षित गर्ग, सभासद अरविंद खटीक, रामनिवास सैनी, विनोद कुमार तोमर, तोहिद रहमानी, लाला शिव चरण दास संगल, संजय संगल, सुधीर कुमार सिंघल, रविक. ांत गर्ग, अनिल शर्मा, लक्ष्मण सिंह, सागर संगल, देवेंद्र ढिंगन, अमन गोयल, सुनील बंसल, अमित पंवार, वैभव गर्ग, सचिन कुमार, मनीष भटनागर, लवी कुमार, आशीष कुमार, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# कपड़ा व्यापारी की हृदय गति रुकने से बैंगलोर में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मौहल्ला काजीवाडा निवासी कपडा व्यापारी हाजी शाहिद कुरैशी की अचानक बैंगलोर में हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। व्यापारी की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। शहर के मौहल्ला काजीवाडा निवासी हाजी शाहिद कुरैशी कर्नाटक के बैंगलोर में कपडे के व्यापारी के रूप में व्यापार करते थे। गत 18 मार्च को 55 वर्षीय व्यापारी को दुकान पर बैठे ही हार्ट अटैक आ गया, जिसके बाद व्यापारी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसके मृत घोषित कर दिया। देर रात्रि व्यापारी के शव को शामली के मौहल्ला काजीवाडा स्थित पैतृक आवास पर लाया गया, जहां देर रात्रि ही उसके शव को सुपुर्द-ए खाक कर दिया गया। मृतक व्यापारी अपने पीछे चार बच्चे छोड गया है।



## अधिवक्ता विरेंद्र सिंह पर दर्ज मुकदमे का किया विरोध

**शामली।** जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अधिवक्ता विरेन्द्र सिंह पर दर्ज मुकदमे का विरोध किया। साथ ही उन्होने अधिवक्ता द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की।

बुधवार को दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि गत 7 मार्च को वरिष्ठ अधिवक्ता विरेन्द्र सिंह निवासी गांव ढिढाली के खिलाफ झूठे प्रार्थना पत्र के आधार पर कोतवाली पुलिस द्वारा संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जिससे अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। अधिवक्ताओं के द्वारा धरना प्रदर्शन किए जाने के बावजूद भी पुलिस द्वारा अधिवक्ता की ओर से दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज नही किया गया। उन्होने डीएम से मामले में जांच कराकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की। इस अवसर पर अध्यक्ष राजपाल सिंह एडवोकेट, जसपाल राणा, रूपेश शर्मा, महेन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार, अशोक कुमार, दीपा एडवोकेट, सत्यांशु वर्मा, मणिकांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

## शिवसेना टीम ने किया पुलिस अधिकारियों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** आज शिवसेना टीम ने लव्वादाउदपुर में हुई गो. कशी की घटना में शामिल दोषियों को 24 घंटे के भीतर पकड़ने और कठोर कार्रवाई करने वाले पुलिस अधिकारियों का सम्मान किया। थाना झिंझाना के एसएचओ जितेंद्र कुमार शर्मा और चौसाना चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिवसेना के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे, जिनमें मंडल महासचिव मंडल सहारनपुर बालिस्टर छांचियान, जिला महासचिव योगेन्द्र कुमार, जिला मीडिया प्रभारी अतुल सिंघल, जिला कोषाध्यक्ष विकाश कुमार जी और अन्य शामिल थे। शिवसेना टीम ने पुलिस अधिकारियों की इस कार्रवाई की सराहना की और उनकी समस्त टीम को बधाई दी। यह सम्मान समारोह शिवसेना टीम द्वारा आयोजित किया गया था और इसमें कई शिवसेना कार्यकर्ता मौजूद थे।



# डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। आयोजित किसान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि यदि किसी विभाग द्वारा शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरती जाती है तो उसके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आयोजित किसान दिवस के अवसर पर उप कृषि निदेशक शामली द्वारा किसानो को पूर्व किसान दिवस में प्राप्त समस्या के समाधान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिला कृषि अधिकारी शामली द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई,जायद में उर्द व मूँग की बुवाई तथा बीज की उपलब्धता के बारे बताया गया। डा0 संदीप चौधरी कृषि वैज्ञानिक के0वी0के जलालपुर ने बसन्त कालीन गन्ने की बुवाई के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की और बीज शोधन के लिए कृषकों को सलाह दी। राजन जावला निवासी रामपुर खेड़ी द्वारा ग्राम डागरौड़ में बिजली बिल जमा करने के लिए कैश काउन्टर की मांग की और बिजली विभाग की बन्द पड़ी लाईन को हटाने की मांग की। कुलदीप पवांर,निवासी नाला द्वारा बिजली के छापे मारने के दौरान कनेक्शन काटे जा रहें हैं जिसमें कम से कम जेई स्तर के अधिकारी के उपस्थित रहने की मांग की गई और थानाभवन में गन्ना किसानों पर दर्ज एफ।आई।आर को निरस्त करने की मांग की गई।



कपिल खाटियान निवासी भारतीय किसान युनियन द्वारा बताया गया कि मामौर झील का पानी आगे नहीं बढ़ाया जा रहा है जिससे किसानों की फसल खराब हो रही है। पानी को यमुना में खोले जाने की मांग की। चौधरी शौकेन्द्र निवासी भैसवाल द्वारा बताया गया कि उवर्रक विक्रेताओं द्वारा नैनो यूरिया किसानों को दवाब डालकर दी जा रही हैं जिसे रोकने की मांग की गई। विदेश मलिक निवासी चूनसा द्वारा बताया गया कि कृषि भूमि का सरकिल रेट बहुत कम है जिसे पुन:रिवाईज करने की मांग की गई। ब्रजवीर सिंह निवासी सिकन्दरपुर द्वारा बताया गया कि जनपद में कोई सरसों क्रय केन्द्र नही हैं सरसों क्रय केन्द्र खोलने की मांग की गई। मैनपाल चौहान निवासी जसाला द्वारा बताया गया कि गुजरान बलवा चौराहे पर दुर्घटना होती है जिसे रोकने के लिए कोई उपाय किया जाएं। योगेन्द्र मलिक निवासी तलवा माजरा द्वारा बताया गया कि गौशाला में बूडेघ पशु नीचे जमीन पर पड़े रहें हैं जिनको उठाने के लिए मशीन की व्यवस्था की जाएं। आयोजित किसान दिवस में प्रमोद कुमार उप कृषि निदेशक शामली,प्रदीप कुमार जिला कृषि अधिकारी शामली ,डा0एस0पी0 सिंह उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी शामली, आर0एस0 कुशवाह जिला गन्ना अधिकारी शामली तथा अन्य सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा कृषक प्रतिनिधि, कुलदीप पवॉर, राजन जॉवला, ऋषिपाल सिंह , मति कविता चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### खरीद नियंत्रण प्रकोष्ठ स्थापित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत गेंहू खरीद का प्रभावी अनुश्रवण एवं समीक्षा करने, जनपद में कार्यरत क्रय केन्द्रों/एजेन्सियों से दैनिक रिपोर्ट प्राप्त करने एवं गेहूं क्रय में उत्पन्न होने वाली समस्याओं का समयान्तर्गत तत्परतापूर्वक निराकरण कराए जाने हेतु जिला स्तर पर प्रज्ञा शर्मा, जिला खाद्य विपणन अधिकारी शामली ने अपने कार्यालय में खरीद नियन्त्रण प्रकोष्ठ तत्काल प्रभाव से स्थापित किया गया है। उपरोक्त खरीद नियन्त्रण प्रकोष्ठ कार्य दिवसों में कार्यालय समय में सक्रिय रहेगा। अन्य अवकाश के दिनों में भी प्रात: 10:00 बजे से अपरान्ह 1:00 बजे तक क्रियाशील रहेगा। खरीद नियन्त्रण प्रकोष्ठ में निम्नलिखित कर्मचारियों सन्नी मलिक वरिष्ठ सहायक मो0नं0-9058409059 इसके अलावा देवराज सिंह कनिष्ठ सहायकमो0नं0-9719860137 व अक्षय कुमार, कनिष्ठ सहायक मो0नं0-8791175250 की ड्यूटी अपने वर्तमान कार्यों के साथ-साथ लगाई जाती है। ई-मेल आईवडीव- dfmoshamli@gmail.com है।

### हाईस्कूल व इंटर की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू हो गया है। पहले दिन उत्तर पुस्तिकाओं की कमी के चलते मात्र 1631 उत्तर पुस्तिकाओं का ही मूल्यांकन हो सका है। मूल्यांकन का कार्य कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराया गया। डीआईओएस ने मूल्यांकन केन्द्र का निरीक्षण भी किया। बुधवार को शहर के आरके इंटर कालेज में यूपी बोर्ड की परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए बनाए गए केन्द्र पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन का कार्य शुरू हो गया है। उप नियंत्रक लोकेंद्र सिंह ने बताया कि पहले दिन शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया था और बुधवार से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हो गया। पहले दिन हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की 1631 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो गया है। जिसमें हाईस्कूल की 141 और इंटरमीडिएट की 1490 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ। जिन विषयों की उत्तर पुस्तिकाएं नहीं पहुंची, उन विषयों के परीक्षकों द्वारा मूल्यांकन नही किया गया। पहले दिन कुल 568 शिक्षकों में से 224 ही उपस्थित रहे। मूल्यांकन कार्य को कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में संपन्न कराया गया। इस दौरान पुलिसकर्मी तैनात रहे। डीआईओएस सरदार सिंह ने भी मूल्यांकन केन्द्र का पहुंचकर निरीक्षण किया और परीक्षकों को उचित दिशा निर्देश दिए। डीआईओएस जेएस शाक्य ने बताया कि 80 फीसदी कॉपियां आ गई है, जिसके करीब 65 हजार कापियां पहुंच गई है। सभी विषयों की देर शाम तक सभी पुस्तिकाऐं पहुंच जाएगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत

**किरतपुर।** मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई।

मौहल्ला अंबेडकर नगर निवासी राकेश (42 वर्ष) पुत्र भूरे सिंह मजदूरी का कार्य करता था। कल शाम लगभग 7:00 बजे वह अपने घर आया और बाथरूम चला गया। जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आया तो परिजनों ने बाथरूम का गेट किसी तरह खोला तो राकेश मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। उन्होंने उसको तुरंत प्राइवेट चिकित्सक को दिखाया। चिकित्सक द्वारा राकेश को मृत घोषित कर दिया गया। राकेश के परिजनों ने बताया कि राकेश पिछले काफी समय से अपनी पत्नी से अलग रहता था। उसकी अपनी पत्नी से बात-बात पर कहासुनी होती रहती थी, जिस कारण उसकी पत्नी अपने मायके चली गई थी।

# विकास व राजस्व कार्यो की सीडीओ ने की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विकास भवन शामली के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आज सीएम डैश बोर्ड पर आधारित विकास कार्यो एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने विकास कार्यो एवं राजस्व कार्यो की विभाग वार समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को सीएम डैश बोर्ड पर दर्शाया गया डाटा के अनुसार लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति के निर्देश दिए साथ ही जिन विभागों की प्रगति खराब मिली उन विभागों को कड़ी फटकार लगाते हुए जहां कमी है उसमें सुधार करते हुए प्रगति के निर्देश दिए। ताकि जनपद की रैंकिंग ठीक रहें। बैठक में विकास कार्यो कार्यो की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण व मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण में प्रगति ठीक ना मिलने पर सुधार के निर्देश दिए।





एनआरएलएम में क्रेडिट लिंकेज की प्रगति भी संतोषजनक नहीं मिली। फैमिली आईडी में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन में अवशेष कनेक्शन कराने को लेकर निर्देशित किया गया। बैठक में समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने बेसिक शिक्षा, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, लोक निर्माण विभाग आदि विभागों की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यो की भी समीक्षा की गई।

इसके साथ ही बैठक में मुख्य विकास अधिकारी व अपर जिला. धिकारी संतोष कुमार सिंह ने राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुए, जीएम डीआईसी,आबकारी, मंडी, गन्ना विभाग,खाद्य एवं रसद विभाग की संतोष जनक प्रगति न मिलने पर सुधार के निर्देश दिए। बैठक में आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का शिकायतकर्ता से संपर्क करके ही समय से क्वालिटी पूर्वक निस्तारण के निर्देश दिए।

आयोजित बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार, जिला विकास अधिकारी सत्य राम यादव,पीडी डीआरडीए प्रेम चन्द,जिला अर्थ एवं संख्या अधिक. ारी डॉ हरेंद्र सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारी व राजस्व विभाग की बैठक में सभी एसडीएम सहित समस्त संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# 93 अभ्यर्थी हुए चयनित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय मेलें का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लिसाढ़ में किया गया। प्रधानाचार्य श्रषिपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेलें में 7 कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, मेलें में 118 छात्रों ने साक्षात्कार दिया। कार्यक्रम मे कम्पनी प्रतिनिधियों द्वारा 93 छात्रों चयनित किए गए। पुखराज हेल्थकेयर 09, होली हर्ब्स 09, फीडम एमप्लोयबिलिटी 05, मैधावी स्किल युनिवर्सिटी 14, एकेएस जाब्स् 36, चौतन्या फाइनेंस 04, स्टार मैनपावर सोल्यूशन द्वारा 16 अभ्यर्थी को चयनित किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार द्वारा सभी चयनित अभ्यर्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी गई एवं काउंसलिंग की गई। रोजगार मेलें मे देवेन्द्र कुमार कार्यदेशक, श्रषिपाल अनुदेशक, सुरजीत कुमार अनुदेशक, पंकज कुमार अनुदेशक, सतेन्द्र कुमार आदि ने सहयोग किया।



शामली। साक्षात्कार का दृश्य। छाया शाह टाइम्स

## छात्रवृत्ति संबंधी दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**शामली।** जिला समाज कल्याण अधिकारी, शामली रीतू रस्तोगी ने बताया कि अनुसूचित जाति/सामान्य वर्ग पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत प्रावधान है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 से केन्द्र राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त केन्द्र राज्य निजी डीम्ड आदि सभी विश्वविद्यालयो एवं शिक्षण संस्थाओं को NAAC National Assessment & Accreditation Council and Autonomous Institution of the University Grant Commission से वर्ष 2024 तक ग्रेडिंग प्राप्त करनी होगी।

वर्ष 2025-26 से उक्तानुसार ग्रेडिंग प्राप्त विश्वविद्यालयो शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भत्ता एंव शुल्क प्रतिपूर्ति अनुमन्य होगी।

# राज्य कर विभाग उपायुक्त को सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला टैक्स बार एसोसिएशन रजिस्टर्ड शामली ने उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन पंजीकृत लखनऊ के आह्वान का समर्थन करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य कर विभाग के प्रमुख सचिव एम देव. राज के विरुद्ध अधिनियम के विरुद्ध की जाने वाली कार्य शैली का विरोध करते हुए राज्य कर विभाग उपायुक्त को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें प्रमुख सचिव साहब द्वारा मौखिक रूप से अधिका. रियों को अधिनियम के विरुद्ध जाकर कार्य करने के लिए निर्देशित करने की कार्यशैली का विरोध किया गया। साथ ही साथ विरोध के रूप में जिला टैक्स बार एसोसिएशन रजिस्टर्ड शामली के सभी सम्मानित सदस्य न्यायिक कार्य करते समय हाथ पर काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज करेंगे। इसमें मांगों के रूप में निम्न शामिल हैं-



1. एकपक्षीय जारी किए गए आदेशों को पुन: खोलना अर्थात सुनवाई का एक अवसर देने हेतु मांग भी रखी गई।

2. एमनेस्टी स्कीम की समय सीमा को 31 मई 2025 तक बढ़ाई जाने की भी मांग रखी गई। यह सभी ज्ञापन लिखित रूप में मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त राज्य कर विभाग शामली को सौंपे गए इस अवसर पर विकास शर्मा एडवोकेट अध्यक्ष, अनुज कुमार महासचिव, अनिल मित्तल संरक्षक, देशपाल सिंह उपाध्यक्ष, अंकित जैन एडवोकेट, दिव्य मित्तल एडवोकेट, मोहित गुप्ता एडवोकेट, सचिन गोयल एडवोकेट, सचिन सैनी एडवोकेट सुरेंद्र सैनी एडवोकेट, विक्रांत भार्गव एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

# अमेरिका से दर्ज कराई पिता की गुमशुदगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** थाना गढ़ीपुख्ता क्षेत्र के गांव मालेंडी में एक मकान पर कब्जे और उसके बाद मकान मालिक की गुमशुदगी का मामला सामने आया है। इस पूरे प्रकरण की विशेष बात यह है कि मकान मालिक की गुमशुदगी की रिपोर्ट अमेरिका में रह रहे उसके बेटे ने एक्स पर दर्ज कराई, जिससे यह मामला सुर्खियों में आ गया। मकान पर कब्जे का आरोप, पत्नी को निक. ाले जाने की बात --गांव मालेंडी निवासी संजीव धनकर और उनकी पत्नी अनामिका धनकर होली से दो दिनों पहले देहरादून से गांव लौटे तो उन्होंने देखा कि उनके घर में कोई अज्ञात व्यक्ति रह रहा है। जब अनामिका ने उस व्यक्ति से मकान में रहने का कारण पूछा, तो उसने दावा किया कि यह मकान उसने संजीव धनकर से करीब पांच वर्ष पूर्व खरीद लिया है। इस बात को लेकर दोनों पति-पत्नी में कहासुनी हुई।इसके बाद अनामिका धनकर को यह संदेह हुआ कि कहीं उनके पति ने उनका स्कूल भी तो किसी को नहीं बेच दिया। गढ़ीपुख्ता रोड पर स्थित स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल अनामिका धनकर का है, जिसे उसके पति संजीव धनगर ने किराए पर दिया गया था। जब वे स्कूल पहुंचीं तो उन्होंने शिक्षकों को स्कूल में पढ़ाने से रोक दिया, जिसके बाद स्कूल बंद हो गया।पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद संजीव धनकर उसी दिन से लापता हैं। सोमवार को अमेरिका में रहने वाले उनके बेटे अभि ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ग द्धट्विटरत्र पर एक पोस्ट कर अपने पिता की गुमशुदगी और घर पर कब्जे की जानकारी दी। उसने यूपी पुलिस, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और शामली पुलिस को टैग करते हुए मदद की गुहार लगाई। ष्मेरे पिता एक सप्ताह से उत्तर प्रदेश के जिला शामली से लापता हैं। घर पर भी कब्जा कर लिया गया है। मेरी मां बेहद परेशान हैं, लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही। मैं अमेरिका में हूं और मुझे तत्काल सहायता चाहिए। सोशल मीडिया पर मामला तूल पकड़ने के बाद यूपी पुलिस ने इसे संज्ञान में लिया और शामली पुलिस को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद थाना गढ़ीपुख्ता में संजीव धनकर की गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।मंगलवार को अभि ने एक और पोस्ट कर बताया किकृ ष्मेरी मां अब घर के बाहर बैठी हैं। कानूनी रूप से यह घर मेरे नाम पर है, जिसे मैंने कभी किसी को बेचा नहीं। इस मामले की जांच कर रहे उपनिरीक्षक रामेंद्र कुमार ने बताया कि महिला कई वर्षों से देहरादून में रह रही थी। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि संजीव धनकर ने रूपए लेकर स्टांप पेपर पर किसी अन्य व्यक्ति को मकान सौंप दिया था। पुलिस संजीव धनकर की तलाश कर रही है और पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार संजीव धनगर की मां ने यह मकान अपने पोते अभी व संजीव की पत्नी अनामिका संरक्षक के रूप में वसीयत नामा कर दिया था।जिसको संजीव धनगर ने लगभग 5 वर्ष पूर्व गांव निवासी संजीव शर्मा को 50 के स्टांप पर लिखकर बेच दिया था। वाही इस मामले में बुधवार को अनामिका पत्नी संजय धनकर ने गांव के ही संजू, कृष्णपाल, अनुज कुमार पुत्रगण मलखान व मनोज पुत्र बीरसैन पर मारपीट कर घर से निकालने और मकान पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि 12 मार्च से उसके पति संजीव धनकर लापता हैं, जिनका अपहरण कर हत्या करने की आशंका है। पुलिस ने अनामिका की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# जांच को पहुंचे बीट अधिकारी से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** तहसील क्षेत्र के शंभूगढ़ में मिलावटी रसगुल्लों की फैक्ट्री में जांच के लिए पहुंचे खुफिया विभाग के बीट अधिकारी को बंधक बनाकर बुरी तरह पीट दिया। घटना की सूचना मिलते ही सीओ व एसएचओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

बीते मंगलवार को हुई इस घटना ने पुलिस के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी। जहां खूफिया विभाग अधिकारी को अपनी जान पर खेलकर जांच करनी पड़ी। सूत्रों के मुताबिक फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में मिलावटी रसगुल्लों का उत्पादन किया जाता है। इस दौरान दूध की सप्लाई का भी कोई ठोस रिकॉर्ड नहीं रख जाता। जिससे प्रथम द्रष्टया मिलावट खोरी की आशंका बढ़ती है। मंगलवार को जैसे ही खुफिया पुलिस की टीम ने फैक्ट्री में जांच के लिए घुसने की कोशिश की तो फैक्ट्री मालिक व उसके बेटे ने खुफिया विभाग के बीट प्रभारी दीपक खुराना को बंधक बना लिया।



इतना ही नही उन्हें बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। मारपीट में अधिकारी को गंभीर चोटें आई। जिन्हें नकुड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के लिए भर्ती कराया गया। स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें सहारनपुर अस्पताल रेफर किया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। जहां पर बंधक बनाए गए खुफिया विभाग के अधिकारी को मुक्त कराया। तथा फैक्ट्री के मालिक और उसके बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बीट अधिकारी की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मिलावटी रसगुल्ले तीन जिलों में सप्लाई किए जाते हैं।

# समय सीमा में करें निस्तारण: डा. अर्चना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन डा. अर्चना द्विवेदी ने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन डा. द्विवेदी आज कलक्ट्रेट सभाकक्ष में जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशों के क्रम में जिला उद्योग बंधु की बैठक को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि हौजरी मैन्युफैक्चर द्वारा उठाए गए मुद्दे जनता रोड की औद्योगिक इकाइयों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु यदि एक माह में कार्य पूर्ण नहीं हुआ तो प्रकरण मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक में रखा जाएगा। औद्यौगिक क्षेत्र पिलखनी में बने तालाब पर सौंदर्यकरण के लिए यूपीसीडा को निर्देशित किया। मुख्य अभियंता विद्युत विभाग द्वारा अवगत कराया गया।

# एसडीएम मानवेन्द्र ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** शासन के निर्देशों का पालन करते हुए बुधवार को एसडीएम मानवेन्द्र सिंह सुबह से ही कार्यालय में बैठकर आने वाले फरियादियों के प्रार्थना पत्रों की जन सुनवाई की गई इस दौरान उन्होंने, पुलिस, कब्जा, पेंशन आदि की जन सुनवाई करते हुए उनका समय बद्ध निस्तारण किए है।

एसडीएम मानवेन्द्र सिंह सवेरे ही अपने कार्यालय मे आ जाते है और उनके पास आने वाले फरियादियों की जन सुनवाई को लेकर गम्भीर रहते है उनका हमेशा एक ही उद्देश्य रहता है कि उनके पास उम्मीद से आने वाला हर एक व्यक्ति की जो भी समस्या हो उनका समय रहते निस्तारण किया जा सका। कार्यालय मे उनसे मिलने वाले लोगो की समस्याओं को बड़े ही गंभीरता से शिकायती पत्रों की जन सुनवाई करते है। शाम तक सुनवाई के दौरान लोगो के शिकायती पत्रों के निस्तारण के लिए अलग अलग विभाग के अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को मौके पर भेजकर शीर्घ ही निस्तारण करने के निर्देश दिए गए है।अलग अलग विभागो की शिकायते सुनी और फरियादियो को आश्वाशन देते हुए कहा कि उनकी जो भी समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारण कराया जायेगा। प्रमोद कुमार निवासी बिजोपरा ने भूमि के बैनामे की रकम दिलवाने गांव बाबेल निवासी लाल किशन दुकानों की घ रोनी सही कराने सुमित्रा देवी ने गांव के ही एक व्यक्ति पर चक मार्ग पर कब्जा करने तथा गांव हसनपुर निवासी मामचंद ज्ञान चन्द ने खेत पर खड़े पेड़ो को काटने की शिकायती पत्र दिया है। इस दौरान तहसीलदार पुष्पांकर देव, नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह नायाब तहसीलदार, रजिस्ट्रार कानूनगो आदेश कुमारी, जावेद अनवर, मनीष कुमार, विजय राणा, सुरेन्द्र कुमार मोजूद रहे।



# रोजे का मकसद तकवा व परहेजगारी: मौलाना शमशीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** हजरत मौलाना शमशीर कासमी ने कहा कि रोजे का मकसद तकवा और परहेज गारी है जिंदगी में तब्दीली के लिए आता है। रमजान के रोजे का मकसद यह है कि हम रमजान के बाद भी अपने आप को बुराइयों और बुरे कामों से दूर रखें।



जामिया दावतुल हक मुईनिया के प्रबंधक मौलाना शमशीर कासमी ने कहा कि रोजे का मकसद तकवा परहेज गारी है। तकवा कहते हैं कि इंसान झूठ, चोरी, डकैती, धोखा और तमाम बुराइयों से दूर रहे। अल्लाह और उसके रसूल के बताए हुए सीधे और सच्चाई के रास्ते पर चले। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना जिंदगी में तब्दीली के लिए आता है। रोजे की हालत में जिस तरह हम अपने आप को गुनाह के कामों से बचाते हैं, रमजान के बाद भी हम गुनाह के कामों से अपने आप को बचायें, तब समझिए कि रमजान के सिद्धांतों पर अमल किया। मौलाना शमशीर कासमी ने कहा इस्लाम की शिक्षा यह है कि धरती पर जो लोग भी बसते हैं उनका धर्म कुछ भी हो, उनके साथ दया करो। उनके दुख दर्द में काम आओ, अल्लाह ताला आप पर भी रहम करेगा। उन्होंने कहा ईद की खुशी में गरीब, कमजोर, बेसहारा लोगों को भी शामिल करें।

# डेयरी पर दस हजार का लगाया जुर्माना, पशु किए जब्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज डेरा इलाहीपुरा में एक पशु डेरी द्वारा गंदगी फैलाने पर दस हजार रुपये जुर्माना किया गया। जबकि एक पशु डेरी से दो पशु जब्त कर गौशाला भेजे गए। पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी द्वारा निरीक्षण अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गयी।

नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर आज निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने शहर में डेरियों के निरीक्षण का अभियान चलाया। करीब एक दर्जन डेरियों के निरीक्षण के दौरान डेरा इलाहीपुरा में एक पशु डेरी द्वारा गोबर फैलाकर गंदगी की गयी थी। इस पर निगम अधिकारियों ने पशु डेरी से दस हजार रुपये जुर्माना वसूल किया। डॉ. मिश्रा ने बताया कि एक अन्य डेरी द्वारा भी गोबर बहाने तथा रास्ते में गोबर फैलाकर गंदगी करने पर डेरी से दो पशु जब्त कर गौशाला भेजे गए। नवादा रोड स्थित वेदविहार में पशु पालकों को सड़क पर पशुओं को न छोड़ने की चेतावनी दी गयी। पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई भी पशु पालक सड़कों पर पशुओं को घुमाता हुआ पाया गया तो उसके पशुओं को जब्त कर लिया जायेगा।

# दुष्कर्म के बाद दी जान से मारने की धमकी

**चिलकाना।** क्षेत्र मोहल्ला निवासी एक पीड़ित महिला ने उसकी पन्द्रह वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ एक युवक द्वारा दुष्कर्म करने के बाद जबरदस्ती निकाह करने व बाद में जेठ द्वारा दुष्कर्म करते हुए उसे जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने एसएसपी के समक्ष प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला ने एसएसपी को शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि विगत वर्ष उसकी पन्द्रह वर्षीय नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर पडौसी युवक द्वारा दुष्कर्म किया गया था। दुष्कर्म करते हुए पकडे जाने के बाद आरोपी व उसके परिजनों ने कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए पीडित किशोरी के साथ जबरदस्ती निकाह कर लिया व पीडिता किशोरी के परिजनों पर भी कोई कानूनी कार्यवाही न करने का दबाव बनाया। जिससे किशोरी के परिजन आरोपियों के दबाव में आ गये। पीडिता की मां का कहना है कि निकाह के छः माह बाद तक किशोरी को किसी से मिलने नही दिया गया तथा आरोपी परिवार पीडिता किशोरी पर अनेको अत्याचार करते रहे।

जिसके बाद विगत 07 मार्च को किशोरी के साथ उसके जेठ द्वारा दुष्कर्म किया गया व विरोध करने पर मारपीट तथा उसे जान से मारने की धमकी दी गयी। पीडिता किशोरी किसी तरह आरोपियों से अपनी जान बचाकर अपने घर पर पहुंची ओर अपने ऊपर हुए अत्याचारों की जानकारी अपनी मां को दी। पीडिता किशोरी के परिजनों ने जब आरोपियों से बात की तो उन्होने पीडिता के परिजनों को जान से मारने की धमकी दी।

# भगवान रामचन्द्र के जन्म का वृतांत सुनाया



**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के शिव मंदिर में चल रही श्री राम कथा में भगवान रामचंद्र जी के जन्म की कथा का वृतांत सुनाया गया।

बुधवार को महिला मोर्चा एवं प्रस्वार्थी सामाजिक संस्था के तत्वाधान में चल रही श्री राम कथा के चौथे दिन व्यास देवी अपर्णा ने प्रभु श्री रामचन्द्र जी के जन्म का वृत्तांत सुनाकर सबको भावविभोर किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्री रामचंद्र के जन्म पर भगवान शिव कैलाश पर्वत से अवधपुरी जाकर उनके दर्शन करते हैं। पूरी अयोध्या नगरी के नर नारियों के द्वारा बधाई गीत गाए जाते हैं। पूरे अयोध्या नगरी में प्रभु श्री रामचन्द्र जी के जन्म की खुशियां मनाई जाती हैं।

इस दौरान भाजपा नेता सुधीर कुमार जैन ने कहा कि श्रीराम कथा के श्रवण मात्र से मानव का कल्याण होता है। हमें प्रभु श्री रामचंद्र के पद चिन्हों पर चलकर मर्यादा पूर्ण जीवन जीना चाहिए। कथा के मुख्य यजमान राजेश कुमार सैनी, सुंदरी सैनी व बिजेंन्द्र सैनी रहे।

इस अवसर पर सुमन सैनी, पिंकज सैनी, आशु सैनी, अमित सैनी, सोनू सैनी, सुरेश चौहान, संत प्रभु प्रेमी, हेमन्त त्यागी, नौरंग सिह सरदार, अशोक रोहिला, मीना गुप्ता, स्नेहलता गुप्ता, संतोष शर्मा, अलका त्यागी, राकेशबाला, उषा शर्मा, रुकमणि गुप्ता, शारदा, सुशीला सैनी, बबीता सैनी, शमिष्ठा सैनी आदि धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

# मां शाकम्भरी देवी मार्ग की हालत खस्ता

**चिलकाना।** सहारनपुर रोड स्थित साईफन की पुलिया से ग्राम बुड्ढाखेड़ा, गुमटी, डिंडोली आदि को होकर क्षेत्र के कंई गांवों को आस्था के केन्द्र माँ शाकुम्भरी देवी मार्ग से जोडने वाली सडक अपनी बदहाली पर रोती हुई नजर आ रही है। नवीनीकरण की बाट जोह रही यह खस्ताहाल सडक बड़े हादसों को भी दावत दे रही है।

क्षेत्र के ग्राम गुमटी नदी के पुल से शुरू होकर डिंडौली, खेडामेवात से होती हुई बेहट क्षेत्र के उसंड हरिपुर से निकलकर बेहट तक पहुंचने वाली सड़क बेहद दयनीय स्थिति में है। राहगीर अपनी जान को जोखिम में डालकर इस सड़क से आवागमन करने को मजबूर है। आये दिन कोई न कोई राहगीर इस टूटी फूटी सडक पर चोटिल हो रहा है। जबकि यह मार्ग जिला सहारनपुर की कुल देवी व सनातन धर्म की आस्था की प्रतीक माँ शाकुम्भरी देवी तक भी पहुंचाता है।

इसी मार्ग पर पड़ने वाले चिलकाना क्षेत्र के ग्राम बुड्ढाखेडा, पैरागपुर, संगमौर, गुमटी, मलकपुर, फिरोजाबाद, डिंडौली खेडा के अलावा बेहट क्षेत्र के कई गांवों से होते हुए अनेको श्रद्धालु कुल देवी माता शाकुम्भरी देवी के दर्शनों के लिए भी जाते हैं। इसके बावजूद भी लोक निर्माण विभाग द्वारा इस मार्ग की टूटी हुई इस सड़क की कोई सुध नही ली जा रही है। विभागीय अधिकारी कुम्भकर्णी नींद सोये हुए हैं यही कारण है कि गड्ढामुक्त अभियान में भी इस सड़क का कोई उद्धार नही हो पाया।

# खनन करते ट्रैक्टर ट्राली व जेसीबी सीज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**छुटमलपुर।** खनन के अवैध कार्य में लगे खननकर्ताओ ने सरकार द्वारा तय किए गए मानकों की परवाह किए बिना करीब 10 फुट गहरे तक की खोदाई कर डाली। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने ट्रेक्टर ट्राली व जेसीबी को पकडकर सीज कर दिया।

जानकारी के अनुसार बीती रात एक खननकर्ता द्वारा जेसीबी मशीन से बिना अनुमति के खोदाई कर रहा था। जिसमें करीब आधा दर्जन ट्रेक्टर ट्रालियां लगी हुई थीं। इसकी सूचना फतेहपुर पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी करते हुए एक ट्रेक्टर ट्राली व मौके पर चल रही जेसीबी मशीन को पकड़ लिया वही कुछ ट्रेक्टर चालक मौका देखकर भागने में सफल हो गए। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध खननकर्ताओं में दहशत है।



मामले को थाने से ही सुलझाने के लिए सिफारशियों के फोन भी गए लेकिन थानाध्यक्ष ने बिना कर्रवाई के छोड़ने को साफ मना कर दिया गया और इसकी सूचना खनन विभाग को भी दे दी थी जिसमे खनन विभाग ने खनन की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बीड़ी न देने पर की थी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने हत्या की घटना का खुलासा करते हुए एक हत्यारोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक छूरी बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

एसपी सिटी व्योम बिंदल ने पुलिस लाईन सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि 17 मार्च को वादी महेश कुमार पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम खसौरा थाना हरपाल जनपद हरदोई हाल निवासी गांव नाजिरपुरा थाना कोतवाली देहात ने थाना जनकपुरी में तहरीर देकर बताया था कि एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके भांग के ठेके के सैल्समैन सुमित पुत्र हरिसिंह निवासी ग्राम खसौरा थाना हरपाल जनपद हरदोई की पेट में चाकू मारकर निर्मम हत्या कर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। एसपी सिटी श्री बिंदल ने बताया कि आज थाना जनकपुरी पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र नागर, उपनिरीक्षक श्याम सिंह, उपनिरीक्षक विवेक वैद्यवान व उपनिरीक्षक रनपाल सिंह के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए हत्यारोपी साकिब पुत्र वाजिद निवासी ग्राम जमालपुर थाना जनकपुरी को टीपीनगर से चकहरेटी जाने वाले रास्ते की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक छूरी बरामद कर ली। श्री बिंदल ने बताया कि दबोचे गए आरोपी ने पुलिस को पूछताछ के दौरान बताया कि मैं ट्रांसपोर्ट नगर में शाहरूख पुत्र अनीस निवासी अल्हेड़ी की गाड़ी आयशर कैंटर पर हैल्पर का काम करता हूं। मैं भांग व गांजा के नशे का आदी हूं। आरोपी ने बताया कि होली से दो दिन पहले मेरी भांग के ठेके के सैल्समैन सुमित से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। 16 मार्च की रात्रि मैं टीपीनगर से चकहरेटी जाने वाले रास्ते पर खड़ा हुआ था तभी सुमित व उसके दो साथी भांग का ठेका बंद करके आ रहे थे। उन्होंने मुझे गाली देते हुए मुझसे बीड़ी मांगी थी जो मैंने देने से इनकार कर दिया था जिस कारण सुमित मेरे साथ मारपीट पर उतारू हो गया था तो मैंने गुस्से में आकर उसके पेट में चाकू से वार कर दिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।



# प्लाट का भराव करती ट्रैक्टर ट्राली ली की जब्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** कस्बे के बुग्गावाला रोड पर बुधवार को एक कमर्शियल प्लाट में सतपुरा गांव के रकबे से मिट्टी लाकर भराव करते हुए पुलिस ने एक ट्रैक्टर ट्राली कब्जे में लेकर थाने में खडा कर दिया है। ट्रैक्टर चालक का कहना था कि वह किसान यूनियन की मार्फत मिट्टी भराव करने के लिए बिहारीगढ़ थाना पुलिस को हर महीने एंट्री फीस देकर यह काम करते है।

बताया जा रहा है कि क्षेत्र में पकड़े गए ट्रैक्टर-ट्रॉली की तरह दर्जनों ट्रैक्टर ट्राली दिन रात मिट्टी, रेत, बजरी, सहित सोलानी नदी से आरबीएम खोदकर अवैध रूप से आबादी एरिया में चल रहे निर्माण कार्यो के लिए बिक्री कर रहे हैं। पुलिस द्वारा ली जा रही एंट्री से राजस्व प्रशासन एवं पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं कि बड़ी संख्या में ट्रैक्टर ट्रालियों द्वारा अवैध खनन क्यों हो रहा है। जबकि जिला अधिकारी सहारनपुर मनीष बंसल ने अवैध खनन रोकने के लिए सम्बंधित विभाग सहित पुलिस को कड़ी हिदायत दे रखी है। कस्बे सहित क्षेत्र में चर्चा है कि अवैध खनन ही पुलिस की ऊपरी कमाई का सबसे बड़ा जरिया है। आबादी एरिया में मिट्टी भराई कार्य करने वाले पुलिस की सहायता से अपना काम डंके की चोट पर कर रहे हैं।

**सूचना**

मैने अपने भाई रईस उर्फ महमूद व उसकी पत्नि समरीन से गलत आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो व लेनदेन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**मौहम्मद उमर पुत्र अमीर अहमद निवासी हाकम शाह कालोनी निकट मोतिया मस्जिद, जिला सहारनपुर।**

**सूचना**

मेरी उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड प्रयागराज हाई स्कूल की पास मार्कशीट अनुक्रमांक संख्या 1220544949 सन् 2022 , वास्तव में कहीं खो गयी है।

**राहुल कुमार पुत्र चमन लाल गांव झाड़वन थाना तीतरों तहसील नकुड जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश।**

# कहासुनी में सब्जी विक्रेता को किया घायल



**तल्हेडी बुजुर्ग।** मामूली कहासुनी में सब्जी विक्रेता को गांव के ही युवक ने चाकू मारकर घायल कर दिया, पीड़ित पक्ष ने तहरीर देकर सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को गांव तल्हेडी बुजुर्ग में अलग-अलग समुदाय के दो पक्षों के बीच मामूली कहासुनी चाकू के वार में तब्दील हो गई। झगड़े में विशाल पुत्र रहतू सिंह की तीनों उंगलियों में चाकू लगने से वह लहूलुहान हो गया। जिसकी जानकारी मिलते ही परिजनों ने विशाल की उंगलियों का प्राथमिक उपचार कराया। तत्पश्चात परिजन तल्हेडी बुजुर्ग पुलिस चौकी में तहरीर देने के लिए पहुंचे तो पुलिस ने घायल युवक का मेडिकल कराने के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवबंद भेज दिया। पीड़ित पक्ष ने देवबंद कोतवाली में गांव के ही मांगे पुत्र उम्मैद की नामजद तहरीर देते हुए बताया कि विशाल भीम आर्मी से ग्राम अध्यक्ष के पद पर नियुक्त है। उन्होंने बताया कि विशाल गांव में सब्जी बेचने का कार्य करता है। इसी बीच जब वह सब्जी बेच रहा था तो मांगे ने उसकी सब्जियों के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। विशाल ने उसे सब्जियां छेड़ने से मना किया तो मांगे ने उस पर चाकू से वार कर उसे घायल कर दिया।पीड़ित पक्ष ने आरोपी युवक के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

# समनदास महाराज का वार्षिक सत्संग आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय संत शिरोमणि सतगुरु रविदास मिशन के तत्वाधान में सतगुरु स्वामी समनदास महाराज को साक्षी मानकर शाखा आश्रम चमारीखेड़ा में बारहवां वार्षिक सत्संग धूमधाम से आयोजित किया गया।

सत्संग का शुभारंभ संत शिरोमणि सतगुरु रविदास महाराज सतगुरु स्वामी समनदास जी महाराज के श्री चरणों में आश्रम सेवादार परविंदर रविदासिया, मांगेराम व पुष्पेंद्र रविदासिया द्वारा आरती वंदना से किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में गुरु गद्दी शुक्रताल से पधारे महात्मा गोरधन दास जी महाराज ने कहा कि स्वामी समनदास जी महाराज ने मानव जीव को सत्संग बताया है जिसमें अमृत भरा पड़ा है जिसको रसपान करने और सुमिरन करने से मानव जीवन सुधर रहा है।

# बसपा पदाधिकारियों का किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बहुजन समाज पार्टी की जिला कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का आज मंडल कार्यालय पर आयोजित समारोह में स्वागत किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह ननौता ने कहा कि सभी पदाधिकारी पूरी आस्था निष्ठा के साथ कार्य कर संगठन को मजबूत करें। देहरादून रोड स्थित मंडल कार्यालय पर आयोजित स्वागत समारोह में जिला कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह ने माला डालकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह नानौता ने कहा कि बसपा सुप्रीमो मायावती के आदेशानुसार सभी को यह दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि बसपा एक मिशन है और मिशन के रूप में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सर्व समाज को सम्मान देना और समता मूलक समाज की स्थापना करना है संगठन का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करना है। हमारा मुख्य लक्ष्य है ताकि पार्टी सुप्रीमो मायावती पांच बार प्रदेश के मुख्यमंत्री बन सके। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता बसपा शासन काल की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़े जा सके। जिला प्रभारी राजेश प्रधान, जिला उपाध्यक्ष जीशान गाड़ा, जिला महासचिव रजनीश बन्धु, जिला सचिव रविन्द्र गुज्जर, जिला कार्यकारिणी सदस्य लोकेश राणा ,अजब सिंह सैनी, बीवीएफ के जिला सयोंजक सतीश कुमार, का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधानसभा के अध्यक्ष अनिल धारियां, एस आलम ,राहुल बोद्ध, जितेंद्र, मोनू नोटियाल, करतार सिंह सन्सकार, विनीत माल्यान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# युवक को चाकू से हमला कर किया घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मामूली कहा सुनी के चलते दो पक्षों में जमकर मारपीट के दौरान युवक को चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फेल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के संबंध में दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

मंगलवार की देर शाम स्टेट हाईवे स्थित हरि नगर कालोनी में उस समय हंगामा हो गया जब किसी बात को लेकर दो गुट आमने सामने आ गए और जमकर लाठी डंडे और धारदार हथियार चलने लगे। मारपीट में दो युवक घायल हो गए। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराते हुए घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। घटना के संबंध में एक पक्ष की ओर से कमला पत्नी भूरा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका पुत्र सत्यम दवाई लेने के लिए घर से बाहर गया था इसी दौरान कालोनी के ही चार लोगों ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। इतना ही



नहीं विरोध करने पर चाकू से उस पर कई बार हमला किया गया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर की आवाज सुन मौके पर आए लोगों ने उसे मुश्किल बचाया। आरोपियों ने बाद में जान से मारने की धमकी भी दी है। वहीं, दूसरे पक्ष ने भी पुलिस को तहरीर देकर अकारण गाली गलौज व मारपीट करते हुए घायल कर देने का आरोप लगाया है। कोतवाली बीनू चौधरी ने बताया कि घटना के संबंध में दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी है। जांच की जा रही है। कानून हाथ में लेकर शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

## किरायेदार ने दुकान स्वामी पर लगाया अरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दुकान स्वामी पर किरायेदार ने दुकान का सामान उठाकर लेजाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। रणखंडी गांव निवासी रविंद्र ने एसएसपी को भेजे प्रार्थना पत्र में बताया कि उसने शास्त्री चौक पर वर्ष 1990 से एक दुकान पर किराये पर ली हुई है। दुकान मालिक से उसका किरायेदारी को लेकर विवाद चल रहा है, जो न्यायालय में विचाराधीन है। रविंद्र का आरोप है कि दो दिन पूर्व दुकान मालिक अपने कई साथियों के साथ आया और मारपीट करते हुए दुकान का सारा सामान उठाकर ले गया। पीड़ित ने मामले में कानूनी कार्रवाई कराए जाने की गुहार लगाई है।

# सुन्नत के मुताबिक अमल करना चाहिए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत दावतुल मुसलीम. ीन की ओर से आरंभ हेल्पलाइन पर बुधवार को एक सवाल के जवाब में उलमा ने कहा कि अगर रोजे की हालत में शरीर से खून निकल जाए तो इससे रोजे पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा और रोजा सलामत रहेगा।

प्रसिद्ध आलिम-ए-दीन मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने कहा कि रोजा खोलने के लिए किसी भी हलाल चीज का इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन खजूर से रोजा खोलना सुन्नत है। मुसलमानों को चाहिए कि वे हर अमल को सुन्नत के मुताबिक अदा करें।

सवाल: नगीना निवासी बिलाल ने पूछा कि आपने पहले बताया था कि रोजे की हालत में टूथपेस्ट करना सही नहीं है, तो क्या मिस्वाक (दातुन) करना जायज होगा, क्या इससे रोजा तो नहीं टूटेगा।

जवाब: रोजे की हालत में मिस्वाक करना न सिर्फ जायज है, बल्कि सुन्नत भी है। इससे रोजा नहीं टूटेगा। शरीयत में मिस्वाक करने की बहुत फजीलत (महत्ता) है और अगर कोई रोजेदार इसे सुन्नत समझकर करता है, तो उसका सवाब और बढ़ जाता है।

सवाल: गंगोह की बरीराह ने पूछा कि उनके पास सोने-चांदी के जेवरात हैं, लेकिन वे घरेलू महिला हैं और कमाई का जरिया उनके शौहर हैं। ऐसी स्थिति में जकात की जिम्मेदारी किस पर होगी, उन पर या उनके शौहर पर।

जवाब: शरीयत के मुताबिक किसी महिला के पास इतना जेवर या नकद रुपये हैं कि उस पर जकात वाजिब हो जाती है, तो उसे अपनी जकात खुद अदा करनी चाहिए। जरूरी नहीं कि शौहर अपनी बीवी के जेवर की जकात अदा करे। महिला के पास अगर नकदी नहीं है, तो उसे अपने



जेवर का कुछ हिस्सा बेचकर जकात अदा करनी चाहिए। शौहर अपनी मर्जी से बीवी की जकात अदा कर देता है, तो जकात अदा हो जाएगी।

सवाल: मुजफ्फरनगर के खालापार निवासी जुनैद ने पूछा कि रोजे की हालत में ठोकर लगने से उनका पैर का नाखून उखड़ गया और बहुत खून बहा, क्या इस वजह से उनका रोजा टूट जाएगा।

जवाब: आपका रोजा पूरी तरह सलामत है। शरीयत के मुताबिक रोजे की हालत में अगर किसी के शरीर से खून निकल जाए, चाहे पैर से नाखून उखड़ने की वजह से हो या किसी और वजह से, इससे रोजा नहीं टूटेगा।

**देवबन्द।** तीन युवकों ने टमाटर के पैसे मांगने पर एक सब्जी विक्रेता को चाकू मारकर घायल कर दिया। जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। तल्हेड़ी बुजुर्ग निवासी विशाल रेहड़ी पर गांव में सब्जी बेचने का काम करता है। बुधवार को वह सब्जी बेच रहा था। इस दौरान गांव के ही तीन युवकों ने उससे टमाटर। पैसे मांगने पर वह गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने रेहड़ी पर रखे चाकू से उस पर हमला कर दिया। हाथ पर चाकू लगने से विशाल घायल हो गया। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए: शर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** के एल जनता इन्टर कॉलेज में हैप्पीनेस एवं मेडिटेशन को लेकर अयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर ओंकार चंद शर्मा राजयोगी एवं विश्व विख्यात मोटिवेशनल स्पीकर ने कहा कि भूतकाल एवं भविष्य की चिंता छोड़कर वर्तमान पर अपना ध्यान केंद्रित करें. मन को आराम दे.इच्छाओं पर नियंत्रण कर और निरंतर अभ्यास से मेडिटेशन अपनाये और अपने जीवन को बेहतर बनाएं. उन्होंने शिक्षकों से कहा कि विद्यार्थियों को उनकी रुचि के अनुसार प्रोत्साहित करें. शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच मधुर संबंध हो एवं विद्यार्थी कैसा भी हो उसको निपुण बनाना हमारा कर्तव्य है. उन्होंने कहा आलोचनाओं एवं बुराइयों को रिवीजन एवं रिपीटेशन नहीं बल्कि डिलीट करने से ही जीवन सुखी



होगा।

कॉलेज प्रबंधक दीपक राज सिंघल एवं प्रधानाचार्य राजकुमार ने उनको अंग वस्त्र भेंट कर एवं पुष्प गुचछ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर बहन पारुल भ्राता अरविंद ने भी अपने विचार व्यक्त किये इस अवसर पर सुमन शर्मा, अनुज त्यागी, शिखा सिंघल, ओम कुमार, संदीप कुमार, संदीप सैनी, आशुतोष शर्मा, पूजा गोयल, ईश्वर सिंह, भारत गोयल, विनय कुमार चौहान, आदि कॉलेज का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देने वाले सेवानिवृत्त होने वाले अध्यापको को सम्मानित किया गया।

ब्लॉक की एनपीआरसी दीवालहेड़ी के उच्च प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देने वाले सेवानिवृत्त अरुण त्यागी, मोहम्मद वजाहत शाह, मोहम्मद सरवर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ अध्यापक प्रदीप शर्मा ने कहा कि इन तीनों अध्यापकों ने शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया है। एआरपी प्रभात कुमार यादव, इस्लाम उर रहमान, नजम अहमद सिद्दीकी, ऋचा शर्मा, अरुणा त्यागी ने कहा कि अध्यापक समाज निर्माता होते हैं। वे बिना किसी भेदभाव के ज्ञान देते हैं, जो राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में शिवकुमार, प्रभात कुमार यादव, योगेंद्र मलिक, डॉक्टर संजय उपाध्याय, इस्लाम उर रहमान और शेषनाथ को भी विशेष रूप से सम्मानित किया




गया। कार्यक्रम में आनंद शर्मा, सचिन माहेश्वरी, शाह फैसल मसूदी आदि शिक्षक शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी अध्यापक खुर्शीद अहमद सिद्दीकघे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## वृद्ध को मारपीट कर किया घायल

**शेरकोट।** थाना क्षेत्र के ग्राम वाजिदपुर निवासी आकाश पुत्र ओमप्रक. ाश ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि घर पर उसके छोटे भाई की बहू अकेली थी। इस दौरान ग्राम का की सत्यवीर का पुत्र घर में आ गया, जिसका उसके दादा ने विरोध किया। आरोप है कि अनुराग ने फोन कर अपने भाइयों तुषार, सोनू व जोनी को भी बुला लिया और सबने दादा के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के विरुद्ध मुक. दमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## नजीबाबाद में रोजा इफ्तार का आयोजन

**नजीबाबाद।** रमजान के पवित्र महीने में रोजा इफ्तार का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन मरहूम हाजी यामीन सैफी की स्मृति में उनके पुत्र इकराम सैफी और मौहम्मद अमन सैफी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विधायक हाजी तसलीम अहमद, चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम और साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। इफ्तार के बाद मगरिब की नमाज अदा की गई। सभी ने देश में शांति, सद्भाव और भाईचारे के लिए दुआएं मांगी। उपस्थित लोगों ने कहा कि यह आयोजन गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है। होटल इंद्रलोक के पूर्व स्वामी हाजी यामीन सैफी की परंपरा को उनके बेटों द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है। कार्यक्रम में डॉ. सलीम, तसनीम सिद्दीकी, पूर्व चेयरमैन मोअज्जम खान, राकेश जुनेजा समेत व्यापारिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे।

## ऐतिहासिक होगी जनसंदेश यात्रा

**किरतपुर।** किरतपुर से बिजनौर तक निकाले जाने वाली जनसंदेश यात्रा को जिले भर की जागरूक जनता, नेताओं, समाजसेवियों, दानिशवरों, डॉक्टरों, अधिवक्ताओं, पत्रकारों, व्यापारियों व गणमान्य लोगों का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। ऐसा लग रहा है कि 23 मार्च शहीद दिवस के मौके पर निकलने वाली यह जनसंदेश यात्रा ऐतिहासिक होने वाली है। लोगो का मानना है कि यह यात्रा जनता के बीच अच्छा और बेहतरीन संदेश छोड़ कर जाएगी। इस यात्रा से रोड पर चल रहे लोगों में ट्रैफिक रूल्स के प्रति काफी जागरूकता आएगी। जिससे रोड पर हो रहे एक्सीडेंट से मौतों की संख्या में गिरावट भी आएगी। साहिल मेहरा व उनके अन्य साथियों ने बताया कि इस यात्रा का मकसद लोगों को ट्रैफिक रूल्स समझाने जैसे सड़क पार करते समय जेबरा क्रॉसिंग का इस्तेमाल करें, गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट और हेलमेट का प्रयोग करें, पीछे से आने वाली गाड़ियों को सावधानी से देखें, दूसरों को रास्ता देने के लिए सिग्नल का इस्तेमाल करें, शराब पीकर गाड़ी न चलाएं, वाहन चलाते समय यातायात नियमों, संकेतों, और चिन्हों का पालन करें, अपनी ही लाइन में चलें, दिशा बदलने और मोड़ने के लिए संकेतों का इस्तेमाल करें, अपनी साइड चलें रोंग साइड बिल्कुल न चले, गाड़ी चलाते समय फोन पर बातें हरगिज न करें। इस तरह की बातों को बताने और जागरूकता पैदा करना इस यात्रा का असल मकसद है। 23 मार्च शहीद दिवस पर जनसंदेश यात्रा कमेटी ने किरतपुर मंडी समिति आने की और यात्रा को कामयाब बनाने की सभी लोगों से अपील की है। कमेटी ने जनता से कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों को जानों, सुरक्षित यात्रा की आवश्यकता पहचानों, यातायात नियमों का रखो ध्यान, दुर्घटनाओं पर लगाओ पूर्ण विराम, सड़क सुरक्षा उपायों को अपनाएं, यातायात को और बेहतर बनाएं।

## बसोड़े के मेले में उमड़े श्रद्धालु

**धामपुर।** चैत्र मास के कृष्ण पक्ष में होली के पश्चात लगने वाला बसोड़े का मेला श्रद्धापूर्वक धूमधाम से आयोजित किया। नहटौर रेलवे फाटक के निकट प्राचीन सिद्ध पीठ शीतला माता के मंदिर पर बुधवार को पहुंच कर श्रद्धालुओं ने पिछले कई दशक से चली आ रही परंपरा के अंतर्गत पूजा अर्चना की गई। मंदिर के महंत शिवम गोस्वामी ने बताया कि माता रानी से परिवार में बीमारी से स्वास्थ्य की रक्षा एवं शांति खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की जाती है। मंदिर के बाहर आयोजित मेले में सजाई गई दुकानों पर बच्चों ने खेल खिलौने एवं चाट पकौड़ी की खरीदारी की। शीतला माता को स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी भी कहा जाता है और मान्यता है कि उनकी पूजा से दैहिक तापो जैसे ज्वर, चेचक, कुष्ठ रोग, फोड़े फुंसियां, चर्म रोग और संक्रमण समेत कई विषाणुओं के दुष्प्रभावों से मुक्ति मिलती है। रोगों से मुक्त रहने की भावना को लेकर शीतला माता की पूजा की जाती है। माता रानी को बासी पकवान चढ़ाया जाता है।

## ओवरलोडेड ट्रैक्टर ट्रॉलियों की शिकायत

**नजीबाबाद।** ईंट भट्टा स्वामी एवं पत्रकारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने तहसील दिवस में पहुंचकर गैर जनपदों से आ रही ईंटों से भरी ओवरलोडेड ट्रैक्टर-ट्रॉली पर रोक लगाने के संबंध में डीएम को शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें कहा गया कि नजीबाबाद क्षेत्र में दूसरे जनपदों से कोटद्वार रोड स्थित मंडी समिति के पास प्रतिदिन ईंटों से भरी दर्जनों ओवरलोडेड ट्रैक्टर ट्रॉलियां खड़ी हो रही हैं। जिसमें गैर जनपदों से भवन निर्माण हेतु ईंटों की सप्लाई का अवैध कार्य किया जा रहा है। उपरोक्त ट्रैक्टर ट्रॉली टैक्स पैड नहीं है, जिससे सरकार को लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है। वहीं ट्रैक्टर ट्रॉली में क्षमता से अधिक ईंटे ओवरलोड भरी रहती है। जिन पर समय रहते रोक लगाई जाना जनहित में जरूरी है।

# भेदभाव से दूर होकर महापुरुषों के बलिदान से सबक लेने का आह्वान

### धार्मिक एकता के साथ सत्ता प्राप्त कर सतमार्ग पर चले समाज: राजकुमार दास ब्रह्मचारी

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय संत शिरोमणि सतगुरु रविदास मिशन के तत्वाधान में सतगुरु स्वामी समनद. ास जी महाराज को साक्षी मानकर शाखा आश्रम चमारीखेड़ा में बारहवां वार्षिक सत्संग धूमधाम से आयोजित किया गया। सत्संग का शुभारंभ संत शिरोमणि सतगुरु रविदास जी महाराज सतगुरु स्वामी समनदास जी महाराज के चरणों में आश्रम सेवादार परविंदर रविदासिया, मांगेराम व पुष्पेंद्र रविदासिया द्वारा आरती वंदना से किया गया।



मुख्य अतिथि के रूप में गुरु गद्दी शुक्रताल से पधारे महात्मा गोरधन दास जी महाराज ने कहा कि स्वामी समनदास जी महाराज ने मानव जीव को सत्संग बताया है जिसमें अमृत भरा पड़ा है जिसको रसपान करने और सुमिरन करने से मानव जीवन सुधर रहा है। उन्होंने कहा कि सतगुरु रविदास जी महाराज के नाम दान को घर घर में पहुंचाकर सतगुरु स्वामी समनदास जी महाराज ने जनमानस का भला करने का काम किया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में डेरा बाबा जोड़े जालंधर से पहुंचे ऑल इंडिया साधु संप्रदाय सोसायटी के चेयरमैन संत निर्मल दास जी महाराज ने गुरु महिमा का बखान करते हुए कहा कि सत्संग में आकर जाति पाती का भेद दूर हो जाता है इसलिए मानव को कभी भी बैर नहीं करना चाहिए और हमेशा अपने संतो महापुरुषों के बलिदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलकर देशहित में नाम रोशन करना चाहिए। जालंधर से पहुंची प्रसिद्ध आर्किटेक्ट व प्रधानाचार्य सु संतोष बहन ने खलास चमार शब्द पर प्रकाश डालकर सभी का ज्ञानवर्धन करते हुए कहा कि गुरुजी के मिशन को निरंतर गति देने के लिए हमें लगातार और अधिक परिवारों को गुरुनाम की दीक्षा दिलानी होगी जिससे ए गतिशील बना रहे। उन्होंने बाबासाहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सभी से शिक्षा की ओर कदम बढ़ाने और अपने हक अधिकारों की रक्षा करने की बात कही। उपाध्यक्षता कर रहे कार्यक्रम आयोजक महात्मा राजकुमार दास ब्रह्मचारी जी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सतगुरु स्वामी समनदास जी महाराज द्वारा चलाए गया मिशन आज फल फूल रहा है जिसकी खुशबू से करोड़ों मानव लाभान्वित होकर समाज का नाम रोशन कर रहे हैं क्योंकि सत्संग रूपी ज्ञान वर्षा में स्नान करने से मानव के सभी विकार नष्ट हो जाते है और उसमें पॉजिटिव ऊर्जा का संचार होता है इसलिए जीवन में सत्संग आवश्यक है। उन्होंने सभी से शाक. ाहारी जीवन जीने और बुरी कुरीतियों को त्यागकर सतमार्ग पर चलने की बात कहते हुए धार्मिक एकता के साथ शासन सत्ता प्राप्त करने की बात कही।

कार्यक्रम में भारतीय शिक्षा चेरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ट समाजसेवी जयराम गौतम प्रधान, मेयर डॉ। अजय कुमार, पूर्व विधायक जगपाल सिंह, बसपा नेता नरेश गौतम, भीम आर्मी राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह, पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल चमार साहब, भीम आर्मी द्धजयभीमत्र्फ जिलाध्यक्ष सन्नी गौतम, पूर्व ब्लॉक प्रमुख हंसराज गौतम, राव बाबर, परविंदर धारिया, सूर्यकांत ठाकुर व ताराचंद चेयरमैन ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन हथनीकुंड आश्रम के महात्मा श्रद्धा दास, मास्टर विपिन कुमार व एसडी गौतम पत्रकार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। महा। जगतदास, खुरालगढ़ साहिब से पधारे महात्मा राजकुमार दास बाल ब्रह्मच. ारी, महा। गुरुमुख दास ब्रह्मचारी, महा। महिपाल दास, संत खुशीदास, महा। अजब दास, महा। मेघराज दास, महा। बबलू दास, महा। गुलाब दास, महा। सुभाष दास, महा। राजकुमार दास, महा। साईंदास, महा। मांगेदास, महा। तारादास, महा। चंद्रदास, महा। सरजीत दास, धर्मपाल दास, सुषमा दासी, प्रशासनिक अधिकारी राजेश्वर दयाल, समाजसेवी रामपाल सिंह गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष कर्णवीर सिंह, रमेश भारती, परमाल सिंह गोंदवाल, एड। संजीव नौटियाल चेयरमैन, एड। मेहर सहगल, बिट्टू खालसा, अवनेस दास, एड। राजपाल सिंह, अनिल दास, सुंदर आचार्य, मूलचंद चौहान, नीटू रविदासिया, बालक अर्जुन सूर्यवंशी, मित्रसेन रविदासी, अनुज रविदासिया, कपिल दास, गो. विंद सरपंच, राकेश मंडेबर, विनोद समनदासिया, जोगेंद्र सहगल, अनिल केशव, डॉ. जगत सिंह, सुंदर, प्रवीण लुंढी, बबीता दासी व सोनिया समेत हजारों अनुयाई मौजूद रहे।

# किसानों को युवकों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

**नांगल सोती।** बाइक सवार युवकों ने बुग्गी से गन्ना ले जा रहे किसानों को दौड़ाकर गन्ने से पिटाई की। मारपीट की वीडियो बनाई और फिर सोशल मीडिया पर वायरल कर दीं। एक पीड़ित के पिता ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। दो वीडियो में दो युवा किसानों को गन्ने से पीटा जा रहा है। घटना नांगल-बरकातपुर नहर मार्ग पर गांव लालपुर मान के समीप की है। गांव रसूलपुर सैद और सैदपुरी के तीन किसान अपनी भैंसा-बुग्गियों से मिल गेट पर गन्ना बेचने जा रहे थे। वीडियो में बाइक पर सवार कुछ युवकों में से एक युवक ने बुग्गी पर चढ़कर एक किसान को गन्ने से पीटना शुरू किया। बाइक सवार युवकों ने बुग्गी सवार किसान को दौड़ा- दौड़ाकर पीटा। दूसरे वीडियो में दूसरे किसान को दो युवक नीचे गिरा-गिराकर पीट रहे है। मारपीट करने वाले युवकों ने चेहरे को कपड़े से ढक रखा था। जिस युवक को पीटा गया वह सैदपुरी निवासी नजमुलहसन पुत्र नबीयुलहसन है। युवक के पिता नबीयुलहसन ने थाने पहुंचकर पुलिस को मामले में तहरीर दी।

# मर्यादाएं ताक पर रख कर क्या साबित करना चाहते हैं बच्चे: अरुण वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सोशल मीडिया पर अश्लीलता से सामाजिक बदनामी हो रही है। चंद लाइक पाने के लिए अश्लीलता बढ़ रही है।

गौरतलब है कि नगर निवासी व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने सोशल मीडिया पर फैल रही गंदगी पर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि सोशल मीडिया पर आए दिन कई वीडियो या फोटो वायरल होते रहते हैं। आज कल कुछ युवा या युवतियां चंद लाइक और कमेंट के लिए अपनी सीमाएं लांघने लगे हैं, इनमें बड़ी संख्या में युवा युवतियां और छोटे बच्चे शामिल हैं। वर्तमान पीढ़ी के यह युवा मान-मर्यादा को भूल गए हैं और अपनी सीमाओं का उल्लंघन करने लगे हैं। सोशल मीडिया पर खुलेआम शराब का सेवन करना, सिगरेट पीना व अन्य तरीके के नशे में वीडियो बनाना या जिंदगी को धुंए में उड़ाते दिखा कर क्या साबित करना चाहते है। आज डिजिटल मीडिया के दौर में फैल रही अश्लीलता हमारे युवाओं को संस्कृति से दूर कर रही है। हर व्यक्ति को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। पश्चिमी सभ्यता की आड़ में संस्कृति से जिस तरह खिलवाड़ हो रहा है, वह हमारे बच्चों के लिए नुकसानदायक है। आज कल युवक व युवतियां एवं महिलाएं कम समय में प्रसिद्धि पाने के लिए आपत्तिजनक वीडियो बना रही हैं। किसी ने यह ध्यान नहीं दिया कि यह हमारे समाज के लिए कितना घातक है। युवा इन्हीं रील को देखकर मर्यादाएं ताक पर रख रहे हैं। महिलाओं के खिलाफ होने वाली घटनाएं भी बढ़ रही हैं। सरकार सोशल मीडिया पर फैलती अश्लीलता को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। अरुण कुमार वर्मा ने कहा है कि सोशल मीडिया बेहतरीन मंच है लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि कोई यहां अश्लीलता फैलाए। टीवी शो और फिल्मों में अब फूहड़ता बढ़ती जा रही है जो समाज के लिए अच्छी नही हैं। अभी भी समय हैं अन्यथा जब समय निकल जायेगा तो हमें पछतावा होगा और फिर हम कुछ नहीं कर पाएंगे। इस तरह की वीडियो से दूर रहे।

## एसडीएम रितु रानी को सम्मानित किया

**धामपुर।** हिंदू रक्षा सेना महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ऐश्वर्या चौधरी ने उप जिलाधिकारी श्रीमती रितु रानी को पुन: धामपुर तहसील की उप जिलाधिकारी नियुक्त होने पर उनका स्वागत अभिनंदन कर उज्जवल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दी। कुशल क्षमता मेहनत और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता, लोगों की समस्याओं का निस्तारण, कुशल व्यवहार की धनी धामपुर उप जिलाधिकारी को धामपुर में होली महापर्व शांति पूर्ण संपन्न कराने की बधाई दी। प्रशासन के कुशल और बेहतर प्रबंधन तथा कड़ी निगरानी के कारण धामपुर और क्षेत्र में होली का पर्व शांति और भाईचारे के साथ संपन्न हो पाना संभव हुआ। ऐश्वर्या चौधरी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर समाजसेवी मीनू सिसोदिया भी शामिल रही।

## सुन मां अंजनी के लाल मुझे तेरा ही सहारा

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और भजनों के माध्यम से बजरंगबली का गुणगान किया गया। मौहल्ला बाढवान स्थित रामेश्वर सिंह सैनी के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन सुन मां अंजनी के लाल मुझे तेरा ही सहारा यह भजन सबको खूब पसंद आया, सब ने तालियां बजाकर उत्सव वर्धन किया। अंत में संस्था द्वारा आयोजक परिवार को राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में गोविंद सैनी, बाबूराम सैनी, वीरेंद्र सैनी, अशोक सैनी, रामेश्वर सिंह सैनी, अनिता सैनी, चांदनी, निरंजन, कृष्णा, बबली, पायल, सुमित्रा, भीम सिंह आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के उपाध्यक्ष राम प्रकाश वर्मा, मनोज रस्तोगी, प्रीतम सैनी, दिनेश राणा, सन्दीप भारद्वाज, नंदकिशोर रस्तोगी, सर्वेश गिरी आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

## नाली निर्माण पूरा कराने की मांग

**सहसपुर।** स्थानीय मोहल्ला ताल कटोरा निकट सलीम पेंटर वाली गली वार्ड नंबर 6 में पिछले 3 महीने पहले ठेकेदार सभासद द्वारा बनाई जा रही गली में नई पुरानी ईंटों द्वारा नाली का निर्माण हुआ था। सादान, अनवर, नदीम चौधरी, तरन्नुम, सदफ, कहकशा आफरीन के अनुसार जो गली की सड़क की एक ही साइट की नाली का ही निर्माण हुआ जबकि 3 महीने बीत गए हैं। लेकिन अभी तक सड़क की दूसरी साइट की नाली का निर्माण नहीं हुआ। जिस कारण नाले का गंदा पानी सड़क के ऊपर एकत्रित हो जाता है, जिससे गली के निवासी के साथ-साथ स्कूल के छात्राओं को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। सभासद ठेकेदार ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा सड़क की एक ही साइट का नाली निर्माण का ठेका मिला था, जो हम उसको पूरा कर चुके है। वहीं गली के लोगों ने नगर पंचायत सहसपुर अध्यक्षा द्वारा सड़क की दूसरी ओर साइट की नाली निर्माण की मांग की है।

## फिर बढ़ने लगा अतिक्रमण

**चांदपुर।** नगर में एक बार फिर से बढ़ते अतिक्रमण ने नगर की खूबसूरती को दागदार करना शुरू कर दिया हैं, जिसके चलते नगर की सुंद. रता और स्वछता को भी प्रभावित होना पड़ रहा हैं। नगर पालिका द्वारा समय समय पर नगर की सुंदरता को लेकर कदम उठाये जाते रहे हैं लेकिन अतिक्रमण करने वाले नगर को कंजस्टेड करने से बाज नही आ रहे हैं। सबसे ज्यादा अतिक्रमण काजीजादगान, सिलारा रोड़ और मंडी कोटला, रेलवे फाटक पर है। वहीं सिलारा नाले के पास खोके नगर पालिका के एक अच्छे रोड़ को संकरी किये दिखाई देगा। खोके, टीन, टप्पा अतिक्रमण को बढ़ावा दिए हुए हैं। हाईवे पर किसी भी समय दुर्घटना का भय बना रहता हैं।

## बसपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**चांदपुर।** बहुजन समाज पार्टी चांदपुर विधानसभा की एक मीटिंग विधानसभा कार्यालय डॉ. शकील हाशमी के निवास स्थान पर संपन्न हुई। मीटिंग की अध्यक्षता नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष वीर सिंह ने की जबकि कुशल संचालन बनने अल्वी ने किया। मीटिंग में बूथ कमेटी के गठन पर जोर देते हुए जिला अध्यक्ष समर सिंह एडवोकेट ने कहा कि हमें प्रत्येक सेक्टर पर जाकर सेक्टर कमेटी का गठन करना है। उसके बाद प्रत्येक बूथ पर जाकर बूथ कमेटी का गठन करना, जब हमारा बूथ मजबूत होगा तभी हमारी पार्टी मजबूत होगी और हम आने वाले 2027 में बहन जी को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बना सकते हैं। इस मौके पर नव मनोनीत जिला कार्यकारिणी सदस्य अकील अंसारी ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी जैसा कार्यकर्ता हर पार्टी के पास नहीं है। बहुजन समाज पार्टी का कार्यकर्ता पूरी तरह से पार्टी को समर्पित है। उन्होंने आह्वान किया के बसपा से नए कार्यकर्ता को अधिक से अधिक जोड़े व बहन जी की सरकार में कराए गए विकास कार्य को सर्व समाज को बताएं। मीटिंग में विधानसभा प्रभारी धर्मपाल सिंह, विधानसभा प्रभारी अजय कुमार, बूंद शेख, वरिष्ठ नेता चेतराम सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राम किशनसिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीराम सिंह, पूर्व विधानसभा कोषाध्यक्ष संजय सिंह, ठाकुर दास, विशाल कुमार, राजेंद्र प्रधान, संजीव प्रधान, संजय सिंह, विशाल, जगत सिंह कश्यप, इमरान अंसारी, ओमपाल प्रधान, मुकेश कुमार, चरण सिंह कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ICC टी-20 में अभिषेक का जलवा बरकरार





**दुबई, वार्ता।** भारत के विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और 'मिस्ट्री' स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा टी-20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में क्रमशरू बल्लेबाजों और गेंदबाजों की सूची में करियर का सर्वश्रेष्ठ दूसरा स्थान कायम रखा।

हार्दिक पांड्या 252 अंक से हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं जिसमें नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी (233 अंक) दूसरे और ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस (210 अंक) तीसरे स्थान पर हैं। तिलक वर्मा और भारत के टी-20 अंतर्राष्ट्रीय कप्तान सूर्यकुमार यादव बुधवार को जारी इस रैंकिंग में क्रमश: चौथे और पांचवें नंबर पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड 856 रेटिंग अंक लेकर बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं जिसमें इंग्लैंड के फिल सॉल्ट 815 अंक से तीसरे नंबर पर बने हुए हैं। अभिषेक के 829, तिलक वर्मा के 804 और सूर्यकुमार के 739 रेटिंग अंक हैं। गेंदबाजी सूची की अगुआई वेस्टइंडीज के अकील हुसैन (707 अंक) कर रहे हैं जिसमें चक्रवर्ती (706 अंक) उनसे महज एक अंक पीछे हैं और इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल राशिद (705 अंक) से एक अंक आगे हैं। श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा (700) और ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा (694 अंक) इनसे पीछे हैं। भारत के रवि बिश्नोई 674 अंक से छठे स्थान पर हैं जबकि बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने 653 अंक से नौवां स्थान बरकरार रखा है। जहां तक भारतीय खिलाड़ियों का संबंध है तो उनके स्थान में बदलाव नहीं हुआ है क्योंकि टीम ने जनवरी-फरवरी में घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के बाद से इस प्रारूप का कोई मैच नहीं खेला है। न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ पांच मैच की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज में 2-0 से बढ़त बना ली है जिससे टिम सिफर्ट और फिन एलेन की सलामी जोड़ी के अलावा गेंदबाज जैकब डफी को काफी फायदा मिला है। सिफर्ट 20 पायदान की छलांग से 13वें स्थान पर जबकि एलेन आठ पायदान के लाभ से 18वें स्थान पर पहुंच गए। डफी ने दो मैच में छह विकेट झटके जिसमें पहले मैच में 14 रन देकर चार विकेट हासिल करने का करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी शामिल है।

**■ वरुण गेंदबाजों की रैंकिंग में दूसरे नंबर पर, हार्दिक पांड्या 242 अंक से हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर**



## संक्षिप्त खेल समाचार

### अडानी और पीजीटीआई इनविटेशनल गोल्फ चैंपियनशिप का करेंगे आयोजन

**अहमदाबाद, वार्ता।** अडानी समूह देश में पुरुषों की प्रोफेशनल गोल्फ की आधिकारिक संस्था पीजीटीआई के साथ मिलकर एक अप्रैल से इनविटेशनल गोल्फ चैंपियनशिप का आयोजन करेगा। अडानी समूह का भारतीय प्रोफेशनल गोल्फ की शुरुआत करना गोल्फ को अधिक लोगों तक पहुंचाना, इसे मेनस्ट्रीम स्पोर्ट में शामिल करना तथा नए भारतीय गोल्फ चैंपियन तैयार करना इसका उद्देश्य है। एक से चार अप्रैल तक ग्रेटर नोएडा के जेपी ग्रीन्स गोल्फ एंड स्पा रिजॉर्ट होने वाले इस टूर्नामेंट में 1-5 करोड़ की पुरस्कार राशि रखी गई है। इस अवसर पर अडानी एंटरप्राइज लिमिटेड के निदेशक प्रणव अडानी ने कहा कि हमें कपिल देव और पीजीटीआई के साथ मिलकर भारतीय प्रोफेशनल गोल्फ को आगे बढ़ाने का अवसर मिला है। हमारा लक्ष्य भारत से विश्व स्तरीय गोल्फ चैंपियन तैयार करना है। हम इस खेल को अधिक सुलभ बनाने, ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने और खिलाड़ियों को बेहतरीन ट्रेनिंग एवं खेलने के अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### भारतीय मुक्केबाजी संघ ने महासचिव और कोषाध्यक्ष को पद से हटाया

**गुरुग्राम, वार्ता।** भारतीय मुक्केबाजी संघ ने वित्तीय अनियमितताओं और धन के कुप्रबंधन को लेकर महासचिव हेमंत कलिता और निवर्तमान कोषाध्यक्ष दिग्विजय सिंह को पद से हटा दिया है। भारतीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने आज औपचारिक रूप से बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से कथित वित्तीय अनियमितताओं और धन के कुप्रबंधन के संबंध में मिली शिकायत पर भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश सुधीर कुमार जैन को मामले की स्वतंत्र जांच करने के लिए नियुक्त किया।

# त्रिसा-गायत्री की जोड़ी स्विस ओपन के दूसरे दौर में

**अगले दौर में भारतीय जोड़ी का मुकाबला जर्मनी की जोड़ी से होगा**



**बसेल (स्विट्जरलैंड), वार्ता।** भारत की गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्विस ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला युगल स्पर्धा के राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली हैं। मंगलवार को खेले गए मुकाबले में विश्व की नौंवे नंबर की भारतीय जोड़ी ने स्विट्जरलैंड की एलाइन मुलर और नीदरलैंड की केली वैन ब्यूटेन जोड़ी को 32 मिनट तक चले मुक. ाबले में 21-16, 21-17 से आसानी से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। अगले दौर में भारतीय जोड़ी का मुकाबला जर्मनी की सेलिन हब्सच और एमिली लेहमैन से होगा। एक अन्य मुकाबलों में भारत की प्रिया कोनजेंगबाम-श्रुति मिश्रा की जोड़ी को तुर्की की विश्व में 61वें नंबर की जोड़ी नाजलिकन इंसी और बेंगिसू एर्सेटिन ने 21-11, 21-19 से हराया, जबकि वर्षिनी विश्वनाथ श्री-आरती सारा सुनील को नीदरलैंड की डेबोरा जिल्ले और डेनमार्क की शटलर सारा थिगेसन ने 21-13, 21-13 से हराया। इस बीच, भारतीय शटलर आयुष शेट्टी और एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम ने क्वालीफायर में दमदार प्रदर्शन के साथ बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के पुरुष एकल मुख्य ड्रॉ में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। आयुष शेट्टी ने अपने पहले क्वालीफाइंग मैच में इंग्लैंड के चोलन कायन को 42 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12, 21-15 से हराया। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने इसके बाद फांस के विश्व नंबर 400 राफेल गेवियोस को मात्र 23 मिनट में 21-6, 21-8 से हराकर राउंड ऑफ 32 में जगह बनाई, जहां उनका सामना 2018 जकार्ता एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जापान के केंटा निशिमोटो से होगा। मुथुसामी ने पहले राउड में इंग्लैंड के शटलर यूहैंग वांग को 21-13, 21-4 से पराजित किया और फिर अपने अंतिम क्वालीफायर में हमवतन थारुन मन्नेपल्ली को 21-7, 21-10 से हराया। मुथुसामी मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन से भिड़ेंगे। एचएस प्रणय, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज पहले ही मुख्य वर्ग में शामिल हो चुके हैं। पूर्व विश्व नंबर एक किदांबी श्रीकांत, जिन्हें शुरू में क्वालीफायर में खेलना था, को बाद में लक्ष्य सेन के पुरुष एकल से देर से हटने के बाद मुख्य ड्रॉ में पदोन्नत किया गया। श्रीकांत का सामना हमवतन प्रणय से होगा, जो कि 32 राउंड के अखिल भारतीय मुकाबले में होगा। इसी तरह, इशारानी बरुआ का सामना साथी भारतीय शटलर आकर्शी कश्यप से होगा, जिन्होंने फांसीसी प्रतिद्वंद्वी रोजी ओक्टाविया पंकसारी को 21-16, 21-11 से हराकर मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया है। मिश्रित युगल में आयुष अग्रवाल और श्रुति मिश्रा ने अपना क्वालीफायर जीतकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। पीवी सिंधु बुधवार से अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

# न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 टीम घोषित की

**■ आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर मेली केर की हुई वापसी**

**ऑकलैंड, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम के साथ होने वाली टी-20 सीरीज के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। स्वास्थ्य लाभ को लेकर अवकाश पर गई सोफी डिवाइन और आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर मेली केर की टीम में वापसी हुई हैं। ईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार टीम में सूजी बेट्स को चुना गया है। बेट्स टी -20 सीरीज में 33 की औसत और 112-50 की स्ट्राइक रेट से 99 रन बनाए और शीर्ष स्कोरर रहीं। पिछले वर्ष महिला टी-20 विश्वकप के बाद डिवाइन के पद छोड़ने के फैसले के बाद बेट्स अंतरिम कप्तान के रूप में टीम की अगुआई करना जारी रखेंगी। हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने के बाद तेज गेंदबाज ली ताहुहू और बल्लेबाज बेला जेम्स की भी क्वाड्रिसेप स्ट्रेन के बाद टीम में वापसी हुई हैं।टी-20 विश्वकप चैंपियन शुक्रवार को ईडन पार्क में ऑकलैंड, टौरंगा और वेलिंगटन में तीन टी-20 मैचों में ट्रांस-तस्मान प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबला करेगी। टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि हम इस सीरीज के लिए सोफ, मेली और ली को वापस पाकर रोमांचित हैं, वे टीम में अमूल्य अनुभव और नेतृत्व लेकर आए हैं। अपनी वापसी पर डिवाइन ने कहा कि कुछ समय के लिए खुद को फिर से स्थापित करना और फिर से ध्यान केंद्रित करना अच्छा रहा। मैं लड़कियों के साथ फिर से खेलने के लिए वास्तव में उत्सुक हूँ। न्यूजीलैंड 21 मार्च को ऑकलैंड के ईडन पार्क में अपना पहला मैच ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा।

**न्यूजीलैंड महिला टीम:** सुजी बेट्स (कप्तान), ईडन कार्सन, सोफी डिवाइन, मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, पोली इंगलिस, बेला जेम्स, फ्रैन जोनास, जेस केर, मेली केर, रोजमेरी मैयर, जॉर्जिया प्लिमर और ली ताहुहु।

# कबड्डी विश्वकप को आईकेएफ ने नहीं किया अधिकृत

**■ एशियाई खेलों में कबड्डी पदक प्रतिस्पर्धा वाला कोई भी राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ इस आयोजन में भाग नहीं ले रहा है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) ने कहा है कि विश्व कबड्डी महासंघ के तत्वावधान में ब्रिटेन में चल रहे कबड्डी विश्वकप 2025 को हमने अधिकृत नहीं किया है। आईकेएफ ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि कबड्डी के लिए प्रत्येक राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) (जिसका अपने संबंधित देश के राष्ट्रीय ओलंपिक महासंघ से संबंध या जुड़ाव है), वह आईकेएफ और एकेएफ का सदस्य-संबद्ध है। अपने-अपने देशों में ओलंपिक सिस्टम की औपचारिक मान्यता वाले ये अधिकृत एनएसएफ ब्रिटेन में चल रहे तथाकथित कबड्डी विश्वकप 2025 में भाग नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ, एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) और एशियाई कबड्डी महासंघ (एकेएफ) द्वारा मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय शासी निकाय है। आईकेएफ 1990 से एशियाई खेलों में पुरुषों और महिलाओं के लिए कबड्डी की पदक स्पर्धा और अन्य अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी टूर्नामेंटों के संचालन की देखरेख और पर्यवेक्षण करता रहा हैं। ओसीए, आईकेएफ, एकेएफ और एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया (एकेएफआई) का विश्व कबड्डी महासंघ या इसकी किसी भी गतिविधि से कोई लेन-देन या जुड़ाव नहीं है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार, एशियाई खेलों में कबड्डी पदक प्रतिस्प्रर्धा वाला कोई भी राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ इस आयोजन में भाग नहीं ले रहा है। ब्रिटेन में चल रहे कबड्डी विश्व कप में ऐसे देशों का कथित तौर से प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों के पास कबड्डी के लिए संबंधित एनएसएफ से कोई मंजूरी नहीं है। आईकेएफ को एकेएफआई द्वारा सूचित किया गया है कि ब्रिटेन में चल रहे कबड्डी विश्व कप में भारतीय टीम को भारत में कबड्डी के खेल के आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त संरक्षक निकाय-एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया से कोई मंजूरी या मान्यता नहीं है। उन्होंने कहा कि आईकेएफ अपने सभी संबंधित राष्ट्रीय ओलंपिक निकाय को भी अपने विचार से अवगत कराएगा। ताकि वे ब्रिटेन में आयोजित कबड्डी विश्व कप 2025 में भाग लेने वाली अनधिकृत राष्ट्रीय टीमों को कोई अनुचित मंजूरी या मान्यता देने में गुमराह न हों।

## राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग: हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा, मणिपुर और हरियाणा ने जीते अपने मैच

**रांची, वार्ता।** राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-2025 के अंतिम चरण के दूसरे दिन बुधवार को हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा, मणिपुर और हरियाणा ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। यहां खेले गए पहले मुकाबले में, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने पूल ए में महाराष्ट्र को 1-0 से हराया। ओडिशा की ओर से दीपिका बरवा ने (57वें) मिनट में गोल महाराष्ट्र से हराया। अगले मैच में मणिपुर ने पूल ए में मध्य प्रदेश को 2-0 से हराया। मणिपुर की ओर से पूजा रामचूरिया ने (41वें) और बेबीरानी देवी संदम ने (56वें) मिनट में एक-एक गोल कर अपनी टीम को टूर्नामेंट में पहली दिलाई। दिन के तीसरे मुकाबले में हरियाणा ने पूल ए में हॉकी मिजोरम को 2-1 से हराया। हरियाणा के लिए सावी ने (44वें) और शशि खासा ने (59वें) मिनट में गोल किए। जवाब में मिजोरम की वनलालरिन्हलुई ने (57वें) मिनट में सांत्वना गोल किया। टूर्नामेंट में यह हरियाणा की दूसरी जीत है।

## मुम्बई इंडियंस के पहले मैच में सूर्यकुमार होंगे कप्तान

**मुम्बई, वार्ता।** मुम्बई इंडियंस के नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या पर पिछले वर्ष इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के आखिरी मैच में धीमे ओवर रेट के कारण एक मैच के लिए लगे प्रतिबंध के कारण आईपीएल के इस सत्र में टीम के लिए सूर्यकुमार यादव पहले मैच में मुम्बई इंडियंस की बागडोर संभालेंगे।

हार्दिक ने कहा कि यह मेरे नियंत्रण से बाहर की चीज है। पिछले साल आखिरी मुकाबले में हमने अंतिम ओवर 1-5 या दो मिनट देरी से किया था। यह दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन यही नियम है। हमें प्रक्रिया के अनुसार ही चलना होगा। सूर्या भारत के कप्तान हैं और जब मैं नहीं हूं तो वह आदर्श विकल्प हैं। उल्लेखनीय है कि हार्दिक 29 मार्च को गुजरात टाइटंस (जीटी) के साथ अहमदाबाद में होने वाले दूसरे मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। मुंबई का घरेलू मैदान में दो दिन बाद 31 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) साथ मैच है। इसके बाद मुम्बई इंडियंस चार अप्रैल को लखनऊ में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के साथ और सात अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरीबी) के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेलेगी।

# पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया और ओटोबॉक की साझेदारी हुई

**■ भारतीय एथलीटों को सक्षम बनाने के उद्देश्य से किया करार**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पैरालंपिक कमिटी ऑफ इंडिया (पीसीआई) ने देश में दिव्यांग खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अत्याधुनिक प्रोस्थेटिक, ऑर्थोटिक और व्हीलचेयर समाधान प्रदान करने वाली जर्मनी की कंपनी ओटोबॉक के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। आगामी विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय एथलीटों को बेहतर प्रदर्शन के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से, पीसीआई ने जर्मन कंपनी ओटोबॉक हेल्थकेयर के साथ एक रणनीतिक समझौता किया है। दुनिया की अग्रणी कंपनी ओटोबॉक अत्याधुनिक प्रोस्थेटिक, ऑर्थोटिक और व्हीलचेयर समाधान प्रदान करती है। ओटोबॉक 1988 से ही इंटरनेशनल पैरालिम्पिक कमिटी के आधिका. रिक तकनीकी सेवा प्रदाता के रूप में कार्य कर रही है। भारत में इसकी उपस्थिति 1998 से है और यह अपने उन्नत उपकरणों के साथ-साथ देशभर में 23 क्लीनिकों का नेटवर्क संचालित कर रही है, जहां दिव्यांग खिलाड़ियों को आफ्टर-केयर सुविधाएं दी जाती हैं। इस भागीदारी के तहत ओटोबॉक भारतीय खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रोस्थेटिक समाधान, विशेष प्रशिक्षण और आफ्टर-केयर सेवाएं प्रदान करेगा। कंपनी प्रत्येक खिलाड़ी की जरूरत के अनुसार उच्च-गुणवत्ता वाले प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक उपकरण उपलब्ध कराएगी। साथ ही, एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के जरिए कोच और प्रोस्थेटिस्ट को भी उन्नत तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। पीसीआई के कार्यकारी राहुल स्वामी ने इस साझेदारी पर कहा कि यह गठजोड़ भारत में दिव्यांग खेलों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। ओटोबॉक के साथ मिलकर हम ऐसी संरचना तैयार कर रहे हैं, जिससे जमीनी स्तर पर नई प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जा सके। ओटोबॉक हेल्थकेयर इंडिया के प्रबंध निद. शक मैट्स फैंक ने कहा कि हम तकनीकी उत्कृष्टता और मानवीय क्षमता को साथ लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे अत्याधुनिक प्रोस्थेटिक समाधान बायोमैकेनिकल नवाचार और

# मांडविया ने नया एंथम व खडसे ने मैस्कॉट का किया अनावरण




**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 का एंथम और खेल राज्यमंत्री रक्षा खडसे ने मैस्कॉट का अनावरण किया। यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर में फिट इंडिया कार्निवल के मौके पर श्री मांडचिया ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स का एंथम तथा खेल राज्यमंत्री रक्षा निखिल खडसे ने मैस्कॉट 'उज्ज्वला' अनावरण किया।

'उज्ज्वला' का डिजाइन दिल्ली की गौरैया से प्रेरित है, जो शहर के गौरव और जुझारूपन का प्रतीक है। विलुप्त होने के कगार पर पहुँच चुके पक्षी की तरह, 'उज्ज्वला' पैरा एथलीटों का प्रतीक है, जो लचीलापन और दृढ़ता का प्रतीक भी हैं। भारतीय पैरालंपिक समिति और पूर्व पैरालिंपियन देवेंद्र झाझरिया और खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 के एक्सेसिबिलिटी पार्टनर-स्वयं की संस्थापक अध्यक्ष स्मिनू लजदल ने संयुक्त रूप से बहुत धूमधाम से खेलों का लोगो लॉन्च किया। इस अवसर पर डॉ. मांडविया ने कहा कि यह एक बहुत ही खास दिन है। हम पहले फिट इंडिया कार्निवल के समापन पर आए हैं, जिसमें 25 हजार लोगों ने भाग लिया था और अब हम खेलो इंडिया पैरा गेम्स शुरू कर रहे हैं। अब हमारे पास भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र में निरंतरता है। यह वास्तव में सभी खिलाड़ियों के लिए बहुत प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि केआईपीजी में 1300 से ज्ड़ादा एथलीट हिस्सा लेंगे। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए सही रास्ता प्रदान करने के लिए खेलों का आयोजन किया गया है। खेलों में कोई हारता नहीं है। कोई जीतता है और कोई सीखता है। यही खेलों की खूबसूरती है। खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 के लोगो में नारंगी, हरे और नीले रंग में एक स्टाइलिश एथलीट है, जो गतिशीलता, आंदोलन और समावे. शिता का प्रतिनिधित्व करता है। साथ ही आगे की ओर गति प्रगति को दर्शाती है। लोगो में बोल्ड ब्लू/व्हाइट 'खेलो इंडिया' और 'पैरा गेम्स 2025' ताकत का संदेश देता है, जिसे नारंगी हाइलाइट्स द्वारा पूरक बनाया गया है। इस अवसर पर एंथम का भी अनावरण किया गया। 'खेलेगा खेलेगा मेरा इंडिया, जीतेगा जीतेगा मेरा इंडिया' शब्दों पर आधारित इस एंथम का उद्देश्य मैदान पर मौजूद एथलीटों के साथ-साथ स्टैंड में बैठे प्रशंसकों को एक प्रेरक संदेश के साथ प्रेरित करना है। उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया पैरा गेम्स 20 मार्च से 27 मार्च होंगे और इसमें छह पैरा खेलों में 1300 से अधिक प्रतिभागी पैरा-तीरंदाजी, पैरा-एथलेटिक्स, पैरा बैडमिंटन, पैरा पावरलिफ्टिंग, पैरा निशानेबाजी और पैरा टेबल टेनिस में स्पर्धा करेंगे। ये सभी स्पर्धाएं जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, इंदिरा गांधी और डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में होगी।

**■ उज्ज्वला का डिजाइन दिल्ली की गौरैया से प्रेरित है**

# हमारी युवा और अनुभवी खिलाड़ियों से मिश्रित मजबूत टीम का लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है

**चंडीगढ, वार्ता।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग और टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें संस्करण से पहले कहा कि हमारी युवा और अनुभवी खिलाड़ियों से मिश्रित मजबूत टीम का लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है। यहां संवाददाता सम्मेलन में पोंटिंग ने कहा कि वह (अय्यर) एक बेहतरीन इंसान हैं। वह आईपीएल जीतने वाले कप्तान हैं।

हम इससे ज्यादा कुछ नहीं मांग सकते थे। वह कुछ दिन पहले ही कैंप में शामिल हुए हैं, इसलिए वह टीम पर कप्तान और लीडर के तौर पर अपनी छाप छोड़ना शुरू कर रहे हैं और यह अगले कुछ दिनों में और बेहतर होगा, उसके बाद ही हम अपना पहला मैच खेलेंगे। लेकिन जैसा कि मैंने कहा, मैं इससे ज्ड़ादा खुश नहीं हो सकता था। मुख्य कोच रिकी पोंटिंग, कप्तान श्रेयस अय्यर और मुख्य कार्यकारी सतीश मेनन आईपीएल के आगामी सीजन के लिए टीम की योजनाओं और लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की।

टीम की नई टीम में उचित संतुलन के बारे में बात करते हुए दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान ने कहा कि हमारे पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का बेहतरीन मिश्रण है। हमारे पास बेहतरीन भारतीय खिलाड़ी हैं और कुछ बेहतरीन विदेशी खिलाड़ी भी हैं। मैं टीम के एकजुट होने से बहुत खुश हूं। कल रात यहां हमारा पहला सत्र था, जो वाकई अच्छा रहा। लड़कों ने वाकई अच्छी ट्रेनिंग की है। अय्यर ने पोंटिंग के साथ फिर से काम करने के लिए अपनी उत्सुकता भी जताई और बताया कि उनकी मौजूदगी से टीम में और गहराई आएगी। टीम के नए कप्तान ने कहा कि वह सभी का समर्थन करते हैं।

## पंत, मार्करम मिलर और मार्श ने बहाया पसीना

**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की टीम ने इकाना स्टेडियम के मुख्य मैदान पर अभ्यास किया। मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने कप्तान ऋषभ पंत के साथ ही एडेन मार्करम, डेविड मिलर, मिशेल मार्श समेत अन्य खिलाड़ियों को फील्डिंग और कैच पकड़ने का अभ्यास कराया। इसके बाद मेंटर, जहीर खान, कोच लांस क्लूजनर ने नेट पर बल्लेबाजी के दौरान खिलाड़ियों को हर बॉल पर छक्के लगाने का अभ्यास कराया। इकाना स्टेडियम में आयोजित टीम के अभ्यास सत्र में सभी खिलाड़ियों ने मैदान के चारों ओर छक्के लगाए। अब्दुल समद ने बाउंसर पर थर्ड मैन के ऊपर से चक्का, तो ऋषभ ने अपने चिर परिचित अंदाज में कवर के ऊपर से कई छक्के लगाए। मिशेल, मार्करम, मिलर, जुयाल, पूरन, आयुष, हिम्मत, अर्शीन आदि ने भी शानदार चौके छक्के लगाए।

**रमजान मुबारक**



**बीसवां रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.59 |
| | शिया | 5.02 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.31 |
| | शिया | 6.46 |

सच्चा ताकतवर वह नहीं जो कुश्ती में जीतता है बल्कि यह है जो गुस्से के समय अपने आप को काबू में रखता है।

हजरत मुहम्मद स.अ.व.

# नगर आयुक्त आवास का किया भूमि पूजन

## महापौर डॉ. अजय व नगरायुक्त संजय ने नींव में ईंट रखकर निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त संजय चौहान ने आज नगरायुक्त के नये आवास/कैंप ऑफिस का भूमि पूजन किया। नया आवास टेलीफोन एक्सचेंज के बराबर में तथा फायर ब्रिगेड के पीछे निगम के पुराने गैराज स्थल पर बनाया जायेगा।



महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त संजय चौहान ने वेद मंत्रोच्चार के बीच पहले विधि विधान से भूमि पूजन किया तत्पश्चात नींव में ईंट रखकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपर नगरायुक्त राजेश यादव, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, महाप्र. बंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, अधिशासी अभियंता निर्माण आलोक श्रीवास्तव, मुख्य नगर लेखा परीक्षक सच्चिदानंद त्रिपाठी व वरिष्ठ लेखा परीक्षक अजमैन, लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी, व सहायक लेखाधिकारी राजीव कुशवाह सहित निर्माण विभाग के अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह ने बताया कि लगभग एक हजार स्कवायर मीटर क्षेत्र में आवास/कैंप ऑफिस का निर्माण किया जायेगा। ग्राउण्ड फ्लोर पर 400 स्कवायर मीटर क्षेत्र को कवर्ड किया जायेगा। ग्राउण्ड फ्लोर पर सर्वेण्ट क्वार्टर, मीटिंग हॉल व कैंप ऑफिस का निर्माण कराने के अलावा बैडमिंटन कोर्ट, पार्किंग, लॉन आदि की व्यवस्था रहेगी। फर्स्ट फ्लोर पर भी 400 स्कवायर मीटर का क्षेत्र कवर्ड करते हुए चार शयनकक्ष वाला आवास बनाया जायेगा।

# बेटियां खेलों में बढ़ें आगे: चौ. नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** फेडरेशन कप वुशू प्रतियोगिता के लिए वुशू खिलाड़ी शिवानी का चयन होने पर राष्ट्रीय लो. कदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नीरपाल सिंह समेत सहारनपुर जिला वुशू एसोसिएशन के पदाधिकारियो ने शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

शिवानी को प्रोत्साहित करते हुए राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नीरपाल सिंह ने कहा कि हमारी बेटियां खेलो में आगे बढ़े गोल्ड मेडल जीत कर आए रालोद खेल प्रकोष्ठ का पूरा सहयोग रहेगा। उन्होने कहा कि केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। जयंत चौधरी का मानना है कि कोई भी गरीब बेटी धन अभाव के कारण खेलने से वंचित ना रहे। इसी कड़ी में शिवानी की आर्थिक मदद कर प्रोत्साहित किया गया।

सहारनपुर जिला वुशू एसोसिएशन के सचिव व राष्ट्रीय रेफरी सोनवीर सिंह बताया कि 24 से 28 मार्च 2025 तक छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में फेडरेशन कप वुशू प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमे सहारनपुर की वुशू खिलाड़ी शिवानी का चयन उत्तर प्रदेश की वूशू टीम मे किया गया।

# संसद में इमरान ने मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान-1 को लेकर पूछे सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सांसद इमरान मसूद द्वारा भारत के महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान-1 को लेकर लोकसभा में प्रधानमंत्री से पूछे प्रश्न के उत्तर में प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि इस मिशन के लिए कुल रूप्ये 20,193 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसरो ने 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और 2040 तक भारतीय मानव चंद्र मिशन का लक्ष्य रखा है।

सांसद इमरान मसूद के संसदीय कार्य प्रभारी विपिन जैन ने बताया कि सांसद के गगनयान मिशन-1 में निजी क्षेत्र के सहयोग के उत्तर में प्रधानमंत्री कार्यालय ने जवाब दिया कि गगनयान-1 मिशन में निजी कंपनियों टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड, लार्सन एंड टुब्रो, वालचंदनगर इंडस्ट्रीज, गोदरेज एयरोस्पेस आदि की भागीदारी महत्वपूर्ण रही है। जून 2020 में अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों की घोषणा की गयी घोषणा के बाद निजी कंपनियों को इस क्षेत्र में संपूर्ण सेवाएं प्रदान करने का अवसर मिला। अप्रैल 2023 में भारतीय अंतरिक्ष नीति-2023 जारी की गई, जिसका उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में निजी कंपनियों की भागीदारी को बढ़ावा देना है। इसरो द्वारा भी विकसित तकनीकों को भारतीय उद्योगों को हस्तांतरित किया जा रहा है। सरकार आत्मनिर्भर भारत के तहत भारतीय कंपनियों को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और प्रणालियों के स्वदेशी विकास के लिए भी प्रोत्साहित कर रही है।

# उच्चतर मूल्यों का बोध होना ही शिक्षा: नागपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मोटिवेशनल स्पीकर एवं उद्यमी गुलशन नागपाल ने कहा कि शिक्षा वही है, जो व्यक्ति को उच्चतर मूल्यों का बोध करा सके। शिक्षा केवल जीवकोपार्जन और ऊंचे पैकेजेस के लिए ही नहीं बल्कि उच्चतर संस्कारों के लिए भी होनी चाहिए।



श्री गुलशन मां शाकुम्बरी विश्व. विद्यालय में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। सेमिनार में उपस्थित रिसर्च स्कॉलर्स एवं देश के विभिन्न प्रांतों से आमंत्रित विषय के अग्रणी वक्ताओं एवं शिक्षा जगत के अग्रणी जनो को संबोधित करते हुए मुख्य व्यक्त के रूप में गुलशन नागपाल ने आह्वाहन करते हुए कहा कि जीवन में केवल उन्हीं वस्तुओं, विचारों,कला और संगीत को प्रतिपादित करे जिनको मानवता के उत्थान और विकास के लिए उपयोग किया जा सके वरना उन्नासवीं शताब्दी के प्रसिद्ध वैज्ञानिक डायनामाइट के आविष्कारक 'अल्फ्रेड नोबेल' की तरह अपने आविष्कारों पर पश्चाताप करना पड़ेगा । राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित करते हुए विश्विद्यालय की उपकुलपति प्रोफेसर श्रीमती विमला वाई ने शिक्षा के साथ संस्कारों के महत्व पर बल दिया । सेमिनार में इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन से राम जी सुनेजा, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से डॉ. सिद्दीकी, प्रोफेसर फिरोज, वित्त नियंत्रक डॉ. सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी, प्रोफेसर विनोद कुमार, डॉ. वी के गुप्ता, सेमिनार की संयोजक डॉ ऋषि पाल जी विशेष रूप से उपस्थित थे।

# निर्माणाधीन पुल का कार्य रुकवाया



**मिर्जापुर।** क्षेत्र के अकबरपुर बांस मे निर्माणाधीन पुल का कार्य भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व मे किसानों ने रुकवा दिया है और मांग की है कि जब तक रजवाहे मे पानी नहीं छोड़ा जायेगा तब तक पुल का निर्माण कार्य नहीं होने दिया जायेगा। थाना मिर्जापुर के अकबरपुर बांस में पीडब्लूडी विभाग द्वारा पुल का निर्माण कराया जा रहा है। भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष अनुज कश्यप का आरोप है कि रजवाहे का पानी बंद करके पुल निर्माण कराया जा रहा है। जिससे किसानों को फसल की सिंचाई मे दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने ब्लॉक अध्यक्ष अनुज कश्यप के नेर्तत्व मे पुल का निर्माण कार्य रुकवा दिया है। भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष अनुज कश्यप ने कहा की पानी नहीं तो निर्माण भी नहीं।

# 55 टीबी रोगियों को प्रोटीन सामग्री वितरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत केंद्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल की प्राथमिकता के अनुरूप कारपोरेट सेक्टर्स, स्वयं सेवी संस्थाओ, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों से सहयोग से टीबी मरीजों को प्रत्येक माह प्रोटीन युक्त पोषण सामग्री वित. रित करने के प्रावधान के अंतर्गत आज जिला चिकित्सालय स्थित टीबी सेनेटोरियम के सभागार में स्टार पेपर मिल्स लिमिटेड के सौजन्य से टीबी का इलाज ले रहे 55 मरीजों को पोषण किट वितरित की गयी।



कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. प्रवीण कुमार एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डा. सर्वेश कुमार ने स्टार पेपर मिल्स लिमिटेड का अगले 6 माह के लिए 55 मरीजों को पोषण किट देने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर स्टार पेपर मिल्स के वेलफेयर ऑफिसर अशोक कुमार ने इस नेक कार्य में सहयोग लेने के स्वास्थ्य विभाग का भी आभार जताते हुऐ बताया कि उपचाराधीन 55 मरीजों को प्रत्येक माह की 10 तारीख को स्टार पेपर मिल प्रांगण में वित. रित की जाएंगी। कार्यक्रम का संचालन स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ क्षय रोग लैब पर्यवेक्षक एम. पी. सिंह चावला ने किया। कार्यक्रम को नागरिक सुरक्षा के मोहम्मद आलम एवं टीबी विभाग के पीपीएम कॉर्डिनेटर परवेन्द्र यादव ने भी सम्भोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक विजेंदर, अशोक पँवार एवं ट्रीटमेंट स्पोर्टर विनोद कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

## दो हत्यारोपी गिरफ्तार

**सहारनपुर।** बेहट कोतवाली पुलिस ने सतीश हत्याकांड का खुलासा करते हुए दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

एसपी देहात सागर जैन ने पुलिस लाईन सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 17 मार्च की रात्रि कस्बा बेहट क्षेत्रांतर्गत सरस्वती विहार कालोनी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर तत्काल बेहट कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की थी जिसमें मृतक की पहचान सतीश पुत्र ओमप्रकाश निवासी मौहल्ला माजरी कस्बा व थाना बेहट के रूप में हुई थी। मृतक के सिर पर ईंटों से वार कर सिर कुचला हुआ था।

# रेलवे ट्रैक से युवक का मिला शव

**सरसावा।** सहारनपुर-अम्बाला रेल मार्ग पर शाहजहांपुर रेलवे फाटक के समीप अप लाइन पर अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर मोर्चरी भिजवाया।



मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे थाना सरसावा पर शाहजहांपुर रेलवे फाटक के समीप रेलवे लाइन पर अज्ञात व्यक्ति शव पड़ा होने की सूचना मिलते ही शाहजहांपुर चौकी प्रभारी विनय कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ एचपी पेट्रोल पंप के सामने रेलवे लाइन के खंबा नंबर 201 के पास पहुंचे तो अप लाइन पर करीब 30 वर्षीय एक व्यक्ति का

क्षत विक्षत शव पड़ा हुआ मिला। मृतक सफेद बनियान, हरी पेंट, पहने हुए था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया शिनाख्त न होने पर मृतक का पंचनामा भर शव मोर्चरी भिजवाया।

## मारपीट में मामला दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नमाज पढ़कर घर लौट रहे युवक को मार-पीटकर घायल करने के मामले में पीड़ित ने 3 एवंकों कोनामजद करते हुए आधा दर्जन के खिलाफ तहरीर दी थी।

कस्बे की मुस्लिम कालोनी निवासी मुशब्बर पुत्र अब्दुल गफ्फार ने थाने पर तहरीर देकर मोहल्ले के ही युवकों पर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाते हुए नामजद तहरीर दी थी। पीड़ित का आरोप था कि वह रात के समय मुस्लिम कॉलोनी स्थित मदिना मस्जिद से नमाज पढ़कर घर लौट रहा था। रास्ते में एक दुकान पर मोहल्ले के ही अफजाल, वसी, अबुजर अपने अन्य साथियों के साथ बैठे थे। जिन्होंने पहले उसे गालियां दी बाद में बेरहमी से मार-पीटकर घायल कर दिया। उसने आरोपियों के विरुद्ध तहरीर देकर इंसाफ की गाहर लगाई है।

# मिल्ली कौंसिल ने दो बंदी कराए रिहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आल इंडिया मिल्ली कौंसिल द्वारा एक सराहनीय कदम उठाते हुए जेल में सजा काट रहे दो बंदियों की जुर्माने की रकम अदा कर उन्हे जेल से रिहा कराया। जिससे उनमें व उनके परिवार वालों में खुशी का माहौल व्याप्त है।



मौलाना डॉक्टर अब्दुल मालिक मुगीसी ने इस कामयाबी पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि रमजान रहमतों और मगफिरत का महीना है, और इस पाक महीने में जरूरतमंदों की मदद करना बहुत बड़ी नेकी है। मिल्ली कौंसिल की टीम ने इन बंदियों की रिहाई के लिए पूरी मेहनत की। मिली कौंसिल हमेशा से गरीब और पिछड़े लोगों की भलाई के लिए काम करती रही है और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। हैदर रऊफ सिद्दीकी ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि हम अपने भाइयों की मदद कर सके। अल्लाह का शुक्र है कि उसने हमें यह मौका दिया।

इस कार्य को पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान की सरररस्ती, मौलाना मुगीसी, हैदर रऊफ सिद्दीकी के साथ राजा, अदनान और परवेज मलिक ने कड़ी मेहनत की। अदनान और राजा ने हमदर्दी दिखाते हुए 21 हजार रुपए अदा किए और उनकी रिहाई को मुमकिन बनाया।

# पूरे महीने पढ़ें तरावीह की नमाज: हाफिज उस्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** हाफिज उस्मान बिजनौरी ने कहा कि नबी ए करीम बडी दिलचस्पी से तरावीह की नमाज अदा करते थे। तरावीह की नमाज पूरे महीने अदा करनी चाहिए।



आनंद नगर स्थित ब्लू बर्ड स्कूल में 16 शब की तरावीह की नमाज में हाफिज मौहम्मद रिजवान ने कुरान-ए-पाक मुकम्मल कराया। हाफिज उस्मान बिजनौरी ने दुआ से पहले अपनी तकरीर में कहा कि नबी-ए-करीम बड़ी दिलचस्पी से तरावीह पढ़ा करते थे। तरावीह की नमाज पूरे महीने पढ़ी जानी चाहिए। रमजान का चांद देखकर शुरू होनी चाहिए और ईद का चांद देखकर खत्म होनी चाहिए लेकिन लोग आज जल्दबाजी में नमाज अदा कर रहे हैं, जो बिल्कुल ठीक नहीं है। कुरान पाक के मुकम्मल होने के बाद भी तरावीह की नमाज पढ़ना चाहिए। दोनों के अलग-अलग सवाब हैं। पांच वक्त की नमाज का लोगों को पाबंद होना चाहिए। ईद की नमाज अदा करने के बाद मस्जिदों से लोग दूरी बना लेते हैं, जो अल्लाह को नापसंद है। अल्लाह की रजा के लिए सुकून से नमाज अदा करनी चाहिए। जल्दबाजी में अदा की गई नमाज अल्लाह को नापसंद है।तकरीर के बाद हाफिज उस्मान ने दुआ कराई। इस दौरान डॉ खालिद अंसारी चेयरमैन व जमाल असलम प्रबंधक ब्लू बर्ड स्कूल ने कहा की अपने मां बाप का कहना नहीं मानती। हमारे नौजवानों का ध्यान बुरी आदतों की तरफ ज्यादा है। इससे हमारे समाज का ताना-बाना बिखर रहा है। हम सभी को मिल कर व गहराई से सोच-विचार कर बुराईयों का अंत करना होगा। जो इंसान सच्चा, ईमानदार और बेईमानी नहीं करने वाला होगा, अल्लाह उस इंसान को दुनिया और आखिरत दोनों जगहों पर इज्जत से नवाजेगा। उन्होंने लोगों से दीनी तालीम के साथ ही दुनियावी तालीम भी हासिल करने की अपील की। सय्यद मौ. समीर प्रिंसिपल पाइन हिल्स एकेडमी, नासिर जमाल, पीरजादा सरवर सुल्तान,नज्म,नवेद उल हक सिद्दीकी, मसरूर अहमद, पीरजी शौकत,सऊद खान, मंसूर बदर पार्षद, अथर हुसैन, शायान, अब्दुल्ला, उमर, मोहम्मद अहमद, असद मौजूद रहे।
























# सम्पादकीय

गुरुवार , 20 मार्च 2025

## मौसम की तुनक मिजाजी

पल-पल रंग बदल रहा मौसम वैज्ञानिकों के लिए चिंता का सबब बनता जा रहा है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश में 24 घंटे बाद फिर बारिश का अलर्ट जारी किया है। पिछले 13 मार्च से प्रदेश के कई जिलों में बारिश और ओलावृष्टि से प्रदेश के तापमान में गिरावट दर्ज हुई है। ओडिशा में कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी का दौर जारी है। बौध-संभलपुर समेत चार जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। पिछले तीन दिन से बौध जिला सबसे ज्यादा गर्म दर्ज किया गया है। हिमाचल प्रदेश में एवलांच का अलर्ट जारी किया गया है। चंबा, लाहौल-स्पीति के लिए आरेंज अलर्ट, कुल्लू और किन्नौर के लिए यलो अलर्ट और शिमला के लिए ग्रीन अलर्ट जारी है। आने वाले दो दिन में यहां तेज बारिश की आशंका है। मार्च के महीने को ठंड-गर्म के मिलेजुले सुहावने मौसम के रूप में याद किया जाता रहा है, उस दौरान यदि कई राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की जा रही है, तो यह हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। निर्विवाद रूप से यह दीवार पर लिखी इबारत है कि ग्लोबल वार्मिंग का गहरा असर हमारे जन-जीवन पर गहरे तक पड़ रहा है। मौसम के मिजाज में अभूतपूर्व बदलाव देखिए कि जहां हाल ही में कश्मीर, हिमाचल व उत्तराखंड के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी व कुछ राज्यों में बारिश हुई है, वहीं मौसम विभाग ने देश के पांच राज्यों में गर्म हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। एक ओर जहां झारखंड व ओडिशा में रेड अलर्ट जारी किया गया है तो पश्चिम बंगाल, ओडिशा और महाराष्ट्र में विदर्भ के इलाकों में गर्म हवा चलने की चेतावनी दी गई है। बीते रविवार को ओडिशा के एक शहर का तापमान 43.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं झारखंड में कुछ जगह पारा चालीस पार कर गया। पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में लू चलने की खबरें हैं। मौसम विज्ञानी हैरत में हैं कि जैसी गर्मी पिछले साल अप्रैल के महीने में महसूस की गई थी, वैसी गर्मी मार्च के मध्य में क्यों महसूस की जा रही है। मौसम विभाग इसकी वजह देश के ऊपर बना उच्च दबाव मानता है। वहीं साफ मौसम की वजह से सूरज की सीधी किरणें तेज पड़ रही हैं। चेतावनी दी जा रही है कि आगामी कुछ दिनों में देश के अधिकांश हिस्से तेज गर्मी की चपेट में आ सकते हैं। ऐसे में हमारी सरकारों को ग्लोबल वार्मिंग के घातक प्रभावों के मद्देनजर बचाव के उपायों को तेज करने की जरूरत है। साथ ही नागरिकों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि लोगों का रहन-सहन, खान-पान और सार्वजनिक स्थलों पर व्यवहार कैसे रहें, ताकि लू की मार से बचा जा सके। गर्मी के दुष्प्रभाव पीड़ित लोगों के उपचार के लिये अस्पतालों में आपातकालीन वार्ड बनाए जाने की जरूरत है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि मौसम के तेवरों में तल्खी के चलते हमारी खाद्य शृंखला भी खतरे में पड़ती दिखाई दे रही है। इन तीव्र बदलावों के चलते जहां खाद्यान्नों की पैदावार में गिरावट आ रही है, वहीं किसान बाढ़ व सूखे से भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। भारत में ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों पर शोध करने वाली एक संस्था का कहना है कि क्षेत्रीय आधार पर चरम मौसम की मार अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग प्रभाव डाल रही है। अब तक देश के जो इलाके बाढ़ के प्रभाव के लिये जाने जाते थे, वहां अब सूखे का असर दिख रहा है। वहीं दूसरी ओर सूखाग्रस्त माने जाने वाले इलाकों में बाढ़ का प्रकोप बढ़ रहा है।

## हम रूस व यूक्रेन दोनों जगह पर स्वीकार किए जाते हैं



भारत आज ऐसी स्थिति में है जो रूस और यूक्रेन के बीच शांति स्थापित कर सकता है, भारत के पास ऐसा प्रधानमंत्री है, जो वोलोदिमिर जेलेंस्की और व्लादिमीर पुतिन दोनों को गले लगा सकता है, हम दोनों जगहों रूस और यूक्रेन पर स्वीकार किए जाते हैं, अगर रूस और यूक्रेन के बीच बातचीत के जरिये शांति स्थापित होती है, तो भारत शांति सैनिकों को भेज सकता है, चूंकि रूस ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे नाटो देशों से संबंधित यूरोपीय शांति सैनिकों को स्वीकार नहीं करेंगे, इसलिए शांति सैनिकों के लिए यूरोप से बाहर के देशों पर निर्भर रहना होगा, आज की स्थिति को देखते हुए मैं तीन साल पहले अपने दिए बयानों पर शर्मिंदगी महसूस कर रहा हूं, 2022 में संसदीय बहस में मैं इकलौता सांसद था, जिसने यूक्रेन को लेकर भारत के रुख की आलोचना की थी।

**शशि थरूर**
**कांग्रेस सांसद**

# स्टारलिंक के भारत में प्रवेश के साथ बदल जाएगी इंटरनेट की दुनिया?

एयरटेल और जियो के साथ हुए करार के बाद स्टारलिंक के भारत में प्रवेश का रास्ता कुछ हद तक साफ हुआ है लेकिन भारत के दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवा के लिए लाइसेंस अवधि को 5 साल तक सीमित करने की योजना बनाई है। यह फैसला एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक के लिए बड़ा झटका हो सकता है, क्योंकि कंपनी ने 20 साल के लाइसेंस की मांग की थी। भारत में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन को लेकर बड़ा विवाद चल रहा था। मस्क की स्टारलिंक चाहती थी कि उसे 20 साल के लिए स्पेक्ट्रम मिले, ताकि वह लॉन्ग-टर्म प्लानिंग कर सके और सस्ती सेवाएं दे सके।

दूसरी ओर, मुकेश अंबानी की रिलायंस और भारती एयरटेल चाहती थीं कि यह अवधि 3 से 5 साल तक सीमित हो, ताकि भारत सरकार समय-समय पर बाजार का आकलन कर सके। अब ट्राई ने अंबानी और एयरटेल के सुझाव को मानते हुए 5 साल की समय-सीमा तय करने का मन बना लिया है। ज्ञात हो कि एलन मस्क की स्टारलिंक हाल ही में भारत में अपने सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाओं के विस्तार के लिए रिलायंस और एयरटेल के साथ डिस्ट्रीब्यूशन डील कर चुकी है। हालांकि, इस बिजनेस मॉडल को सफल बनाने के लिए

**भारत में 2028 तक सैटेलाइट कम्यूनिकेशन सेक्टर का आकार 25 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, ऐसे में यह फैसला इस सेक्टर के भविष्य को तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है**

कंपनी को लंबी अवधि का लाइसेंस चाहिए था। ट्राई के इस फैसले से स्टारलिंक को भारत में लॉन्ग-टर्म इन्वेस्टमेंट और कीमत निर्धारण में दिक्कत हो सकती है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, भारत सैटेलाइट ब्रॉडबैंड के बाजार को पहले परखना चाहता है, ताकि सही स्पेक्ट्रम कीमत तय की जा सके। अभी पारंपरिक टेलीकॉम कंपनियों को 20 साल के लिए स्पेक्ट्रम नीलामी के जरिए मिलता है, लेकिन सैटेलाइट सेवाओं के लिए सस्ता और सीमित समय के लिए स्पेक्ट्रम आवंटित किया जाएगा। यदि




**भारत में अभी लगभग 47% लोगों के पास ही इंटरनेट है, मतलब 70 करोड़ से ज्यादा लोग इंटरनेट से वंचित हैं, जनवरी 2024 तक स्पेसएक्स ने लगभग 7000 स्टारलिंक सैटेलाइट्स लॉन्च कर दिए हैं**

यह करार होता है तो भारत में 2028 तक सैटेलाइट कम्युनिकेशन सेक्टर का आकार 25 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

ऐसे में यह फैसला इस सेक्टर के भविष्य को तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। हाल ही में भारतीय सरकार का कहना है कि स्टारलिंक को भारत में एक नियंत्रण केंद्र तैयार करना होगा। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि जब भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए किसी इलाके में सैटेलाइट कम्युनिकेशन सेवाओं को रोकने की जरूरत हो तो सरकार को तुरंत इस पर कंट्रोल मिल सके।

ये निर्देश उस समय आए हैं जब स्टारलिंक का सैटेलाइट कम्युनिकेशन लाइसेंस पाने के आवेदन अंतिम चरण में है। कंपनी रिलायंस जियो और एयरटेल के साथ साझेदारी करने की योजना बना रही है ताकि वे नेटवर्क को बाजार में लाने और इसे बेहतर बनाने में मदद कर सकें। भारत के दूरसंचार कानूनों के अनुसार केंद्रीय या राज्य सरकार किसी भी इमरजेंसी या सुरक्षा को लेकर किसी भी टेलीकॉम सेवा को अस्थायी रूप से नियंत्रण में ले सकती है। इसमें इंटरनेट बंद करने के अधिकार भी शामिल हैं। इसके अलावा सरकार ने सुरक्षा अनुपालन के लिए यह भी निर्देश दिया है कि स्टारलिंक को अपनी सैटेलाइट सेवाओं के जरिए कॉल्स को सीधे ट्रांसफर नहीं करना होगा।। कॉल्स को पहले भारत में स्थित कंपनी के गेटवे के माध्यम से भेजा जाएगा। इसके बाद फिर उसे पारंपरिक टेलीकॉम नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। उदाहरण के लिए अगर कोई व्यक्ति भारत से फ्रांस में कॉल करता है तो कॉल पहले सैटेलाइट के जरिए यात्रा करेगी लेकिन फ्रांस तक सीधे नहीं पहुंचेगी। इसके बजाय यह पहले भारत के गेटवे पर पहुंचेगी और फिर सामान्य टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे अंडरसी केबल्स के माध्यम से फ्रांस जाएगी।



**अशोक भाटिया**

जंतसपदा के प्रतिनिधि सरकार के अधिकारियों से मिलकर इन सुरक्षा चिंताओं को दूर करने के लिए काम कर रहे हैं।

भारत ही नहीं एलन मस्क की स्टारलिंक कंपनी अब भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में भी इंटरनेट की सेवा देगी। इससे पहले स्टारलिंग ने भूटान में अपनी सेवाएं शुरू की थी। अब सवाल ये है कि अगर ये कंपनी भारत में आती है, तो इंटरनेट के रेट पर क्या असर पड़ेगा और ये कब तक भारत में आ सकता है। यह जानना भी जरुरी है।

साथ ही अब सवाल ये है कि स्टारलिंक क्या है? बता दें कि स्टारलिंक एक सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस टेक्नोलॉजी है, इसके मालिक एलन मस्क है। इस तकनीक के जरिए मस्क बिना तार और टॉवर की मदद से लोगों तक इंटरनेट पहुंचा रहे हैं। बता दें कि इसमें इंटरनेट पहुंचाने के लिए सैटेलाइट बेस्ड रेडियो सिग्नल की मदद ली जाती है। ये सैटेलाइट जमीन पर मौजूद ग्राउंड स्टेशन ब्रॉडबैंड सिग्नल को सैटेलाइट ऑर्बिट में भेजता है। इतना ही नहीं ये बहुत तेज स्पीड से जमीन पर इटंरनेट पहुंचाने में सक्षम है।

स्टारलिंक लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) सैटेलाइट्स का नेटवर्क है। यह हाई-स्पीड इंटरनेट कम लेटेंसी के साथ देता है। कई देशों में यह सेवा पहले से ही उपलब्ध है, खासकर उन जगहों पर जहां आम ब्रॉडबैंड नहीं पहुंच पाता। भारत में अभी लगभग 47 प्रतिशत लोगों के पास ही इंटरनेट है। मतलब, 70 करोड़ से ज्यादा लोग इंटरनेट से वंचित हैं। स्टारलिंक 220 डइचे तक की स्पीड दे सकता है, जो दूर-दराज के इलाकों के लिए अच्छा विकल्प हो सकता है। स्टारलिंक जमीनी केबल या मोबाइल टावरों पर निर्भर नहीं करता। यह एलईओ सैटेलाइट्स के जरिए इंटरनेट देता है। जनवरी 2024 तक स्पेसएक्स ने लगभग 7,000 स्टारलिंक सैटेलाइट्स लॉन्च कर दिए हैं। यूजर को एक स्टारलिंक डिश और राउटर की जरूरत होती है, जो सैटेलाइट्स से जुड़ते हैं।

# कछुओं का अनोखा जीपीएस...

**इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने 62 लॉगरहेड कछुओं का अध्ययन किया उन्हें पानी से भरे कटोरे में रखा गया जिसके चारों ओर विद्युत-चुंबक लगे थे जो विशिष्ट चुंबकीय क्षेत्र बनाते थे, प्रत्येक कछुए को एक विशेष चुंबकीय क्षेत्र में रखा गया**

समुद्री कछुए अपने भोजन स्थलों को याद रखने के लिए पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र का उपयोग करते हैं। नेचर पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, लॉगरहेड कछुए (**Caretta caretta**) खास चुंबकीय संकेतों को पहचान सकते हैं, जिससे वे भोजन के स्थान को याद रख पाते हैं, ठीक जीपीएस की तरह। इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने 62 लॉगरहेड कछुओं का अध्ययन किया। उन्हें पानी से भरे कटोरे में रखा गया, जिसके चारों ओर विद्युत-चुंबक लगे थे जो विशिष्ट चुंबकीय क्षेत्र बनाते थे। प्रत्येक कछुए को एक विशेष चुंबकीय क्षेत्र में रखा गया और उसे स्वादिष्ट भोजन (स्क्विड और न्यूट्रिएंट जेल) दिया गया जिसके नतीजे में कछुओं ने उत्साह में टर्टल डांस (मुंह खोलना, पानी में उछलना और शरीर को पानी से बाहर की ओर लाना) किया।भोजन न मिलने पर भी, जब कछुओं को वही चुंबकीय क्षेत्र दोबारा अनुभव कराया गया तो उन्होंने खुशी से अपना टर्टल डांस किया। इससे पता चला कि वे भोजन से जुड़े चुंबकीय संकेतों को याद रखते हैं। हैरानी की बात यह है कि उनमें यह याददाश्त कम से कम चार महीने तक बरकरार रही। अधिक गहराई से समझने के लिए, वैज्ञानिकों ने रेडियोफ्क्विेंसी तरंगों का उपयोग किया, जो जीवों की चुंबकीय दिशा-सूचना को बाधित करती हैं। इसके उपयोग से कछुए भ्रमित हुए और दिशा पहचानने में असफल रहे, लेकिन जब भोजन से जुड़े चुंबकीय संकेत दिए गए तो वे फिर से नृत्य करने लगे। इससे यह पता चलता है कि कछुए दो अलग-अलग जैविक प्रणालियों का उपयोग कर सकते हैं-एक दिशा पहचानने के लिए और दूसरी भोजन स्थलों जैसी महत्वपूर्ण जगहों को याद रखने के लिए।

इस खोज से यह भी स्पष्ट होता है कि पक्षी और उभयचर जैसे कई प्रवासी जीव भोजन, प्रजनन स्थल और अनुकूल जलवायु खोजने के लिए दोहरी चुंबकीय प्रणाली का उपयोग कर सकते हैं।



स्रोत फीसर्च

# चकोतरा खाने से कभी नहीं आएगा हार्ट अटैक, साफ हो जाएंगी नसें



खतरनाक बीमारियों में से दिल की बीमारी भी है। खराब लाइफस्टाइल और गलत खान-पान के कारण हेल्थ पर असर पड़ता है। दिल की बीमारी से हर साल लाखों लोगों की मौत हो रही है। खाने में फैट की ज्यादा मात्रा, एक्सराइज की कमी, स्मोकिंग-एल्कोहॉल से इन कार्डियोवैस्कुलर डिजीज का खतरा बढ़ जाता है। जिससे हार्ट का खतरा बढ़ जाता है। अगर आप हार्ट अटैक से बचना चाहते हैं, तो चकोतरा फल जरुर खाएं।

### चकोतरा खाने से घटेगा कोलेस्ट्रॉल...

चकोतरा फल में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है। यह फल बेहद खट्टा होता, जिस वजह से कई लोग इसका सेवन नहीं करते हैं। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की एक पुरानी रिपोर्ट के मुताबिक कि यह फल गंदा कोलेस्ट्रॉल कम करके आर्टरी को साफ करने के काम आ सकता है।

### चकोतरा खाने का सही तरीका...

अमेरिक हार्ट एसोसिएशन बताया है कि चकोतरा को संतरे की तरह खाना चाहिए। इसका छिलका हटाकर खाएं। एक-एक फांक जरुर खाएं इसके साथ ही फंकों के ऊपर की झिल्ली को फेंके नहीं।

### झिल्ली से होता है असली इलाज...

चकोतरा की फांक की झिल्ली को मेंब्रेन कहा जाता है। इस फल में सबसे ज्यादा फाइबर होता है, जोकि एलडीएल नाम के गंदे कोलेस्ट्रॉल को कम करता है। बता दें कि इस डाइटरी फाइबर को पेक्टिन कहते हैं, जो हमारे गट हेल्थी बैक्टीरिया के लिए भी काफी जरुरी है।

### चकोतरा को फ्रिज में न रखें...

चकोतरा को हमेशा रुम टेंप्रेचर पर ही खाना चाहिए। अगर आप इसे फल को एक हफ्ते के अंदर खाने वाले हैं तो इसे फ्रिज में ना रखें। यदि आप इससे ज्यादा समय तक रखना चाहते हैं, तभी इसको फ्रिज में रखें। वरना चकोतरा को नॉर्मल तापमान पर ही सेवन करें।

# गड़े मुर्दे उखाड़ते नफरत के सौदागर...

**8 नवम्बर 2016 को जब प्रधानमंत्री मोदी ने टीवी पर 'प्रकट' होकर अचानक 500 और 1000 रुपये के नोट यह कहकर चलन से बाहर किए थे कि इससे काले धन पर लगाम लेगगी**

**जब 500 व एक हजार के नोट से कालाधन व भ्रष्टाचार बढ़ता था फिर आखिर दो हजार के नोट क्या सोचकर चलाई गई थी, फिर दो हजार के नोट कुछ महीने बाद बाजार से गायब हो गए**

विगत दस वर्षों से देश का सामाजिक ढांचा छिन्न भिन्न करने के सत्ता संरक्षित प्रयास जिस तरह से किए जा रहे हैं उन्हें देखकर तो अब यही लगने लगा है कि हमारे देश की राजनीति और सत्ता अपने मूल उद्देश्य से भटक चुकी है। सत्ता के चाहवानों के लिए देश की विकासोन्मुख योजनाऑन, नागरिकों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं, बिजली पानी सड़क रोज़गार स्वास्थ शिक्षा मंहगाई नियंत्रण से कहीं ज्यादा ज़रूरी साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण बन चुका है। वैसे भी जिन लोगों को नित्य सूर्योदय के साथ ही हाथों में लठ देकर नफ़रत का पाठ पढ़ाया जाता हो, जिस विचारधारा का प्रतिनिधित्व करने वाले आरएसएस प्रमुख द्वितीय एम एस गोलवलकर स्वयं अपनी पुस्तक 'बंच ऑफ थॉट्स' में ये विचार व्यक्त कर चुके हों कि मुसलमान ईसाई और कम्युनिस्ट राष्ट्र के दुश्मन हैं।

उस संगठन व उससे जुड़े अन्य संगठनों के लोगों से नफ़रत का ज़हर बोने के सिवा और क्या उम्मीद की जा सकती है ? इन्हें केवल मुसलमानों ईसाइयों और कम्युनिस्ट विचार के लोगों से ही नहीं बल्कि हर उन लोगों से भी नफ़रत है जो इनके साम्प्रदायिकतावादी और नफ़रती एजेंडे के ख़िलाफ़ हो। इसकी एक बड़ी व महत्वपूर्ण वजह यह भी है कि इस विचारधारा के लोगों के स्वतंत्रता संग्राम के समय के स्वयं अपने 'ट्रैक रिकार्ड' इतने ख़राब व शर्मनाक हैं कि उन्हें छिपाने के लिए उनपर होने वाली चर्चाओं से ध्यान भटकाने के लिए ही यह शक्तियां मुसलमानों, ईसाइयों और कम्युनिस्टों के साथ साथ देश के उन बहुसंख्य धर्मनिरपेक्ष हिन्दुओं को भी निशाना बनाती हैं जो इनके मूल चरित्र व विध्वंसक इरादों से अच्छी तरह वाकिफ़ हैं। इन अतिवादी शक्तियों का एक ही मक़सद है कि एन केन प्रकारेण यह सत्ता में बनी रहें। इसलिए इन्होंने साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण को ही अपना सबसे आसान 'शस्त्र' चुन लिया है। यही वजह है कि इन्हें देश का महान नायक टीपू सुल्तान बुरा लगता है। इन्हें प्रत्एक मुग़ल शासक से नफ़रत है। इन्हें किसी भी मुग़ल शासक में सिवाय बुराई के कोई भी अच्छाई नज़र नहीं आती। इन्हें उर्दू से नफ़रत,शेरो शायरी से बैर, पीरों फ़क़ीरों की मज़ारों से आपत्ति, उनके स्मारकों से नफ़रत उनके नाम पर बने शहरों क़स्बों मुहल्लों गलियों व मार्गों से बैर। गोया यह विचारधारा देश की एक ऐसी संगठित विच. ारधारा है जिसका जन्म ही नफ़रत की बुनियाद पर हुआ है। और निश्चित रूप से यही विचारधारा और इसी दैनिक प्रात: कालीन नफ़रती शिक्षा का ही परिणाम था जिसने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को हमसे असमय ही छीन लिया।

केवल गांधी को ही नहीं छीना बल्कि आज गांधी का हत्यारा नाथू राम गोडसे इसी विचारधारा के लोगों के द्वारा महिमामंडित भी किया जाता है। कितना अफ़सोसनाक है कि इसी नफ़रती विचारधारा से जुड़े लोग गांधी के हत्यारे की मूर्तियां भी लगाते दिखाई दे जाते हैं उस आतंकी हत्यारे की स्तुति भी करते हैं। और तो और गांधी की हत्या का प्रदर्शन दोहरा कर उसका वीडियो भी वायरल कर दिया जाता है। जबकि ठीक इसके विपरीत अंग्रेज़ों की ख़ुशामद करने वाले, अंग्रेज़ों से मुआफ़ी मांगने तथा स्वतंत्रता सेनानियों की मुख़बिरी करने वाले लोग इनके आदर्श हैं?

विद्वेष व नकारात्मकता की इनकी राजनीति का आलम यह है कि इन्हें ख़ास समुदाय के ग़रीब मेहनती मज़दूरों, रेहड़ी ठेले रिक्शे वालों से नफ़रत है। रोज़गार उपलब्ध करना तो छोड़िए यह तो मुसलमान दुकानदारों का बहिष्कार करते दिखाई दे जाएंगे। इन्हें मुसलमानों के सोसाइटीज़ में फ्लैट ख़रीदने से आपत्ति होती है। इन्हें नमाज़ पढ़ने रोज़ा इफ़्तार से एतराज़। मुसलमानों के हिन्दू त्योहारों में शिरकत से भी इन्हें आपत्ति है परन्तु इनकी उत्तेजक व आपत्तिजनक नारेबाज़ी व हुड़दंग की प्रिय जगह मस्जिद ही है। जब देखिए जहां देखिए मस्जिद के सामने डीजे व लाउडस्पीकर पर जानबूझकर शोर मचाते हैं भड़काऊ नारे लाउडस्पीकर पर लगाते हैं ताकि दूसरा पक्ष उत्तेजित होकर इनका जवाब दे और यह हुड़दंग साम्प्रदायिक उन्माद में बदल जाए। जहां देखिए इन्हें मस्जिदों में शिवलिंग नज़र आने लगता है। देश के संविधान व क़ानून की अनदेखी कर यह ऐसे विषयों को उन्माद में बदल देते हैं ताकि इन्हें साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का लाभ मिल सके।

और इस साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के बाद हासिल सत्ता के माध्यम से इनके जो फ़ैसले हैं वह भी देश को गर्त में ले जाने वाले हैं। आज देश की सीमाएं हर तरफ़ से असुरक्षित हैं। चीन हज़ारों किलोमीटर की ज़मीन क़ब्ज़ा किए बैठा है मगर इनकी रट यही रहती है कि हमारी ज़मीन में कोई नहीं घुसा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भारत के नागरिकों व भारतीय व्यवसायिक हितों को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं परन्तु मोदी एक शब्द भी बोलने का साहस नहीं करते। भारतीयों को कितने अपमान. जनक तरीक़े से हथकड़ी बेड़ी पहनाकर अमेरिकी सैन्य विमान से भेजा गया इन्होंने कोई एतराज़ नहीं जताया जबकि अन्य किसी देश के नागरिकों के साथ अमेरिका ने ऐसा अपमानजनक व्यवहार नहीं किया। 'ट्रंप से दोस्ती' का क्या देश को यही सिला मिलना चाहिए था ? यदि आंतरिक मामलों को देखें तो इसी 'धर्म की अफ़ीम' की बुनियाद पर बनी सरकार ने देश में नोटबंदी



**निर्मल रानी**

कर देश की अर्थव्यवस्था को ज़ोरदार आघात पहुंचाया। आज तक कोई अर्थशास्त्री इनके इस फ़लसफ़े के बारे में यह नहीं बता पाया कि 8 नवम्बर 2016 को जब प्रधानमंत्री मोदी ने टीवी पर 'प्रकट' होकर अचानक 500 और 1000/-रुपये की नोट यह कहकर चलन से बाहर की थी कि इससे काले धन पर लगाम लगेगी। उसी समय मोदी ने यह भी कहा था कि भ्रष्टाचार, कालेधन और जाली नोट के कारोबार में लिप्त देश विरोधी व समाज विरोधी तत्वों के पास मौजूद 500 और हज़ार रुपये के पुराने नोट अब केवल एक काग़ज़ के टुकड़े के सामान रह जाएंगे। सवाल यह कि जब 500 व एक हज़ार की नोट से कालाधन व भ्रष्टाचार बढ़ता था फिर आख़िर दो हज़ार की नोट क्या सोचकर चलाई गई थी? और पुन: 500 की नोट चलाने व 2000 की नोट शुरू करने से भ्रष्टाचार, कालेधन और जाली नोट का चलन पहले से अधिक क्यों बढ़ गया? और यह भी कि कुछ महीने बाद फिर 2000 की नोट बाज़ार से क्यों ग़ायब हो गई? इस निराली अर्थ नीति का आख़िर उद्देश्य क्या था? क्या यह देश को जानने का हक़ नहीं? यूपीए के समय बढ़ती मंहगाई पर विलाप करने व अर्धनग्न प्रदर्शन करने वालों की वर्तमान सरकार आज अनियंत्रित मंहगाई पर ख़ामोश है। बेरोज़गारी के आंकड़े अपना कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। परन्तु इन जैसी वास्तविकताओं से मुंह फेर नफ़रत के ये सौदागर गड़े मुर्दे उखाड़ते फिर रहे हैं और समाज में नफ़रत का ज़हर बो रहे हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# कम उम्र में सफेद बालों की समस्या ने कर दिया है परेशान, ट्राई करें ये नुस्खा

उम्र बढ़ने के साथ ही बालों का सफेद होना नेचुरल है। लेकिन कई बार समय से पहले बाल सफेद होने लगते हैं। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। धूप में बहुत अधिक रहना, स्ट्रेस, पॉल्युशन, शरीर में न्यूट्रिशन की कमी, कुछ हेल्थ कंडीशन्स की वजह से भी बाल समय से पहले सफेद होने लगते हैं। हालांकि हेयर कलर करके सफेद बालों को छिपाया जा सकता है, लेकिन यह इसका सही उपाय नहीं हैं। ऐसे में आपको सफेद बालों को छिपाने की बजाय इन्हें कम करने पर ध्यान देना चाहिए।

सफेद बालों को कम करने के लिए आपको अपनी डाइट में हेल्दी बदलाव करना चाहिए। क्योंकि कई बार शरीर में जरूरी न्यूट्रिएंट्स की कमी होने पर भी सफेद बालों की समस्या को नहीं रोका जा सकता है। इसके अलावा आप चाहें तो सफेद बालों की समस्या को कम करने के लिए आप कुछ देसी नुस्खे भी आजमा सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके साथ एक ऐसा देसी नुस्खा शेयर करने जा रहे हैं, जिसके इस्तेमाल से न सिर्फ सफेद बाल कम होंगे,



बल्कि इससे हेयरफॉल की समस्या भी काफी हद तक कम होगी।

### बालों की जड़ों में लगाएं यह पेस्ट

सबसे पहले मुट्ठी भर करी पत्ते लेकर उनको साफ पानी से धो लें। फिर इनको पीस लें और दही के साथ मिलाकर स्मूद पेस्ट तैयार कर लें। अब इस पेस्ट को अपने स्कैल्प पर अप्लाई करें। इसको लगाने के बाद करीब 30 मिनट तक ऐसे ही रहने दें और फिर साफ पानी से बालों को धो लें।

### आजमाएं ये देसी नुस्खा

बता दें कि करीपत्ता मेलेनिन के प्रोडक्शन को बढ़ावा देता है और यह बालों को काला करने का काम करता है। करीपत्ता बालों को समय से पहले सफेद होने से रोकता है, बालों की ग्रोथ बढ़ाने, डैंड्रफ कम करने और बालों को मुलायम और शाइनी बनाने में मदद करता है।

# बच्चे पैदा करने को महिलाएं खरीद रहा चीन

## गंभीर हुआ शादी का संकटः 2024 में चीन में केवल 61 लाख विवाह पंजीकृत हुए, जबकि 2023 में यह संख्या 77 लाख थी



**बीजिंग।** शादी का संकट अब चीन में सरकार के लिए एक बड़ी परेशानी बनता जा रहा है। यह संकट कितना बड़ा इसका अंदाजा आप इस एक आंकड़े से लगा सकते हैं कि 2024 में चीन में केवल 61 लाख विवाह पंजीकृत हुए, जबकि 2023 में यह संख्या 77 लाख थी। यह गिरावट इतनी गंभीर हो गई है कि चीन के राष्ट्रीय राजनीतिक सलाहकार चेन सोंगशी ने विवाह की कानूनी उम्र 22 से घटाकर 18 साल करने का प्रस्ताव दिया है, मगर एक तरफ जहां युवा चीनी शादी से दूर हो रहे हैं, तो दूसरी तरफ, शादी के लिए विदेशी दुल्हनों की तस्करी बढ़ रही है। चीन के युवाओं का शादी में रूचि कम होती जा रही है। इसकी कई वजहें हैं जैसे, बढ़ती महंगाई, उच्च शिक्षा, करियर पर फोकस और समाज में बदलते विचार। खासतौर पर शहरी महिलाएं अब पारंपरिक मान्यताओं को तोड़ रही हैं और शादी और मां बनने को जरूरी नहीं मान रहीं। चीन में वन चाइल्ड पॉलिसी और बेटे को प्राथमिकता देने की सोच ने लिंग अनुपात को बुरी तरह बिगाड़ दिया है। 2000 के दशक में, चीन में हर 100 लड़कियों पर 121 लड़के जन्म ले रहे थे। कुछ प्रांतों में तो यह अनुपात 130 लड़कों पर 100 लड़कियां था। इसका असर अब साफ दिख रहा है। 1980 के दशक में जन्मे चीनी पुरुषों के लिए जीवनसाथी नहीं मिल रही। अनुमान है कि 3 करोड़ से 5 करोड़ पुरुषों को शादी के लिए दुल्हन नहीं मिलेगी। इस कारण चीन में इसे बचे हुए पुरुषों का युग कहा जा रहा है। शादी की समस्या से जूझ रहे कई चीनी पुरुष अब विदेशी दुल्हनें खरीदने की कोशिश कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति महिला तस्करी को बढ़ावा दे रही है। खासतौर पर म्यांमार, वियतनाम और दक्षिण-पूर्व एशिया के अन्य देशों की लड़कियां इस तस्करी का शिकार बन रही हैं। तस्कर इन महिलाओं को अच्छी नौकरी का झांसा देकर चीन लाते हैं और फिर उन्हें +3,000 से +13,000 (2.6 लाख से 11.3 लाख रुपए) में चीनी पुरुषों को बेच देते हैं। 2019 में ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट में बताया गया कि चीन-म्यांमार सीमा पर सुरक्षा की कमी और कानून प्रवर्तन की लापरवाही तस्करों के लिए वरदान बन गई है। चीन सरकार अब इन अवैध शादियों पर नकेल कसने की कोशिश कर रही है। मार्च 2024 में, चीन के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने महिलाओं और बच्चों की सीमा पार तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया। हालांकि, इस पर पूरी तरह से नियंत्रण पाना मुश्किल है। अवैध विवाह एजेंसियां और बिचौलिए अब भी सक्रिय हैं। नवम्बर 2024 में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया, जो चीनी पुरुषों को सस्ती विदेशी पत्नियों का लालच देकर महंगे विवाह टूर में फंसा रहे थे। चीन में बचे हुए पुरुषों की बढ़ती संख्या एक गंभीर सामाजिक समस्या बन रही है। शोध बताते हैं कि जहां पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या कम होती है, वहां अपराध और हिंसा बढ़ने की संभावना ज्यादा होती है। 1990 के दशक के बाद से चीन में अपराध दर में 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। भारत में भी शोध से पता चलता है कि लिंग असंतुलन के कारण महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न के मामले बढ़ सकते हैं।

# इज़रायली बमबारी में 25 फलस्तीनियों की मौत

### गाजा में नागरिक हताहतों और हमास के बंधकों की स्थिति पर जर्मन चिंतित



**गाजा।** गाजा में सबरा इलाके में बुधवार को एक मकान पर इजरायली बमबारी में कम से कम 25 फलस्तीनियों की मौत हो गई जबकि 10 से अधिक घायल हो गए। चिकित्सा सूत्रों के मुताबिक मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि इजरायली युद्धक विमानों ने मिसाइल से घर को निशाना बनाया। सोशल मीडिया पर प्रसारित फुटेज में मलबे से भरी सड़कों पर चलते हुए परिवार दिखाई दे रहे हैं। कुछ लोग गद्दे और घरेलू सामान से भरी गाड़ियां धकेल रहे हैं जबकि अन्य अपने डरे हुए बच्चों का हाथ थामे हुए हैं। इजरायली सेना के प्रवक्ता अविचाई एड्राई ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि निकासी के आदेश गाजा के उत्तर में बेत हनौन के पड़ोस और दक्षिण में खिरबेट खुजाआ, अबासन अल-कबीरा और अबासन अल-जदीदा क्षेत्र में लागू हैं। बयान में निवासियों से सुरक्षा के लिए पश्चिमी गाजा शहर और खान यूनिस में ज्ञात आश्रयों को तुरंत खाली करने के लिए कहा गया है। इजरायली सेना ने मंगलवार को भोर से ही गाजा के विभिन्न क्षेत्रों में गहन हवाई हमले शुरू कर दिए, जिसमें 400 से अधिक लोग मारे गए हैं और उसने दो महीने का युद्धविराम तोड़ दिया। वहीं जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज़ ने गाजा पट्टी में फिर से शुरू हुई हिसा के बाद नागरिक हताहतों और फलस्तीनी संगठन हमास द्वारा बंधकों की स्थिति को लेकर चिता व्यक्त की। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में शोल्ज़ ने कहा कि हम गाजा पट्टी में फिर से शुरू हुई लड़ाई के बाद नागरिक हताहतों को लेकर गहरी चिता में हैं। चांसलर ने गाजा में बचे बंधकों की स्थिति को लेकर भी चिता व्यक्त की। शोल्ज़ ने कहा, हमास के प्रति मेरी स्पष्ट मांग जस की तस बनी हुई है, बंधकों को तुरंत रिहा करें। गाजा पट्टी के संपूर्ण राजनीतिक भविष्य पर चर्चा होनी चाहिए। अरब लीग द्वारा प्रस्तावित योजना इसके लिए एक अच्छा आधार प्रदान करती है। इजरायल रक्षा बलों ने कहा कि वे गाजा पट्टी में फलस्तीनी आंदोलन हमास के ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले कर रहे हैं।

# कैनेडी की हत्या से जुड़े दस्तावेज जारी



**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी (जेएफके) की वर्ष 1963 में हुई हत्या से जुड़े गोप. नीय दस्तावेज बुधवार को जारी किए। यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा 23 जनवरी, 2025 को हस्ताक्षरित कार्यकारी आदेश 14176 के तहत उठाया गया है। अमेरिकी सरकार ने जॉन एफ-कैनेडी की हत्या से जुड़े 80 हजार पन्नों के दस्तावेज़ सार्वजनिक किए। नेशनल आर्काइव्स ने पुष्टि की कि ये फाइलें अब कॉलेज पार्क, मैरीलैंड में उपलब्ध हैं।

जल्द ही इन्हें डिजिटल रूप में अपलोड किया जाएगा। ट्रम्प और पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के आश्वासनों के बावजूद, फाइलों का पूर्ण खुलासा नौकरशाही देरी के कारण अटका रहा। पूर्व अभिलेखागार प्रमुख के अनुसार, सरकारी एजेंसियों को समीक्षा के लिए अधिक समय चाहिए था। जेएफके दस्तावेजों के साथ-साथ, ट्रम्प ने सीनेटर रॉबर्ट एफ- कैनेडी और नागरिक अधिकार नेता रेव-डॉ. मार्टिन लूथर किग जूनियर की हत्या की फाइलें भी उजागर करने का आदेश दिया। इन हत्याओं ने षड्यंत्र सिद्धांतों और संदेह को बढ़ावा दिया, जिसे फाइलों के जारी होने से खत्म करना मुश्किल है। राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक हित के बीच संतुलन बनाने के प्रयास में ट्रम्प प्रशासन ने जेएफके हत्या से संबंधित रिकॉर्ड्स की समीक्षा के लिए एक योजना बनाने के लिए राष्ट्रीय खुफिया निदेशक और अटॉर्नी जनरल को 15 दिनों का समय दिया है।

# यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों पर हमला नहीं करेगा रूस

## ट्रम्प-पुतिन के बीच फोन पर दो घंटे से अधिक समय तक हुई बातचीत में बनी सहमति

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए लंबी बातचीत हुई। इस बातचीत के बाद रूस ने ऐलान किया है कि वह अगले 30 दिनों तक यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों पर हमला नहीं करेगा। बातचीत के दौरान पुतिन कहा कि संघर्ष का समाधान व्यापक, टिकाऊ और दीर्घकालिक होना चाहिए, जिसमें रूस के अपने सुरक्षा हितों और युद्ध के मूल कारणों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। बता दें कि मंगलवार को दोनों नेताओं के बीच फोन पर दो घंटे से अधिक समय तक हुई बात. चीत में बनी सहमति को व्हाइट हाउस ने शांति की दिशा में पहला कदम बताया और उम्मीद जताई कि इससे काला सागर में समुद्री युद्ध विराम हो जाएगा और लड़ाई पूरी तरह से और स्थाई रूप से समाप्त हो जाएगी। व्हाइट हाउस ने यह भी कहा कि व्यापक शांति योजना की दिशा में आगे बढ़ने के उद्देश्य से वार्ता तुरंत शुरू होगी। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यूक्रेन इस चरणबद्ध युद्ध विराम की योजना पर सहमत है या नहीं। वहीं, रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने कहा कि बातचीत के दौरान पुतिन ने संघर्ष विराम की निगरानी करने और यूक्रेन की ओर से अधिक सैनिकों को जुटाने और खुद को फिर से हथियारबंद करने के लिए इसका इस्तेमाल करने से रोकने के बारे में भी अहम बिंदु उठाए। क्रेमलिन के अनुसार, पुतिन ने ट्रम्प से यूक्रेन को विदेशी सैन्य और खुफिया सहायता बंद करने का भी आह्वान किया है। अमेरिका ने पहले रूस और यूक्रेन के बीच 30 दिनों के लिए संपूर्ण युद्ध विराम का प्रस्ताव दिया था। इस पर यूक्रेन पिछले हफ्ते ही अपनी सहमति जता दी थी, लेकिन पुतिन के साथ बातचीत के बाद क्रेमलिन और व्हाइट हाउस की तरफ से सिर्फ ऊर्जा संयंत्रों और बुनियादी ढाचें पर हमला रोकने की बात कही गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा से अमेरिका को फायदा है। अमेरिका यूक्रेन के साथ खनिजों उत्खनन पर समझौते के लिए बातचीत कर रहा है। खनिज के प्रसंस्करण के लिए अमेरिका को बिजली की जरूरत होगी। इसलिए उसकी सबसे बड़ी चिंता यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों को लेकर है। रूस ने फरवरी 2022 में अपने आक्रमण के बाद से यूक्रेन के ऊर्जा ग्रिड को बार-बार नुकसान पहुंचाया है। इससे यूक्रेन की बिजली आपूर्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। इसके जवाब में यूक्रेन ने भी रूसी तेल रिफाइनरियों पर जबर्दस्त हवाई हमले किए हैं। क्रेमलिन ने बताया कि दोनों नेताओं ने कैदियों की अदला-बदली और समुद्री सुरक्षा के बारे में बात की।




जॉब अलर्ट
NOW HIRING : YOUR FUTURE AWAITS...

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर
www.shahtimesnews.com

**आवश्यकता है।**
पद : एकाउन्टेंट
स्थान : मुजफ्फरनगर
नौकरी का प्रकार : पूर्ण कालिक
नौकरी का विवरण: एक कुशल एवं अनुभवी एकाउन्टेंट की आवश्यकता है जिसे जी0एस0टी0 का पूर्ण ज्ञान हो, तथा कम से कम दो वर्षों का अनुभव हो।
योग्यता : कॉमर्स क्षेत्र में स्नातक की डिग्री
कैसे आवेदन करें:
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
शाह आलम : 80772 43100
Email:- shahtimes0105@gmail.com

**आवश्यकता है।**
पद : कम्प्यूटर ऑपरेटर/सब-एडिटर
स्थान : मुजफ्फरनगर
नौकरी का प्रकार : पूर्ण कालिक
नौकरी का विवरण: एक कुशल एवं अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर/ सब-एडिटर की आवश्यकता है जिसे कम्प्यूटर का पूर्ण ज्ञान हो, तथा कम से कम दो वर्षों का अनुभव हो।
योग्यता : कम्प्यूटर में डिप्लोमा / डिग्री
कैसे आवेदन करें:
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
मौ0 आसिफ : 9837515048
Email:- shahtimes0105@gmail.com

**आवश्यकता है।**
पद : महिला रसोइया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
नौकरी का विवरण: हम एक कुशल और स्वच्छ महिला रसोइया की तलाश कर रहे हैं, जो विभिन्न प्रकार के व्यंजन, जैसे मुगलाई, कॉन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन डिशेज तैयार कर सके। आदर्श उम्मीदवार को खाना बनाने का जुनून होना चाहिए और एक साफ-सुथरे और व्यवस्थित रसोईघर को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।
प्रमुख जिम्मेदारियाँ:
- मुगलाई, कश्वन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन व्यंजनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न डिशेज तैयार करना।
- स्वच्छता मानकों के अनुसार खाद्य पदार्थों की तैयारी।
- रसोई को साफ और अच्छी तरह से बनाए रखना।
- दैनिक खाना पकाने के लिए मेनू की योजना बनाना।
- खाना पकाने के समय का प्रबंधन करना।
योग्यताएँ:
- रसोइया के रूप में सिद्ध अनुभव, विशेष रूप से मुगलाई और कॉन्टिनेंटल व्यंजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए।
- खाद्य स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का मजबूत ज्ञान।
- स्वतंत्र रूप से और कुशलता से काम करने की क्षमता।
कार्य समय:
- समय: सुबह 9:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक

सहायक प्रबंधक : प्रिंट मीडिया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
नौकरी का विवरण: सहायक प्रबंधक के रूप में, आप प्रबंधन टीम का समर्थन करेंगे और क्षेत्रीय संचालन की देखरेख करेंगे।
प्रमुख जिम्मेदारियाँ:
- क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ दैनिक गतिविधियों में सहायता करना।
- स्टाफ की देखरेख और मार्गदर्शन करना, सकारात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा देना।
- टीम के प्रदर्शन की निगरानी करना और सुधार के लिए रणनीतियाँ लागू करना।
योग्यताएँ:
- व्यवसाय प्रबंधन या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री।
- प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 2 साल का अनुभव।

पद : मार्केटिंग एजेंट
स्थान : दिल्ली
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
नौकरी का विवरण:
मार्केटिंग एजेंट के रूप में, आप हमारे उत्पादों और सेवाओं का प्रचार करेंगे, ग्राहक संबंध बनाएंगे, और बिक्री वृद्धि को बढ़ावा देंगे।
प्रमुख जिम्मेदारियाँ :
- बाजार अनुसंधान करना और संभावित ग्राहकों की पहचान करना।
- ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध स्थापित और बनाए रखना।
- मार्केटिंग अभियानों के विकास और निष्पादन में सहायता करना।
योग्यताएँ:
- मार्केटिंग या व्यवसाय में स्नातक की डिग्री।
- बिक्री या मार्केटिंग में पूर्व अनुभव वांछनीय है।
कैसे आवेदन करें:
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
शाह आलम : 80772 43100
Email:- shahtimes0105@gmail.com

कोई तो बात है, जूम इंस्टीट्यूट में
"जो लोगो को व्यक्तिगत ही नहीं, पारिवारिक विश्वास है
ये उन बच्चों के नाम और पते है जिनके परिवार के दो भाई/बहन जूम इंस्टीट्यूट पर पढ़े है और उनके द्वारा किये गये सतत् विश्वास की वजह से ये दोनों ही कम्पीटीशन में चयनित हुए है। पिछले 20 वर्षों का विश्वास अब व्यक्तिगत ही नहीं, पारिवारिक हो चुका है।
2014 Md. Arshad KGMC, Lucknow — 2023 Md. Shahzaib Govt. Med. Coll. Saharanpur — S/o Mr. Mohd Shahnawaz 122, Laddhawala ,MZN.
2013 Sana Praveen KGMC, Lucknow — 2015 Sonam Praveen BDS, Jamia, (N.D.) — D/o Dr. Mehboob Hasan 407, South Khalapar, MZN
9th-12th CBSE/UP Board, (सारे विषय एक जगह पर) NEET-PMT/JEE-IIT/CUET नये बैच प्रारम्भ क्रैश कोर्स
2015 Izhar Azeem LLRM Mrt. S/O DR.SHAHID AHMED MOH. CHODHRAN,AZAD RD,THANABHAWAN,MZN — 2016 Amjad Med. Coll. SRE S/O MD. ISLAM AHMED
2010 Huma Jahan LLRM, Meerut Moh. Devidas, Madrsa Faizal Kuran, Khatauli — 2023 Shobi Khan Govt. Med. Coll. Ghazipur — 2024 Mohd. Kaif Govt. Med. Coll. Deoria — D/o & S/o Mr. Sadik Khan Shahpur, MZN
2015 Aleena Rehman Kannauj Med.Col. — 2015 Nida Rehman GSVM. Kanpur — D/O DR. G. REHMAN DISTT. HOSPITAL CAMPUS, SRE
Best Institute In Your City Since 2004
Separate Batches for UP/CBSE Board Students
Hostel Facility for Outside Students
150, शिवपुरी, उत्तरी भोपा रोड मु0नगर, 9368787704, 9837935900

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499